सुप्रभात
रांची, बुधवार
19.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081    मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 335



12 अक्षय कुमार की फिल्म *सरफिरा* का ट्रेलर जारी

**न्यूज डायरी**

### सीएम के नेतृत्व में आज झारखंड कैबिनेट की बैठक

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में राज्य की जनता को एक साथ कई तोहफे मिलने की उम्मीद है। बैठक में कृषि, उर्जा, महिला, बाल विकास सहित सड़क निर्माण की योजनाओं को मंजूरी मिलेगी। किसानों का दो लाख रुपये तक ऋण माफ हो सकता है। इसका प्रस्ताव तैयार हो रहा है। 125 यूनिट के बजाए 200 यूनिट तक का बिजली बिल माफ हो सकता है। साथ ही महिलाओं को भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है।

### पाकुड़ का गोपीनाथपुर गांव पुलिस छावनी बनी

**पाकुड़।** गोपीनाथपुर गांव में प्रतिबंधित पशु काटने के बाद उपजे विवाद को पुलिस शांत कराने में जुटी है। झारखंड और पश्चिम बंगाल की पुलिस इस पर संयुक्त रूप से काम कर रही है। पाकुड़ एसपी मौके पर तैनात हैं। स्थिति काबू में है।




समीक्षा बैठक में बोले सीएम **झारखंड में पर्यटन की असीम संभावना**

# रजरप्पा को विश्वस्तरीय स्थल बनायेंगे

- पहाड़ी मंदिर, लुगुबुरु व मरांगबुरु का विकास कार्य शुरू करें
- हर हाल में खेलगांव का हो मेंटेनेंस सुनिश्चत करें
- चिह्नित सभी पर्यटन स्थल को विकसित करना है
- सरना धर्म स्थलों को भी विकसित करें।



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड के पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों को विश्व के मानचित्र पर लाने के लिये हमें क्या कार्य करने की जरूरत है, इस पर एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए हमें आगे बढ़ना होगा। झारखंड में पर्यटन की असीम संभावना है। सीएम ने कहा कि रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर को एक बेहतरीन धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को ले कर जल्द से जल्द डीपीआर तैयार। सरकार इसे विश्वस्तरीय धार्मिक धार्मिक स्थल बनाने को प्रतिबद्ध है। इसे करें तथा रजरप्पा में क्या नया किया जा सकता है उस पर भी पदाधिकारी कार्य योजना बनायें। सीएम ने कहा कि सरना धर्मस्थल समेत विभाग द्वारा चिन्हित वैसे सभी पर्यटन स्थल जिसे विकसित किया जाना है, उस पर प्रतिबद्धता से काम हो। सीएम मंगलवार को पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

**पहड़ी मंदिर का संपूर्ण विकास जरूरी :** सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पहाड़ी मंदिर परिसर रांची का सम्पूर्ण विकास जरूरी है। पहाड़ी मंदिर आस्था और विश्वास का एक बड़ा धर्मस्थल है। राज्य सरकार द्वारा पहाड़ी मंदिर में रोप-वे बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसके लिए फीजिबिलिटी वेरीफिकेशन भी हुई थी। पदाधिकारी फीजिबिलिटी रिपोर्ट जल्द मंगाकर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि झारखंड भ्रमण पर जो भी पर्यटक आते हैं वे यहां से एक बेहतर अनुभव लेकर लौटें। सीएम ने हुंडरू फॉल का रिनोवेशन, खेलगांव का मेंटेनेंस हर हाल में सुनिशिचत करें।

( पेज 2 भी देखें)

### राज्य की प्राकृतिक सौंदर्यता बेमिशाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में धार्मिक, आध्यात्मिक सहित विभिन्न पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। झारखंड की प्राकृतिक सौन्दर्यता बेमिशाल है। झारखंड वासियों का यह सौभाग्य है कि यहां विभिन्न समुदायों के कई अहम धार्मिक स्थल तथा अलग अलग कला संस्कृति का एक अनोखा मिश्रण पाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आदिवासी धर्मावलंबियों के आस्था एवं विश्वास का धर्मस्थल लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द विकसित किया जाये। पर्यटन विभाग के पदाधिकारी जल्द से जल्द इस निमित्त एक बेहतर डीपीआर तैयार कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें।

कल्पना ने फूंका चुनावी बिगुल, कहा

# राज्य का विकास करने में झामुमो ही सक्षम



### चुनावी शंखनाद करने ही हुसैनाबाद आयी हूं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर बिगुल फूंक दिया है। पलामू के हुसैनाबाद में आयोजित पार्टी के मिलन समारोह में उन्होंने कहा कि मैं यहां से आगामी चुनाव का शंखनाद करने आयी हूं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झामुमो ही झारखंड को विकास के पथ पर ले जा सकता है। यहां टाउन हॉल में आयोजित मिलन समारोह में यजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी मौजूद थे। समारोह में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ झामुमो का हाथ थामा। कार्यक्रम में कल्पना का जोरदार स्वागत किया गया।

**पार्टी के विकास कार्यो से लोग प्रभावित :** कल्पना सोरेन ने समारोह में कहा कि झामुमो के विचार एवं राज्यहित में किये जा रहे विकास कार्य को देखकर लोग प्रभावित हो रहे हैं। इसी का परिणाम है कि यहां के लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक मात्र झामूमो ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो राज्य को विकास के पथ पर ले जा सकती है। हेमंत सोरेन के कार्यकाल में विकास तीव्र गति से हो रही थी जिसे देखकर भाजपा डर गयी। भाजपावालों ने षडयंत्र रचा और हेमंत सोरेन को फंसाकर जेल में डाल दिया। राज्य की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका करारा जवाब दिया है।

### विधानसभा चुनाव भी एकजुट हो कर लड़ेंगे

कल्पना सोरेन ने कहा कि आनेवाला विधानसभा चुनाव में लोकसभा की तरह की विधानसभा चुनाव भी इंडिया गठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़ा जायेगा। राज्य की जनता ने लोकसभा चुनाव में जिस तरह भाजपा को नकारा, उसी तरह विधानसभा चुनाव में भाजपा को सुपड़ा साफ करने के लिए राज्य की जनता आतुर है। इस मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के आदिवासी समाज ने लोकसभा में पांचो आदिवासी सीट इंडिया गठबंधन को दिया। इससे यह साबित होता है कि झारखंड का आदिवासी समाज भाजपा को पसंद नहीं कर रहा।

## केंद्र सरकार किसानों के उत्थान को प्रतिबद्ध : मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम पद की शपथ लेने के बाद मोदी मंगलवार को पहली बार वाराणसी पहुंचे। उन्होंने यहां एक समारोह के दौरान किसान सम्मेलन में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त जारी की। पीएम मोदी ने एक बटन दबाकर डॉयरेक्ट ट्रांसफर के जरिये 9 करोड़ किसानों के खाते में 2-2 हजार किश्त डिजिटली ट्रांसफर की है। वाराणसी के समारोह में पीएम मोदी ने कहा, आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करते हुए पीएम मोदी ने कहा, उनकी सरकार किसानों की भलाई के लिए प्रतिबद्धत है। अपने किसान भाई-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। काशी की पवित्र भूमि से योजना की 17वीं किस्त जारी करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है। कार्यक्रम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

### नीट मामले में केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी

**नयी दिल्ली।** नीट यूजी परीक्षा में गड़बड़ी मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक बार फिर एनटीए और केंद्र को नोटिस किया। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी की ओर से भी इस मामले में 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही है तो उसकी पूरी जांच होनी चाहिए। मामले का निपटारा होना चाहिए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सीबीआइ जांच कराने की याचिका पर सुनवाई करते हुए भी दोनों को नोटिस जारी किया था। मामले से संबद्ध सभी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई होगी। (पेज 12 भी देखें)

### संसद सत्र 24 से, दोनों पक्षों ने बनायी रणनीति

**नयी दिल्ली।** संसद का सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। पहले दिन 24 को 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित संसद सदस्यों को शपथ दिलायी जायेगी। सदन के अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगी। पीएम मोदी 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद में मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय देंगे। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आक्रामक विपक्ष द्वारा एनडीए सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश की जा सकती है। सदन में हंगामे के आसार है।

**एनडीए की बैठक में रणनीति :** विपक्ष के हंगामे और सवालों के जवाब देने की रणनीति बनाने को ले कर मंगलवार को मोदी सरकार के मंत्री समूह की बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई। बैठक में मनोहर लाल, धर्मेंद्र प्रधान, डॉ एस जयशंकर, चिराग मौजूद थे।

**गठबंधन भी घेरने को तैयार :** गठबंधन के नेताओं ने सत्र में मोदी सरकार को कई मुद्दों में घेरने की तैयारी कर ली है। विपक्ष ने नीट परीक्षा 2024 में कथित रूप से धांधली और भ्रष्टाचार को लेकर भारी हंगामे की तैयारी की है।

# जय झारखंड, जोहार झारखंड से गूंजा हुसैनाबाद टाउन हॉल



## जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह टाऊन हॉल में अपने हजारों समर्थकों के साथ झामुमो का थामा दामन

***अलोक सिंह जिंदाबाद के गूजते रहे नारे***





**हुसैनाबाद**, पलामू झामुमों के मिलन समारोह में उमड़ी भीड़ कार्यक्रम स्थल छोटा पड़ा, मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमण्डल के टाउन हॉल में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी व गांडेय से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरोन मुर्मू एवं राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री मिथिलेश ठाकुर हेलीकॉप्टर से हुसैनाबाद पंहुचे,जहाँ शहर के टाउन हॉल में जीप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंग समेत, भाजपा राजद, एनसीपी, बीएसपी के कई बड़े नेता झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सिद्धांतों को अपनाते हुए पार्टी की सदस्यता लिया, आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू अपने हजारों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया, मौके पर झारखण्ड की आयरन लेडी कही जाने वाली नेत्री व गांडेय विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन मुर्मू व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह को झामुमों का तीर धनुष निशान की अंगवस्त्र देकर पार्टी की सदस्यता करवाई। वही इस कार्यक्रम का अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने किया संचालन जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी ने किया, कार्यक्रम हॉल में अपने नेता कल्पना सोरोन व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के घुसते ही जय झारखण्ड ,जोहार झारखण्ड की जय घोष किया गया, श्रीमति कल्पना ने लोगो को हाथ जोड़ कर व हाथ हिलाकर झारखण्डी जोहार किया जिसके बाद पूरे हॉल में जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा की आवाज बुलंद किया।



## किसने क्या कहा

**आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि** हुसैनाबाद की जनता का बहुत बहुत शुक्रगुजार हूं क्योंकि मेरे एक हुंकार भरने मात्र में इस तपती धूप व प्रचण्ड गर्मी में मेरे अभिभावक तुल्य जनता व भारी संख्या में माताएं आपने बेटा को आशीर्वाद देने इस टाउन हॉल में पंहुचे हैं आगे उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की जनता हमसे बेहद प्यार करती हैं हम जानते हैं समस्याओं को अम्बार हुसैनाबाद विधानसभा स्तर पर है जिसके लिए लम्बी लड़ाई लड़ने की जरूरत अभी तो मैं राजनीति में केवल पैर को रखा हूं बहुत लोगो के दिल मे हलचल मचने लगा है आगे जब जनता की बड़ी लड़ाई होगी तो सब पस्त हो जाएंगे,उन्होंने झामुमो को राज्य हित व माटी की पार्टी बताया उन्होंने कहा राज्य की दशा व दिशा राज्य की आंदोलन की बुनियाद पर बनी पार्टी ही कर सकती,भाजपा कॉरपोरेट व टूट खसोट की समूह वाली राजनीतिक पार्टी हैं।

मिथिलेश ठाकुर ने कहा भाजपा झारखण्ड व झारखंडियों की अस्मिता को खत्म कर देना चाहती हैं राज्य स्थापना के बाद पहली बार राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व मजबूत सरकार बनी जिसके बाद राज्य हित मे दर्जनो बड़ा निर्णय लिया गया जिससे बीजेपी की राजनीतिक जमीन खिसक गई थी,भाजपा घबरा कर हमारे नेता को साजिस के तहत जेल भेजने का काम किया हैं। हम लोगों ने जनहित से जुड़े सारे कार्य किये। झारखंड के लोगों को लाभ देने का कार्य किया। हम लोगों ने सभी जनहित से जुड़े योजनाओं को धरातल पर उतारा। हम लोगों की सरकार ने राज्य में लोगों को राशन, धोती-साड़ी योजना, मुफ्त बिजली योजना, सावित्री फुले बाई योजना सहित अनगिनत योजनाएं देकर लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य कर रही है।उन्होंने आगे कहा कि आप सभी से अपील है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशियों को जिताकर राज्य की हित करें क्योंकि राज्य में अगर भाजपा की सरकार आएगी तो जनहित से जुड़े हुए सारे योजनाओं को बंद कर सकती है।



**राजद के प्रदेश महासचिव जाकिर अली उर्फ राज अली बने कार्यक्रम के चाणक्य।**



### झामुमो जिला व कमिटी के नेता गन

इस मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, झामुमो के वरीय नेता अविनाश देव, जिला सचिव शन्नू सिद्दीकी, जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह, मुन्ना सिंह, मनोज गुप्ता, अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, वीरेंद्र पासवान, चंदन सिंह, शमी शुक्ला, झामुमो की जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, वशिष्ठ कुमार सिंह, नेहाल असगर राजेश सिंह, सुरेंद्र साहनी,अशोक कुमार सिंह, मिंटू सिंह,रामप्रवेश सिंह सहित सहित दर्जनों मंच पर उपस्थित थे।



### कितने दल के कौन कौन लोग शामिल हुए झामुमों में

**विभिन्न राजनीतिक दल के कुल 750 लोगों ने झामुमों का दामन थामा**

राजद से- प्रदेश महासचिव जाकिर अली उर्फ राज अली,पूर्व जिला परिषद प्रत्यासी एवं राजद नेता अनिल चन्द्रवंशी एनसीपी से सुनील कुमार सिंह,वहाब साहब अल्पसंख्यक मोर्चा प्रकोष्ठ हुसैनाबाद जफर हवारी पूर्व पंचायत समिति सदस्य हैदरनगर,राजी अहमद उर्फ राजू खान एनसीपी नेता हैदरनगर, भरदुल पासवान मोहम्मद गंज बसपा से अनिल राम वार्ड सदस्य एवं भाजपा समेत कुल 750 लोग शामिल हुए झामुमो में।

### कल्पना सोरेन ने बीजेपी पर साधा निशाना

जेएमएम की नेता कल्पना सोरेन ने आरोप लगाते हुए कहा कि "बीजेपी को झारखंड पसंद नहीं है और व प्रदेश के लोगों को नापसंद करती है. उन्हें यह पसंद नहीं है कि झारखंड के लोग आत्म सम्मान के साथ उनसे आंख में आंख मिलाकर बात करें.." उन्होंने दावा किया कि उन्हें यह पसंद नहीं है कि झारखंड से कोई भी छात्र पढ़ाई के लिए विदेश जाए. कल्पना सोरेने ने लोगों से झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को मजबूत बनाने के लिये आगामी विधानसभा चुनाव में लोगों से इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का आग्रह किया ताकि झारखंड उसी तरह प्रगति कर सके जिस तरह से वह अभी बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से हांथ उठवा कर कर कहा कि आप लोग वादा कीजिए कि झारखण्ड लड़ाई में आप लोग मेरे साथ पीछे से भिड़ ने जोर जोर से चिल्लाया की कल्पना आप संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है,वे बोलते बोलते भावुक हो गयी कि मेरे पति और झारखंड के बेटा को जानबूझ कर जेल भेजा गया हैं क्योंकि की कुछ लोग नही चाहते कि राज्य के आदिवासी आगे बढे लेकिन बीजेपी कभी कल्पना नही कि होगी कि कल्पना सोरेन परिवार इतना भारी पड़ेगा राज्य की जनता ने बीजेपी को नकार दिया है उन्होंने आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह को आगे कर झामुमो की लड़ाई में लोगों से सहयोग मांगी और लोगो को ललकारा कि आप सब युवा के साथ देंगे निश्चित रूप से जैसे हमलोगों ने अंग्रेजों को खदेड़ा था उसी तरह भाजपा को भी यहां की धरती खदेड़ देगी। (मीडिया मर्केटिंग)

# हुंडरू फॉल का रिनोवेशन तथा गेस्ट हाउस निर्माण कार्य तेज करें : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हुंडरू फॉल का रिनोवेशन तथा वहां के गेस्ट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चिन्हित वैसे सभी पर्यटन स्थल जिसे विकसित किया जाना है। राज्य के सरना धर्म स्थलों को भी प्रतिबद्धता के साथ विकसित करें। मंगलवार को सीएम श्री सोरेन पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग की समीक्षा की बैठक में बोल रहे थे। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन तथा रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाएं। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य में अभी तक 27 हजार 248 सिदो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन हो चुका है। लगभग 11 हजार से अधिक क्लबों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। अब को-ऑपरेटिव के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कार्य किया जायेगा।

**खेलगांव का रखरखाव करें :** सीएम ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची स्थित खेलगांव का मेंटेनेंस हर हाल में सुनिशिचत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उद्देश्य से खेलगांव का निर्माण किया गया था, उस उद्देश्य को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पर्यटन कला संस्कृति विभाग के सचिव मनोज कुमार, सीएम के सचिव अरवा राजकमल, खेल निदेशक सुशांत गौरव, पर्यटन निदेशक अंजलि यादव आदि उपस्थित थे।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
Fuelling Sustainable Growth

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं ।

कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

शुद्धि-पत्र

पत्रांक-351 लातेहार, दिनांक-13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID /Latehar/F2-27/2023-24 जिसका PR No. 325933 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:-

(1) e-निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 11.07.2024 अपराह्न 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 326688 Water Resource(24-25)#D

कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

शुद्धि-पत्र

पत्रांक-349 लातेहार, दिनांक-13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/ Latehar/ F2-25/2023-24 जिसका PR No. 325931 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:-

(1) e-निविदा खुलने की तिथि एवं समय –11.07.2024 अपराह्न 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO. 326683 Water Resource(24-25):D

कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

शुद्धि-पत्र

पत्रांक-345 लातेहार, दिनांक-13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/ Latehar/F2-21/2023-24 जिसका PR No. 325940 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:-

(1) e-निविदा खुलने की तिथि एवं समय-11.07.2024 अपराह्न 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 326677 Water Resource(24-25).D

कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़
Email-ID-eemidramgarh24408@gmail.com

पत्रांकः-/रामगढ़, दिनांक-

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय का पत्रांक 560 दिनांक 10.06.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्याWRD/MID/RAMGARH F2 - 16/2023-24, Date :- 10/06/2024को विभिन्न सामाचर पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसका पी०आर० नम्बर-325899Minor Irrigation (2024-25)D वर्ष 2023-24 है। जिसे निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता है:-

| क्रमांक | निविदा सूचना संख्या | योजना का नाम | संशोधित निविदा आमंत्रण संख्या एवं ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | Construction of Check Dam on Karma Nala, Block-Bishnugarh, District-Hazaribagh | WRD/MID/RAMGARH F2 - 02/2024-25, Date :- 10.06.2024 Uploading Date:- 19.06.2024 |

नोट-निविदा की शेष सभी शर्तें एवं नियम यथावत लागू रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,रामगढ़।

PR 326802 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़
Email-ID-eemidramgarh24408@gmail.com

पत्रांक :-/रामगढ़, दिनांक-

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय का पत्रांक-559 दिनांक10.06.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/RAMGARH F2 - 15/2023-24, Date :- 10/06/2024 को विभिन्न सामाचर पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसका पी०आर० नम्बर-325895Minor Irrigation (2024-25)D वर्ष 2023-24 है। जिसे निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता है:-

| क्रमांक | निविदा सूचना संख्या | योजना का नाम | संशोधित निविदा आमंत्रण संख्या एवं ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 01 | Construction of Check Dam on Kajri Nala, Block-Churchu, District-Hazaribagh | WRD/MID/RAMGARH F2 - 01/2024-25, Date :- 10.06.2024 Uploading Date:- 19.06.2024 |

नोट-निविदा की शेष सभी शर्तें एवं नियम यथावत लागू रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,रामगढ़

PR 326798 Minor Irrigation (24-25)#D


## प. सिंहभूम में मारे गए नक्सलियों की संख्या हुई पांच, दो जिंदा धराये, हथियार व नक्सली सामग्री जब्त

# 93 नक्सली मामलों का आरोपी था कांडे होनहागा, विध्वंसक कांड करने वाला था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पश्चिम सिंहभूम के गुवा में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़कर अब पांच हो गयी है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इलाके में चलाये गए सर्च ऑपरेशन में घटना स्थल से एक और महिला नक्सली का शव बरामद किया। बरामद शव की पहचान सपनी हांसदा के रूप में की गयी। गौरतलब हो कि पिछले कई महीनों से कोल्हान और सारंडा के जंगल में बड़े माओवादी नेता की तलाश में सुरक्षाबल के जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं लेकिन सोमवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने कई इनामी बड़े माओवादी नेता को मार गिराया। यही नहीं मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने हथियार और नक्सलियों का कई सामान भी जब्त कर लिया है। एसपी ने बताया कि नक्सली संगठन माओवादी नेता अजय महतो और कांडे होनहागा के गुआ थाना एवं जेटेया थाना के सीमावर्ती क्षेत्र लिपुंगा, कुलासाई, झीरझोर व राईका के आस-पास जंगली क्षेत्र में सक्रिय होने की सूचना मिली थी। ये नक्सली किसी बड़े विध्वंसक कांड को अंजाम देने की फिराक में थे।

**ये हुआ बरामद :** सुरक्षाबलों ने घटना स्थल से माओवादियों का दो एसएलआर राइफल, एक इंसास राइफल, एक 3 नट 3 राइफल, दो बोल्ट एक्शन राइफल, एक 9 एमएम पिस्टल, 13 डेटोनेटर, नक्सली साहित्य, 18 लोगों की ठहरने की सामग्री, जीवनरक्षक दवाईयाँ, सहित अन्य दैनिक उपयोग के सामान मौके से मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन में बरामद किया गया।

बतौर पुलिस मारे गए माओवादी जोनल कमिटी सदस्य कांडे होनहागा पर 93 नक्सली हिंसक वारदात के मामले दर्ज हैं। वहीं भाकपा माओवादी सबजोनल कमिटी सदस्य सिंहराय उर्फ मनोज कुंजम पर जिले के विभिन्न थानों में 19 नक्सली हिंसक वारदात के मामले दर्ज हैं। इसके अलावे माओवादी एरिया कमांडर टाईगर उर्फ पाण्डू हांसदा पर छोटानागरा थाना में तीन मामले दर्ज हैं।

## पांच नक्सलियों को ढेर करने वाले जवान हुए सम्मानित

**रांची/चाईबासा।** चाईबासा मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को ढेर करने और दो नक्सलियों को गिरफ्तार करने वाली टीम को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सम्मानित किया। इस मौके पर डीजीपी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा थाना और जेटेया थाना क्षेत्र के लिपुंगा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सोमवार को हुई



मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर हो गए थे। इस दौरान दो नक्सली गिरफ्तार भी किए गए थे। डीजीपी ने कहा कि पशिचमी सिंहभूम जिला पूरे झारखंड का सबसे बड़ा जिला है। इसके साथ ही सबसे बड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी है। ऐसे में इस तरह की उपलब्धि राज्य के लिए गौरव की बात है कि सुरक्षा बलों ने अपने दो वर्षों के ऑपरेशन के दौरान इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मौके आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, सीआरपीएफ के डीआईजी एसके लिंडा, जोनल आईजी अखिलेश झा, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाठकर, जगुआर डीआइजी इंद्रजीत महथा आदि पदाधिकारी थे।

## विस चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक दिल्ली में 24 जून को

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए 24 जून को प्रदेश कांग्रेस की बैठक दिल्ली में आहूत की गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि झारखंड में चार माह के बाद विधानसभा का चुनाव है और राहुल गांधी का झारखंड से विशेष लगाव रहा है। झारखंड में होने वाले चुनाव पर उनका ध्यान है। झारखंड लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से उन्हें विश्वास है कि झारखंड में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। श्री शांति ने कहा है कि 24 जून को होने वाली बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में होगी। बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित रहेंगे।

## बिहार और यूपी के गुंडों से मूलवासियों को पिटवा रहे हैं निशिकांत दूबे: सुप्रियो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो ने भाजपा में जारी उठा-पठक, मारपीट और गाली-गलौज पर तीखा प्रहार किया है। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार से आकर लगातार चौथी बार निशिकांत जी जीतते आए हैं और यहां के मूलवासियों को पीटने का काम कर रहे हैं। भागलपुर और यूपी से गुंडे आ रहे हैं, यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह उनके दलित विधायक नारायण दास ने कहा है।

**भाजपा को मिला रक्षा मंत्रालय, भाजपा-नेताओं को है रक्षा की जरूरत :** भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा की जहां-जहां समीक्षा बैठक हो रही है, वहां इस प्रकार की स्थिति पैदा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जो बातें दुमका और देवघर बैठक की आयी है, उसने वीभत्स रूप लिया है।



**हेमंत विश्वा सरमा की भाषा भी उन्माद वाला होगा :** भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा में जो चल रहा है, सीधा असर केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय पर भी दिखा। जिस प्रकार से असम के मुख्यमंत्री को यहां का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उनकी भी भाषा आपलोग देखें तो उन्माद ही नजर आता है। यही हाल भाजपा के कार्यकर्ताओं की है। अपने ही नेताओं को गाली-गलौज करना, मारपीट करना, जो यहां से पदाधिकारी जाते हैं, उनके साथ धक्का-मुक्की करना, यह एक विचित्र स्थिति बन गयी है।

## 27 जून को कोलकाता में कोल इंडिया के एपेक्स जेसीसी की बैठक

**रांची।** कोल इंडिया एपेक्स जेसीसी की बैठक 27 जून को कोलकाता में होगी। इसके संभावित एजेंडे की जानकारी कमेटी के सदस्यों को दे दी गई है। हालांकि इसमें इंटक के प्रतिनिधि को फिर जगह नहीं मिली है। इसकी जानकारी महाप्रबंधक (पीएंडआईआर) गौतम बनर्जी ने दी है। इसमें कहा गया है कि बैठक 11 बजे से कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में होगी। बैठक में बीएमएस के के लक्ष्मणा रेड्डी, एचएमएस के नाथूलाल पांडेय, एटक के रमेंद्र कुमार, सीटू के डीडी रामानंदन, सीएमओएआई के सर्वेश सिंह शामिल होंगे।

बैठक में उत्पादन, उत्पादका, प्रेषण, गुणवत्ता में सुधार पर चर्चा होगी। इसके अलावा माइंस की क्षमता, उपकरण और मानव संसाधन के अधिकतम उपयोग पर विमर्श किया जाएगा। लागत, लाभ आदि विषय पर भी चर्चा होगी।

## भाजपा नेत्री सीता सोरेन के लिए हमदर्दी का सिर्फ नाटक कर रहा झामुमो : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि आज यह लोग सीता सोरेन के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस समय सीता सोरेन ने परिवार पर उनकी और उनकी बेटियों की उपेक्षा का आरोप लगाया था, तो झामुमो चुप रहा। सीता सोरेन ने आंदोलनकारी पति स्व दुर्गा सोरेन की मौत को संदेहास्पद बताते हुये इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी, उस वक्त झामुमो को सांप सूंघ गया था। उन्होंने कहा कि जब सत्ताधारी गठबंधन के प्रथम परिवार के भीतर मां समान बड़ी बहू की अपेक्षा की गई हो तो इन से आम लोगों के लिए न्याय की उम्मीद की बात सोचना भी बेमानी है। वैसे अगर झामुमो आरोपों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करती है तो उसे अपने ही गठबंधन के विधायक लोबिन हेंब्रम, चमरा लिंडा, अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह के द्वारा अलग-अलग समय पर सरकार पर लगाये गये गंभीर आरोपों का भी जवाब देना चाहिये। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद सत्ताधारी गठबंधन बदहवास हो गया है। इन्हें पता है कि अगले चुनाव में इनका सुपड़ा साफ होने वाला है। इसलिये यह अनर्गल बयान बाजी पर उतर आये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की समीक्षा बैठक पूरे प्रदेश में चल रही है। अधिकांश जगहों पर कार्यकर्ता सुचारू रूप से फीडबैक दे रहे हैं। सिर्फ देवघर में कुछ बाहरी तत्वों के द्वारा हंगामा करने की सूचना आई थी। यह पूरा मुद्दा प्रदेश नेतृत्व के संज्ञान में है।

## एचडीएफसी की कंट्री हेड आज रांची में बैंकिंग और उद्योग पर करेंगी चर्चा

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में आज एचडीएफसी की कंट्री हेड स्मिता भगत का स्वागत किया जायेगा। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि कंट्री हेड स्मिता भगत, एचडीएफसी बैंक की विश्व स्तरीय उत्पादों और सेवाओं को सरकारी निकायों और शैक्षिक से लेकर स्वास्थ्य सेवा, धार्मिक तक के बड़े संगठनों तक ले जाने के लिए जिम्मेदार हैं। पंचायतों, नगर पालिकाओं, सरकार और स्वायत्त निकायों में डिजिटल भुगतान जैसे समाधान लागू करने के लिए अनुकूल सेवाएं बनाना शामिल हैं।

# जयराम महतो ने ठोकी ताल, कहा- विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर उतारेंगे अपने उम्मीदवार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में छात्र राजनीति के जरिए खास पहचान बनाने वाले जयराम महतो ने आगामी विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। रांची के ऑक्सीजन पार्क में मंगलवार को मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रमुख जयराम महतो ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सवर्ण उम्मीदवार भी उतारे जाएंगे, जिसमें बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल होंगे।

जयराम महतो ने कहा कि गोड्डा लोकसभा क्षेत्र पर पार्टी का ध्यान है। इस बार प्रत्याशी नहीं मिल पाने की वजह से लोकसभा चुनाव में कोई प्रत्याशी नहीं दिया गया, मगर विधानसभा चुनाव में जरूर संथाल क्षेत्र में प्रत्याशी उतारे जायेंगे। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य की जनता से मिले समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का काम करेगी।

**छात्रों के लिए जारी रहेगा संघर्ष :** झारखंड के छात्रों के लिए संघर्ष जारी रखने की घोषणा करते हुए जयराम महतो ने कहा कि जिस तरह से राज्य में छात्रों के बीच हताशा और निराशा है, वैसे में हमारा संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। इसी मुद्दे पर चुनाव लड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान एनडीए और इंडिया गठबंधन द्वारा उन्हें चुनाव लड़ने का ऑफर दिया गया। फोन पर लंबी बातचीत हुई मगर हमने इससे इनकार कर दिया। उन्होंने कहा



कि आज गांव में 85 साल की बूढ़ी औरत अनाज के लिए तरस रही है। सभी ने ऐसे लोगों के साथ धोखा करने का काम किया है। मैं उनके साथ धोखा नहीं कर सकता। उन्होंने विधानसभा चुनाव में किसी दल के साथ गठबंधन होने से इनकार करते हुए कहा कि चुनाव बाद हम समर्थन करने पर विचार करेंगे। अमित महतो के द्वारा चुनाव में समर्थन दिए जाने पर खुशी जताते हुए जयराम ने कहा कि यदि वे पार्टी में शामिल होते हैं तो उनका स्वागत है।

जयराम महतो ने कहा कि जल्द ही चुनाव आयोग से रजिस्ट्रेशन और चुनाव चिन्ह मिलने की संभावना है। जिसके बाद विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक साल पहले बनी पार्टी को लोकसभा चुनाव में जनता का समर्थन प्राप्त हुआ उससे हम उत्साहित हैं। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में हम आगे रहे और मजबूती के साथ चुनाव लड़ने में सफल रहे। बाघमारा में बीजेपी विधायक ढुल्लू महतो का समर्थन मिलने से इनकार करते हुए जयराम ने कहा कि इस चुनाव में हमें सभी जातियों से समर्थन मिला है।

## जयराम की मुश्किलें बढ़ी, याचिका खारिज

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो की मुश्किलें बढ़ गई है। अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने मंगलवार को उसकी अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। साथ ही, लोकसभा चुनाव के दौरान पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक भी हट गई। इससे गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। जयराम महतो ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए चार मई को याचिका दाखिल की थी। उस पर नाजायज मजमा बना कर झारखंडियों आदिवासियों-मूलवासियों के भाषा संस्कृति, हक एवं अधिकार के लिए 1932 के खतियान लागू कराने के लिए विस घेरने और सरकारी में बाधा डालने के आरोप हैं। सरकारी पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों को गाली-गलौज करने का भी आरोप है। घटना को लेकर 21 मार्च 2022 को नगड़ी अंचल के तत्कालीन सीओ संतोष कुमार शुक्ल ने नगड़ी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विधानसभा घेरने के लिए पूर्व से इनलोगों ने इजाजत भी नहीं ली थी। जिसके कारण यातायात पूरी तरह से बाधित हो गई थी। इससे आम जनता को भारी परेशानी हुई, स्कूल बस, एंबुलेंस का रास्ता भी बाधित रहा।

## खबर एक नजर में

### अजीत पीटर डुंगडूंग बने देवघर एसपी

**रांची।** राज्य सरकार ने चार आईपीएस का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। सरकार ने आइपीएस अजीत पीटर डुंगडूंग को देवघर का एसपी बनाया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत राकेश रंजन को जैप वन का कमांडेंट बनाया गया है। आइजी दुमका अनेप्पू विजयालक्ष्मी को आइजी ट्रेनिंग के पद पर भेजा गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे क्रांति कुमार गड़देशी को दुमका का आइजी बनाया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### रांची दौरे के बाद संजय सेठ नई दिल्ली पहुंचे

**रांची।** चार दिवसीय दौरे के बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मंगलवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गये। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपने आवास पर आये कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि चार दिवसीय दौरे पर क्षेत्र के नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने जो स्नेह और प्यार दिया, यही उनकी पूंजी भी है। श्री सेठ ने कहा कि लोकसभा के विशेष सत्र में भाग लेकर 3 जुलाई के बाद पुन: अपने क्षेत्र में अपने लोगों के बीच आयेंगे।

### साहेबगंज में गंगा फेरी के टेंडर को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुनवाई

**रांची।** साहेबगंज जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी पर फेरी के लिए निकाले गए टेंडर को चुनौती देने वाली याचिका पर अब बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। मंगलवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच में इस मामले की आंशिक सुनवाई हुई। दरअसल साहेबगंज अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय के गवाह अंकुश राजहंस यादव ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि साहेबगंज जिला प्रशासन खनन माफिया के सिंडिकेट को लाभ देने के लिए जबरन नियमों को बदल रहा है। नियमों में जो बदलाव किए गए हैं, उससे किसी खास व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की तैयारी है।

### आधुनिक पावर के लिए जनसुनवाई 24 जून को

**रांची।** साल 2024 के लिए नयी बिजली दरों की निर्धारण प्रक्रिया विद्युत नियामक आयोग की ओर से शुरू कर दी गयी है। नियामक आयोग ने आधुनिक पावर प्लांट के लिए जनसुनवाई की तारीख की घोषणा की है। जनसुनवाई 24 जून को रांची में की जानी है। नियामक आयोग ने सूचना जारी कर बताया है कि कंपनी के साल 2020 से 2023 तक ट्रू अप के लिए आवेदन किया है। जन सुनवाई दिन के 11:30 बजे से बीएनआर चाणक्य में की जायेगी। कंपनी के आवेदन पर स्टेक होर्ल्डस और जनता की ओर से आपत्ति और सुझाव की मांग की गयी थी लेकिन कंपनी को किसी भी तरह की आपत्ति और सुझाव की प्राप्ति नहीं हुई, जिसके बाद अब जनसुनवाई की जायेगी।

### प्रतिबंधित मांस मामले में सख्त कारवाई हो : बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने मंगलवार को पाकुड़ जिलांतर्गत गोपीनाथपुर गांव में बकरीद पर पश्चिम बंगाल के एक समुदाय विशेष द्वारा प्रतिबंधित पशु काटने और हिंदुओं के घरों को घेरने को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। श्री बाउरी ने कहा कि यह एक तालिबानी मानसिकता है जिसे तुष्टिकरण के कारण राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने जिला प्रशासन से अविलंब मामले में एक्शन लेने और जान माल की रक्षा करने को कहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार की तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति का नतीजा है कि आज राज्य में हिंदू अपने घर में भी सुरक्षित नहीं है। यह शर्मनाक और चिंतनीय है।

### मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित और समर्पित है। उन्होंने कहा कि बनारस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में भेजा। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। श्री मरांडी ने कहा कि 17वीं किस्त के साथ देश के 9.25 करोड़ किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 3 लाख 24 हजार करोड़ रुपये भेजा जाना किसानों की कल्याणकारी योजनाओं का विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि झारखंड के भी लाखों किसान लगातार इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि गांव भारत की आत्मा है, किसान गांव की धड़कन हैं। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता हैं। भारत का अन्नदाता खुशहाल तो देश खुशहाल।

### मतदाताओं के प्रति आभार यात्रा के जरिए आभार प्रकट करेंगे सुदेश महतो

**रांची।** गिरिडीह संसदीय सीट से चंद्रप्रकाश चौधरी की जीत और लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता सुनि्ति करने वाले लोगों के बीच जाकर आभार यात्रा के माध्यम से पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो उनके प्रति आभार प्रकट करेंगे। बुधवार को आभार यात्रा की शुरूआत सुदेश महतो टुंडी विधानसभा अंतर्गत टुंडी पूर्वी के पांडुवा गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आभार सभा को संबोधित कर करेंगे। टुंडी एक समय में नक्सल प्रभावित क्षेत्र था। टुंडी के लोग नक्सलियों के भय में जीवन बिताने को मजबूर थे आज उन लोगों ने भारी संख्या में घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाया है। सभी ग्रामीणों के सहयोग, समर्थन और समर्पण के लिए सुदेश महतो उनके बीच जाकर आभार प्रकट करेंगे। आभार सभा को संबोधित करने के बाद राजगंज बाजार में दुर्गा मंदिर से थाना तक पदयात्रा कर जनता के प्रति आभार प्रकट करेंगे।

## खबर एक नजर में

### कमल भूषण हत्याकांड में जल्द फैसला

**रांची।** जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड मामले में ट्रायल फेस कर रहे चार आरोपियों का बयान दर्ज किया जायेगा। इसके लिए अदालत ने तीन जुलाई की तारीख निर्धारित की है। मालूम हो कि 30 मई 2022 को रातू रोड स्थित गैलेक्सी मॉल के पास कमल भूषण को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी। घटना को अंजाम देने के बाद मुख्य आरोपी डब्लू कुजूर और उनके बेटा राहुल कुजूर समेत 4 आरोपी कोलकाता होते दिल्ली भाग गया था।

### शेखर कुशवाहा से और तीन दिन होगी पूछताछ

**रांची। अदालत ने** जमीन घोटाला से जुड़े मामले में गिरफ्तार गाड़ीगांव निवासी जमीन कारोबारी शेखर महतो उर्फ शेखर कुशवाहा की ईडी रिमांड अवधि और तीन दिन बढ़ा दी है। इससे पूर्व मंगलवार को आरोपी की तीन दिन की ईडी रिमांड अवधि पूरी होने के बाद पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। साथ ही ईडी की ओर से और पांच दिन रिमांड बढ़ाने का आवेदन दिया गया। सुनवाई पश्चात अदालत ने तीन दिन की अनुमति प्रदान की।

### यौन शोषण के दोषी को 12 साल कैद की सजा

**रांची।** शादी का झांसा देकर प्रेमिका का यौन शोषण करने वाले प्रेमी आरोपी विनय कुमार पासवान को अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने दोषी पाकर 12 साल कैद की सजा सुनाई है। उस पर 26 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त एक साल जेल काटनी होगी। पीड़िता ने चुटिया थाना में 2019 में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### देह व्यापार के आरोपी को मिली जमानत

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने मंगलवार को सर्कुलर रोड स्थित बम्बो इंटरनेशनल स्पा सेंटर में देह व्यापार समेत अन्य आरोप में पकड़े गये आरोपियों की ओर से दाखिल पांच जमानत याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। अदालत ने जेल में बंद आरोपी राकेश रंजन, आर्यमान कुमार आजाद, रोहन, ऋषि बंका समेत पांच को जमानत दी। आरोपी स्पा सेंटर के ग्राहक थे, जबकि अदालत ने स्पा सेंटर के नाम पर जिस्मफरोशी कराने के आरोपी और स्पा के संचालक दिल्ली निवाड़ी गौरव अग्रवाल सहित स्पा के अन्य कर्मचारियों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

# सात जुलाई से शुरू हो रहा है जगन्नाथपुर रथ मेला, प्रशासन ने की तैयारी बैठक

**ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला के सफल आयोजन को लेकर जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के साथ है जिला प्रशासन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रशासकीय पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में बैठक हुई। इसमें आगामी 7 जुलाई से 17 जुलाई तक होने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के प्रभारी अध्यक्ष रनेंद्र कुमार, सचिव मिथलेश कुमार, उपाध्यक्ष अशोक नारसरिया, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, सदस्य सुहाश तेतरे, उपाधीक्षक हटिया प्रमोद कुमार मिश्रा, आवासीय दंडाधिकारी हटिया स्मृति कुमारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के प्रतिनिधियों के साथ बेहतर मेला आयोजन को लेकर प्रस्ताव पर उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कई निर्देश दिये गये। मेला से सम्बंधित निविदा की सूचना को लेकर उपायुक्त रांची द्वारा निर्देश दिए गए। मेला के दौरान सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी लगाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मंदिर के आस-पास लाइट की व्यवस्था को लेकर उपायुक्त रांची द्वारा सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया। रथ एवं मंदिर में दो-दो पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए। प्रशासकीय पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कहा गया कि 7 जुलाई से 17 जुलाई 2024 को होने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के साथ हमेशा खड़ा है। मेला का आयोजन भव्य तरीके से संपन्न हो इसको लेकर तमाम व्यवस्था की जाएगी।

## भव्य रथ तैयार, भगवान जायेंगे मौसी के घर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में भगवान जगन्नाथ के भव्य रथ को करीब-करीब तैयार कर लिया गया है। 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपने भव्य रथ पर अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर जाएंगे। राजधानी रांची में भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा की तैयारी शुरू कर दी गई है। 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। भगवान जगन्नाथ के लिए इस वर्ष भी भव्य रथ को तैयार किया जा रहा है।

ओडिशा से आए कारीगर दिन-रात मेहनत करके रथ को तैयार कर चुके हैं, अब सिर्फ रथ की सजावट बाकी है। मंदिर कमेटी के सदस्य ठाकुर सुधांशु सहदेव ने बताया कि भगवान जगन्नाथ के रथ को तैयार करने के लिए विशेष रूप से हर वर्ष पूरी से कारीगर आते हैं। पिछले 1 महीने से पुरी से आए कारीगर अपने अथक मेहनत से रथ को तैयार कर चुके हैं। अब केवल रात में रंग रोगन बाकी है, जिसे अगले हफ्ते तक पूरा कर लिया जाएगा। भगवान जगन्नाथ के रथ को तैयार करने में 35 से 40 लाख रुपए का खर्च आया है।

**पूरी के तर्ज पर रथ यात्रा :** गौरतलब है कि रांची के जगन्नाथपुर में पुरी के तर्ज पर वर्षों से रथयात्रा निकाली जाती है। मंदिर ट्रस्ट के लोग बताते हैं कि रांची में जगन्नाथपुर मंदिर से 300 वर्षों से रथ यात्रा निकाली जा रही है। इस वर्ष भी 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपनी बहन और भाई के साथ रथ पर सवार होकर अपनी मौसी के घर जाएंगे। रथ यात्रा के दौरान जगन्नाथपुर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते है। पूरे जगन्नाथपुर क्षेत्र में भव्य मेले का आयोजन किया जाता है।

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना का फेज- टू, थ्री और फोर कब तक पूरा होगा?

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना का फेज टू, थ्री और फोर कब पूरा होगा? कोर्ट ने मौखिक कहा कि पूर्व में राज्य सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू रहने का हवाला दिया गया था। अब चुनाव खत्म हो चुका है ऐसे में राज्य सरकार सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने के लिए कब तक टेंडर निकालेगी। कोर्ट ने शपथ पत्र के रूप में इस संदर्भ में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 24 जून को होगी।

दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कोर्ट में हाजिर हुए थे। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने कोर्ट को बताया था कि रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए रांची नगर निगम को एनओसी देने के संबंध में रोड ट्रांसपोर्ट एवं हाईवे मिनिस्ट्री ने भारत सरकार को पत्र भेजा गया है। वहां से अनुमति मिलते ही रांची नगर निगम को एनओसी दे दिया जाएगा। वहीं रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शहदेव ने कोर्ट को बताया गया था कि एनएचएआई से एनओसी मिलते ही फेज वन का शेष बचा 15% काम जल्द पूरा कर दिया जाएगा। वहीं राज्य सरकार ने फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में बताया था कि इसके डीपीआर के स्क्रूटनी का काम चल रहा है। अभी लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आचार संहिता लगी है, इसलिए टेंडर की प्रक्रिया भी नहीं की जाएगी।

# राजधानी में बिजली की आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए एजेंसी को मिला सर्वे का काम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी में केंद्र प्रायोजित योजना के तहत बिजली की आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए एनसीसी कंपनी को काम दिया गया है। झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से एजेंसी का चयन किया गया है। एजेंसी की ओर से रांची में सर्वे शुरू कर दिया गया है। एजेंसी की ओर से लगभग दो महीने तक सर्वे का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। जिसके बाद आधारभूत संरचना का निमार्ण कार्य किया जायेगा। सर्वे के दौरान एजेंसी की ओर से बिजली आपूर्ति के लिए आधारभूत संरचनाओं में आने वाले दिक्कत, भगौलिक स्थिति, नेटवर्क समेत अन्य मानकों पर सर्वे किया जायेगा।

बता दें योजना के तहत कुल ₹570 करोड़ की लागत से आधारभूत सरंचनाओं का निमार्ण किया जाना है। इस योजना के तहत रांची समेत पूरे राज्य में बिजली की आधारभूत संचरना को दुरूस्त किया जायेगा।

**इन क्षेत्रों में होना है काम :** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ग्यारह केवी लाइन को हटाकर भूमिगत केबल लगाया जायेगा। 11 केवी बिजली के नंगे तार के स्थान पर एबी कंडक्टर लगाया जाएगा। सब स्टेशन से निकलने वाले लंबे फीडरों को बांटकर छोटे-छोटे नये फीडरों में तब्दील किया जाएगा। ट्रांसफार्मरों का लोड कम करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 63 केवी, 100 केवी, 200 केवी और 500 केवी के नए ट्रांसफार्मर लगाये जाएंगे। इससे ट्रांसफार्मरों का लोड घटेगा और बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो सकेगा। लो-वोल्टेज तथा बिजली की ट्रिपिंग आदि की समस्या लोगों को निजात मिलेगी। 11 केवी के कई नए फीडरों का निर्माण कराया जाएगा।



# स्कूलों एवं मंदिरों के आसपास बार एवं रेस्टोरेंट को लाइसेंस न दें : हाइकोर्ट

## रांची डीसी, एसएसपी एवं उत्पाद आयुक्त हाईकोर्ट में हुए हाजिर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने स्कूल एवं मंदिर के आसपास बार एवं रेस्टोरेंट चलाई जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसी जगहों में बार एवं रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति न दी जाए। लाइसेंस के टर्म एवं कंडीशन के तहत रात 12:00 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुला नहीं रखना चाहिए। मोराबादी स्थित रूइन हाउस (बार एवं रेस्टोरेंट) को सुबह चार बजे तक भी खुला देखा गया है।



कोर्ट ने राजधानी रांची के मोराबादी में एक बार में देर रात तक खुले रहने एवं चुटिया स्थित एक्सट्रीम बार में गोली चलने से डीजे चलाने वाले युवक पर गोलाबारी से मौत की घटना को संज्ञान में लेते हुए रांची डीसी, रांची एसएसपी और उत्पाद आयुक्त को कोर्ट में तलब किया। कोर्ट के आदेश का आलोक में यह तीनों अधिकारी कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। कोर्ट ने इस बात पर कड़ी नाराजगी जताई कि रात 12:00 के बाद भी रांची शहर के बार एवं रेस्टोरेंट खुले रहते हैं। कोर्ट ने मौखिक कहा कि संबंधित थाना के इंस्पेक्टर अगर इन बार एवं रेस्टोरेंट पर निगरानी रखते तो बार में गोलीबारी की घटना नहीं होती। पुलिस को रात में बार एवं रेस्टोरेंट में लगातार गस्त लगाने की जरूरत है, इससे आपराधिक घटनाओं पर रोक लगेगी। कोर्ट ने कहा कि आज मोहल्लों के आसपास बार एवं रेस्टोरेंट खुल गए हैं, जिससे महिलाओं को घर से बाहर निकलना भी दूभर हो जाता है। मामले में कोर्ट ने नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो के अधिवक्ता से कहा कि सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से यह पता लगाया लगाने का कोशिश करें की झारखंड के किन-किन जिलों में अफीम की खेती हो रही है और संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक अफीम की खेती को नष्ट करने की कार्रवाई करें। कोर्ट ने रांची एसएसपी से कहा कि रांची शहर में ड्रग्स यथा अफीम, चरस, गांजा की रोकथाम पर अभियान चलाएं।

कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगर पुलिस चाहे तो ड्रग सप्लायर को आसानी से पकड़ सकती है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में रांची एसएसपी को ड्रग्स की रोकथाम में विफल रहने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी। बता दें कि खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है।

## हाईकोर्ट ने मौखिक कहा- करोड़ों खर्च के बाद भी बड़ा तालाब और हरमू नदी की सफाई ढंग से क्यों नहीं हुई?

खबर मन्त्र संवाददाता

- एक्शन नहीं लिया गया तो कोर्ट कड़ी कार्रवाई करेगी आज भी होगी कार्रवाई
- रांची नगर निगम एवं राज्य सरकार बताए बड़ा तालाब एवं हरमू नदी पर कितने रुपए हुए खर्च

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम एवं राज्य सरकार से पूछा है कि बड़ा तालाब एवं हरमू नदी की सफाई एवं सौंदर्यकरण में कितने रुपए हुए खर्च हुए। कोर्ट ने मौखिक कहा की जब बड़ा तालाब और हरमू नदी के सफाई एवं सौंदर्यकरण पर करोड़ों की राशि खर्च की गई, तो फिर इसकी सफाई ढंग से क्यों नहीं हुई? क्यों बड़ा तालाब का पानी सड़ गया और पानी से दुर्गंध आ रही है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इस पर एक्शन नहीं लिया गया तो कोर्ट कड़ा आदेश पारित कर सकती है। मामले में झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से एवं रोहित राय की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की गई। झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने कोर्ट को बताया की रांची के बड़ा तालाब का पानी बदबूदार हो चुका है, नाली का पानी अभी भी इसमें गिर रहा है। इससे लोगों की स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

वही रोहित राय की ओर से कोर्ट को बताया गया की सर्कुलर रोड स्थित होटल अप्सरा के पीछे न्यू कॉलोनी में पिछले 1 माह से पेयजल आपूर्ति होने वाले पानी के साथ नाले का गंदा नल से लोगो के घर में आ रहा है। इससे लोग बीमार पड़ रहे है। मामले की सुवाई बुधवार को भी होगी। रांची में जलस्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डेमो की साफ सफाई एवं उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई।

## लेवी वसूलने आये दो नक्सली को पुलिस ने किया गिरफ्तार




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बुढ़मू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लेवी वसूलने आये टीएसपीसी एरिया कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी दस्ता के दो नक्सली बादल गंझू और प्रिंस जायसवाल को गिरफ्तार किया है। दोनों बुढ़मू के उमेडंडा शिव मंदिर के समीप लेवी वसूली के लिये आया हुआ था। खलारी एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस की टीम जब वहां पहुंची तो दोनों मंदिर से उतर कर भागने लगे। लेकिन, पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पक्ड़ लिया। बादल गंझू हजारीबाग के बड़कागांव के देवगढ़ गांव का रहनेवाला है, जबकि प्रिंस जायसवाल बुढ़मू का रहनेवाला है। पुलिस ने इनलोगों के पास से एक देशी पिस्टल, दो जीवित कारतूस, दो मोबाइल बरामद किया है।

## आईएचएसएम स्टूडेंट और पैरेंट्स मीट का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आईएचएसएम स्टूडेंट और पैरेंट्स मीट का आयोजन मंगलवार को प्राइम एडुटेक आईएमए हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में झारखण्ड और बिहार के 200 से अधिक मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र/छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। डीन डॉ० जी० भानुप्रकाश ने बताया कि हमारे इंटरनेशनल हायर स्कूल ऑफ मेडिसीन बिस्केक, किर्गिस्तान, में 90% से अधिक छात्र/छात्राएँ इंडिया से हैं और मेडिकल की उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यहां एनएमसी के गाइडलाइन्स को फॉलो किया जाता है। यह मेडिकल कॉलेज विशषतः इण्डियन मैनेजमेन्ट द्वारा चलाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आईएचएसएम के डीन डॉ० जी. भानुप्रकाश, स्पेशल गेस्ट के रूप में ले^रर अजिजा अझीबेकोवा, सिजोरा जकीरोवा रिजनल डायरेक्टर सदानन्द मंडल एवं प्राइम ग्रुप के डायरेक्टर डॉ० नूतन मंडल तथा अन्य लोग उपस्थित थे। झारखण्ड एवं बिहार के ऐसे छात्र/छात्राएँ जो फाइनेंशियली उतने स्ट्रांग या अफोर्डेबल नहीं हैं, कि वे प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में अपनी पढ़ाई कर सकें, करोड़ो रुपए खर्च कर सकें।



ऐसे में इंटरनेशनल हायर स्कूल ऑफ मेडिसीन के डायरेक्टर डॉ० फणीभूषण का उद्देश्य है कि ऐसे मेडिकल छात्र/छात्रायें भी अपने सपने साकार कर सकें तथा कम से कम खर्च में मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर सकें प्राइम एडुटेक के संस्थापक तथा आईएचएसएम के रिजनल डायरेक्टर सदानन्द मंडल ने बताया कि इस वर्ष नीट की परीक्षा में लगभग 25 लाख बच्चों ने परीक्षा दी थी जिसमें लगभग 13 लाख बच्चे क्वालीफाई कर चुके हैं लेकिन इंडिया में मेडिकल की सीटें लगभग डेढ़ लाख ही हैं। ऐसे में देखा जाय तो लगभग 11.5 लाख बच्चों को मेडिकल की सीटें नहीं मिल पायेंगी और प्राइवेट कॉलेजों की फीस इतनी ज्यादा है कि छात्रों तथा उनके अभिभावकों के सपने कैसे पूरे हो? ऐसे ही छात्रों के लिए प्राइम एडुटेक विगत 13 वर्षों से एक प्लेटफॉर्म प्रदान कर रही है।

### एक करोड़ का डोडा बरामद

**रांची।** पुलिस ने नामकुम से डोडा लदा ट्रक बरामद किया है। तस्कर इसे खूंटी से राजस्थान ले जा रहे थे। ट्रक में बरामद डोडा का बाजार मूल्य एक करोड़ बताया जा रहा है। एसएसपी चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी से रांची के रास्ते डोडा की एक बड़ी खेप निकलने वाली है। जिसके बाद खूंटी से सटे सभी थानों को अलर्ट किया गया। लेकिन पूरी रात डोडा लदा एक भी डोडा लदा ट्रक नहीं गुजरा, लेकिन जैसे ही सुबह के चार बजे नामकुम से सटे रिंग रोड पर एक ट्रक दिखायी दी। ट्रक को देखते ही पुलिस तुरंत अलर्ट पर आयी। इसी बीच ट्रक पर सवार तस्करों ने पुलिस का वाहन देख लिया। जिसके बाद उन्होंने ट्रक को वही छोड़ जंगल की तरफ भाग गये। पुलिस ने तस्करों का पीछा भी किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वे लोग फरार हो गये।

## सिकल सेल के मरीजों को पहली बार दिया जायेगा पेंशन का लाभ

### खूंटी जिला प्रशासन की अनोखी पहल


खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा की पहल पर जिले में पहली बार सिकेल सेल एनिमिया से पिड़ित व्यक्ति को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना के तहत पेंशन की स्वीकृति दी गई है। प्रथम चरण में खूंटी प्रखण्ड के कर्रा, मुरहू, तोरपा कुल 09 व्यक्ति शामिल हैं। इस योजना के तहत प्रति माह 1000 की राशि लाभुकों को आजीवन दी जायेगी। भविष्य में यदि सिकेल सेल एनिमिया से पिड़ित व्यक्ति की पहचान होती है तो उन्हें भी इस योजना से अच्छादीत की जायेगी। जिले में अबतक कुल 99165 व्यक्तियों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया है। इनमें से कुल 114 सिकल सेल के ब्ंततपमत पाये गये तथा कुल 46 व्यक्ति सिकल सेल एनिमिया.थेलेसिमिया रोग से ग्रसित पाये गये।

इनमें से 9 व्यक्ति जो 40 प्रतिशत व इससे अधिक सिकल सेल एनिमिया थेलेसिमिया रोग से ग्रसित हैं, उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना के तहत पेंशन दिया जा रहा है। वर्तमान समय में जहां एक ओर स्वास्थ्य सुविधाओं से लोगों की जीवन प्रत्याशा बढ़ी हैं वहीं दूसरी ओर जनजातीय आबादी विभिन्न बीमारियों से ग्रसित है।


इनमें सिकल सेल एनीमिया के संबंध में लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। यह एक वंशानुगत रक्त संबंधी रोग हैए ये विकारों का एक समूह है जो हीमोग्लोबिन के उत्पादन को प्रभावित करता है। जिला स्तर से सिकल सेल मोबाईल मेडिकल वैन के द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जाकर लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जा रहा है।

## डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने ट्रैफिक पुलिस के कार्यों की सराहना की



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने मंगलवार को आईएमए हॉल में ट्रैफिक पुलिस वालों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया । सदस्यों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में भी निर्विवाद रूप से अपनी सेवाएँ देने के लिए दवा ने उनके कार्यों की सराहना की। इस कोशिश के तहत सौ (100) स्टील के तीन डब्बों वाला लंच बॉक्स और सौ (100) ठंडे पानी रखने के लिए वॉटर बॉटल इनके बीच वितरित किए गए। कार्यक्रम में चेयरपर्सन विनीता शरण, अध्यक्ष श्रीला चौधरी, सचिव अमृता वैद्या, ट्रेजर मोनीदीपा दास गुप्ता, रेखा मिश्रा, नीता सहाय, बिंदु प्रसाद, रिंकू बनर्जी, मधु गुप्ता, अंजू कुमारी सिंह , सीमा महेश्वरी, रंजना जैन, पल्लवी शरण,नीलम शेखर, विभा सिंह ,तरूणा छाबडा,दीपा चौहान, सुप्रिया ठाकुर ,रिंकु चोधरी,निर्मल गाड़ोदिया ,श्वेता रंजन, मंजू खेतान,तबस्सुम हसन, देवजानी शानयाल ,मंजु सिंह,आरती सिन्हा,पुष्पलता शामिल थीं।

### पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष डॉक्टर कहकशां परवीन का निधन



**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी रांची की पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष डॉक्टर कहकशां परवीन का निधन हो गया। सोमवार रात डॉक्टर कहकशां परवीन ने मेदांता अस्पताल ग्रुरूग्राम में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से मेदांता अस्पताल में भर्ती थीं। उनका पेट का ऑपरेशन हुआ था। वे अपने पीछे पति, एक बेटी व 2 बेटा छोड़ गयीं हैं। संभवतः पटना में उन्हें सुपर्दे खाक किया जाएगा। डॉक्टर कहकशां परवीन डोरंडा स्थित न्यू परासटोली में रहती थीं।

## जीवन को सार्थक और प्रभावी बनाती है अध्यात्मिकता

### विश्व आध्यात्मिक महोत्सव में हुआ संतों-बुद्धिजीवियों का जुटान, आंतरिक शांति को बताया विश्व शांति का आधार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मेकॉन कम्युनिटी हॉल श्यामली डोरंडा में विश्व आध्यात्मिक महोत्सव 'आध्यात्मिकता से विश्व शांति की ओर' का आयोजन मंगलवार को हुआ। मेकॉन लिमिटेड एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में विश्व शांति की परिकल्पना को साकार करने के लिए आंतरिक शांति प्राप्त करने पर चर्चा हुई। महोत्सव में विभिन्न धर्मों के संतों, महात्माओं व बुद्धिजीवियों ने शिक्षा और आध्यात्मिकता को एक साथ जोड़ने पर बल दिया। कहा कि 'बड़ा' शब्द बड़प्पन से आता है न कि धन और बुद्धि से। अपने व्यवहार से किसी को पीड़ा न पहुंचाएं। अमीर-गरीब, बुद्धिमान-मूर्ख सभी का आत्मसम्मान एक है।




जहां भौतिक विज्ञान समाप्त होता है, वहाँ से आध्यात्मिकता की शुरूआत होती है। धन को प्राथमिकता देने से बचें। बिना भेद-भाव के सबके अंदर ईश्वर को देखें।

ईश्वर प्राप्ति ही मानव जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। ईश्वर हमारे हृदय में होते हैं और हम उन्हें कहीं और ढूंढते रहते है। इसे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ गोपाल पाठक, रामकृष्ण मिशन के स्वामी शशांकानंद और विशिष्ट अतिथि आईआईएम रांची के निदेशक प्रो डॉ दीपक श्रीवास्तव ने किया।

**पैनल डिस्कशन में शामिल हुए संत और बुद्धिजीवी :** महोत्सव के विभिन्न सत्र के पैनल डिस्कशन में विभिन्न धर्मों के संत, महात्मा एवं बुद्धिजीवी शामिल हुए।

इनमें योगदा सत्संग के स्वामी निश्चलानंद, पतंजलि महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुधा झा, चिन्मय मिशन के वेद प्रकाश बागला, ब्रम्हकुमारी संस्था की इंदु जी, इस्कॉन रांची के राकेश कुमार, इस्लाम धर्म की जानकर डॉ शादमा शाहिन, प्रो डॉ शाहिद हसन, सिख धर्म के जानकार मेजर जीएस सलूजा, ईसाई धर्म के आर्क विशप फादर विंसेंट आइंद, आर्ट ऑफ लिविंग के राकेश ब्रशर, जैन दर्शन के अंकित जैन, सहज मार्ग के वी श्रीनिवासन, हार्टफुलनेस के मनोज तिवारी, सुनंदा चौहान ने ज्ञान, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश तनेजा ने किया ।

### व्यवहार न्यायालय में विशेष मध्यस्थता अभियान 24 से

**रांची।** विशेष मध्यस्थता अभियान 24 से 28 जून तक रांची व्यवहार न्यायालय में चलेगा। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष (झालसा) सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा (रांची) दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में इसका आयोजन किया जा रहा है। इस मध्यस्थता अभियान में व्यवहार न्यायालय के मध्यस्थों के द्वारा तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकेते हैं।

## खबर एक नजर में

### सदर में 47 वर्षीय महिला के कैंसर का सफल ऑपरेशन

रांची। रांची सदर अस्पताल में सिल्ली की रहने वाली 47 वर्षीय महिला के कैंसर का सफल ऑपरेशन किया गया है। ऑपरेशन आंको सर्जन डॉ प्रकाश भगत, लैप्रोस्कोपी सर्जन डॉ अजीत और उनकी टीम ने किया है। डॉ प्रकाश ने बताया कि महिला पेशाब के रास्ते से खून आने की शिकायत लेकर महिला विभाग की ओपीडी में दिखाने आई थीं, जहां सीटी स्कैन एवं बायोप्सी करने पर एंडोमेट्रियल कैंसर होने का पता चला। इसके बाद 14 जून को उनका ऑपरेशन कर गर्भास्य अंडकोष और लिंफ नोड निकाल दिया गया। ऑपरेशन के बाद अब महिला खतरे से बाहर है। मरीज तेजी से स्वास्थ्य लाभ ले रहीं है। महिला को खाना-पीना देना शुरू कर दिया गया है। एक-दो दिनों में उसे छुट्टी भी दे दी जाएगी। डॉ प्रकाश ने बताया कि आगे का इलाज बायोप्सी की रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा। ऑपरेशन करने वाली टीम में एनीस्थिटिस्ट डॉ जयवंत मुर्मू, ओटी असिस्टेंट सरिता, शशि के अलावा अन्य मौजूद थे।

### श्रीराम सुपर 4400 धान बीज से कृषि पुनर्जागरण की शुरूआत

**रांची।** श्रीराम सुपर 4400 धान के बीजों की परिवर्तनकारी शक्ति को अपनाने वाले किसानों के बीच एक शांत क्रांति चल रही है। प्रतिष्ठित डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की सहायक कंपनी श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस द्वारा विकसित ये अत्याधुनिक बीज अपनी उल्लेखनीय लचीलापन और उत्पादकता के साथ कृषि के नियमों को फिर से लिख रहे हैं। बिहार के देवरिया से आने वाले अवधेश मिश्रा उन कई किसानों में से हैं, जो श्रीराम सुपर 4400 के ठोस लाभों को देख रहे हैं। 15-20 टिलर, चमकदार अनाज और बेजोड़ रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ, मिश्रा रिकॉर्ड समय में और न्यूनतम पानी के उपयोग के साथ प्रचुर उपज देने की इसकी क्षमता की पुष्टि करते हैं। उनके समर्थन से उनके साथी भी प्रभावित हुए हैं और उनसे खेल बदलने वाले इस बीज को अपनाने का आग्रह किया है।नालंदा के आलोक प्रसाद यादव मिश्रा की भावना को दोहराते हुए कहते हैं कि पिछले साल जल संसाधनों की कमी के बावजूद श्रीराम सुपर 4400 की बदौलत भरपूर फसल हुई। बढ़ी हुई टिलर और दानों के साथ, यादव इस अभिनव किस्म को अपनाने के अपने फैसले का जश्न मनाते हैं और साथी किसानों को भी यही सलाह देते हैं। श्रीराम सुपर 4400 की सफलता एक बड़े रुझान का हिस्सा है, श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस के अन्य उत्पादों को भी व्यापक प्रशंसा मिल रही है। श्रीराम सुपर 7711, 4466, 505 और 4433 जैसे बीज भी किसानों के बीच मुख्य उत्पाद बन रहे हैं, जो कृषि उत्कृष्टता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

### वेतन के अभाव में अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षाकर्मियों का हाल बेहाल : यशवंत विजय



**रांची।** झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने मंगलवार को प्रेस वयान जारी कर कहा कि राज्य के अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षाकर्मियों का चार माह से वेतन भुगतान के अभाव में दयनीय स्थिति हो गया हैं। अतः इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया हैं अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षाकर्मियों के वेतन भुगतान जल्द से जल्द हों। आवंटन जारी होने बाद भी वेतन भुगतान के जटिल प्रक्रिया के दौर से गुजरने के कारण भ्रष्टाचार की गुंजाइश बढ़ जाती हैं।राज्य के अल्पसंख्यक विद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करते हैं। इसके बावजूद भी उन्हें रोजी रोटी चलाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता हैं। बहुत से अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षाकर्मियों का वर्षों से बकाया भुगतान लंबित पड़ा हुआ हैं। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष ने सरकार से वेतन भुगतान के मार्ग को सरल बनाने के लिए एक स्पष्ट नीति बनाने की मांग की। जिससे शिक्षाकर्मी राज्य के शैक्षणिक माहौल विकसित करने में अपनी ऊर्जा लगा सकें।

### श्री श्याम मंदिर में श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न



**रांची।** नासे रोग हरे सब पीडा जो सुमीरो हनुमत बलबीरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 106ठा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 106 ठा कार्यक्रम आज भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। राजेश जयसवाल अपनी धर्मपत्नी रेशम जायसवाल ने परिवार के संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की । मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया स्नेह पोद्दार आदि उपस्थित थे। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### रांची में दुबई 100 एक्सपो का शानदार आयोजन



**रांची।** सीबीट्स रियल एस्टेट, दुबई द्वारा आयोजित दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता के एक भव्य उत्सव व राजधानी रांची में शानदार शुरूआत की। दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने के लिए रांची क्लब में आयोजित इस उल्लेखनीय कार्यक्रम में 300 से अधिक प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए, जिनमें शहर के प्रमुख बिल्डर्स, निवेशक, एचएनआई, रियल एस्टेट उद्योग जगत के लोग और दो खास अतिथि, राजपाल यादव और मुबीन सौदागर शामिल थे। दुबई के प्रमुख बिल्डर्स ने निवेश संभावनाओं के साथ-साथ अतिरिक्त, बाय-बैक गारंटी, उच्च संपत्ति प्रशंसा, गोल्डन वीजा लाभ और कर-मुक्त आय के साथ प्रभावशाली 12% आरओआई के वादे ने भी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जहां 10 भाग्यशाली विजेताओं को 1 लाख एईडी (22 लाख रुपए) के कूपन के कूपन प्रदान किए गए। सीबीट्स रियल एस्टेट एलएलसी के संस्थापक और एमडी, रिंकू कुमार ने कहा, दुबई 100 सिर्फ एक इवेंट नहीं है; यह अनंत संभावनाओं का अवसर है। कई शहरों के लोगों को इन्वेस्टमेंट के और अधिक अवसर प्रदान करेगा।

### बालाजी मंदिर में श्रीवेंकटेश्वर की उद्यास्तमन सेवा

**रांची।** मंगलवार ज्येष्ठ शुक्लपक्ष की निर्जला एकादशी व्रत को ले तिरुपति. बालाजी मन्दिर में हुये वृहद अनुष्ठान । ब्रशमुहूर्त में सब प्रकार के अनुग्रह निग्रह करने वाले श्रीहरि वेंकटेश्वर का विश्वरूप दर्शन हुआ। फिर कर्णानन्ददायक मधुर गीत स्वर में सुप्रभातम, मंगलाशासन करावलंबम स्तोत्र, वेंकटेश प्रपत्ति आदि सुनाया गया। इसके बाद दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगाजल, डाभयुक्त जल आदि अनेकों औषधयुक्त द्रव्यों से महाभिषेक हुआ । तदंतर वस्त्राभूषण से अलंकार समर्पण कर सुवासित फूल राशियों से भव्य श्रृंगार निवेदन हुआ । फलाहारी खीर, कुटू , सिंघाड़ा आटा की पकौड़ी, साबूदाना कद्दू की खिचड़ी, फल मेवा आदि एकादश प्रकार के व्यंजनों का बालभोग नैवेद्य चढ़ा।

स्पीड न्यूज

## तालाब में नहाने गये युवक की डूबने से मौत



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के चुटूपालू में एक 39 वर्षीय युवक राजेश ठाकुर पिता स्व वंशी ठाकुर की तलाब में डूबने से मौत हो गई। सोमवार को वह चुटूपालू बाजार गया था। काफी गर्मी के कारण लौटते समय वह चुटूपालू तालाब में नहाने चला गया। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। बाजार से घर नहीं लौटने पर स्वजनों द्वारा ग्रामीणों के साथ काफी खोजबीन की गई। सुबह में तालाब में उपला शव देखकर स्वजनों को जानकारी दी गई। बाद में ग्रामीणों द्वारा युवक का शव को तलाब से निकाल पोस्टमार्टम के लिए रिम्स ले जाया गया। बताया गया कि मृतक घर का एकलौता कमाने वाला था। वह गांव में यजमानी (नाई) का काम करता था। उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी सहित दो छोटे-छोटे बच्चे हैं।

# शिव कृपा से दहकते अंगारे हो जाते हैं फूल

### नौ वर्ष बाद उलातू में हुआ मंडा पूजा, शिवभक्तों में उत्साह



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के उलातू में श्री श्री शिव मंडा पूजा समिति द्वारा आयोजित मंडा पूजा मंगलवार को झुलन के साथ संपन्न हो गया। ग्यारह दिन तक चले मंडा पूजा के दौरान अर्धनारीश्वर रूप धारण किए भोगताओं ने होड़न सेवा, लोटन सेवा के साथ भगवान शिव की आस्था व पूजा किए। वहीं सोमवार रात को सभी भोगताओं व सोकताईन के साथ कई ग्रामीणों ने दहकते अंगारों पर चल (फूलखुंदी) महादेव शिव व पार्वती के प्रति अपनी आस्था व विश्वास दिखाया। फूलखुंदी व झुलन के साथ रात्रि में आयोतिज छउ नृत्य देखने आसपास गांव से काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। राष्ट्रीय पुस्कार से सम्मानित पुरूलिया की सुनीता महतो व कल्पना महतो ग्रुप की महिला कलाकारों द्वारा शक्ति स्वरूपा मांग दुर्गा द्वारा महिषासुर बध गणेश व शिवताल सहित कई आकर्षक छऊ नृत्य प्रस्तुत किए गए। इससे पूर्व छऊ नृत्य का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू, विशिष्ट अतिथि गोंडा विधायक अमित मंडल व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आदित्य प्रसाद साहू ने मंडा पूजा व छउ नृत्य को भगवान षिव के प्रति भक्ति व आस्था का प्रतिक और झारखंड की पौरानिक संस्कृति बताया। कहा हमारे पूर्वजों द्वारा कठिन तप करते हुए मंडा पूजा किए जाते थे। उसी परंपरा अनुरूप आज भी पूजा में शक्ति व भगवान शिव का अशीर्वाद प्राप्त हो रहा हैं। यहीं कारण है कि दहकते अंगारे फूल बन जाते हैं और खाली पांव चलने के बावजूद अंगारों से पांव नहीं जलते। वहीं संरक्षक अमरनाथ चौधरी ने बताया कि उलातू में नौ वर्ष बाद मंडा पूजा का आयोजन हुआ है। मंडा पूजा में ओरमांझी, गगारी, उकरिद, नकवाटोली, बड़ा व छोटा उलातू सहित कई गांव के लोग शामिल हुए।

### कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, डॉ बिरसा उरांव, मुखिया सुनील उरांव, रणधीर चौधरी, रोशनी खलखो, मानकी राजेंद्र साही, अजय सिंह, सत्यनारायण तिवारी ललिता देवी, दिलीप मेहता, रामवृक्ष महतो, उमाशंकर साहू, समिति के संरक्षक अमरनाथ चौधरी, छेदी महतो, सोनाराम मुंडा, नारायण महतो, अध्यक्ष अजय मुंडा सचिव महेन्द्र मुंडा, प्रकाश महतो सुभम यादव, कलेश्वर महतो, किशोर यादव, गोपाल सिंह अरूण पहान, राजू मुंडा, संजय महतो आदि उपस्थित थे।

## राहे में आंधी-पानी से तीन घरों पर गिरा पेड़

**राहे।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार शाम जोरदार वारिश के साथ आंधी आई थी। आंधी से कई पेड़ उखड़ गए तो कई पेड़ में डाली टूटी। राहे गांव के ऊपरटोली में आंधी से तीन घर को नुकसान पहुंचा है। गांव के कौशल्या देवीए लखन अहीर और निर्मल अहीर के घर में पेड़ गिरने से एस्बेस्टस और छत को नुकसान पहुंचा है। पेड़ गिरने से एस्बेस्टस को काफी क्षति पहुंचा है। इधर उमेश होटल का पूरा झोपड़ी उड़ गया है। लखीचरण के छत एम पीपल डाली गिरने से छज्जा टूट गया है ।पीड़ितों ने प्रखंड प्रशासन से जांच कर मुआवजा देने की मांग की है।




## कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा

### अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2024–25
दिनांक 15.06.2024

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सड़क परिवहन मद | | | | | | |
| 1 | 01 | नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रांतर्गत फलवरिया में सोलर लाईट एवं दो अदद् सोलर बेस्ड वाटर टैंक का निर्माण कार्य। | 1598700.00 | 32000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | | 20-06-2024 (10:00 AM) | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | | 28-06-2024 (05:00 PM) | |
| C | Date of opening Tender | | | | 01-07-2024 (11:00 AM) | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | |
| E | Helpline No. | | | | +91-6204691550 | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉंची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉंची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 326695 Urban Development(24-25).D



## न्यायालय–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल

### सूचना

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध वन वादों में जप्त वन पदार्थ/वाहन स्वामी (प्रतिवादी) तथा संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जप्त वन पदार्थ/वाहन के विरुद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल के न्यायालय मे चल रहे अधिहरण वादों में कारण पृच्छा का जवाब समर्पित नहीं किया गया है एवं प्रतिवादी वाहन स्वामी/वन पदार्थ स्वामी सुनवाई के विभिन्न तिथियों में अनुपस्थित हैं या प्रारंभिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं।

अतः उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देश दिया जाता है कि संबंधित अधिहरण वादों में निर्धारित तिथि 05.07.2024 को पूर्वाहन् 11:00 बजे प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल के न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्रसं. | थाना का नामा | अधिहरण वाद संख्या | वाहन के स्वामी का नाम, पता एवं जप्त वन पदार्थ/वाहन का प्रकार | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सदर मुफस्सिल थाना | 91/12 | रामचन्द्र साव, स्वामी, टाटा 407 निबंधन संख्या BR-13Q-9471 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 2 | टाटीझरिया थाना | 09/13 | Truck संख्या JH07C 3316 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 3 | विष्णुगढ़ थाना | 17/13 | संजीव कुमार, स्वामी, ट्रक संख्या BR-01GB-2153 एवं उस पर लदा 15 टन कोयला | 05-07-2024 |
| 4 | विष्णुगढ़ थाना | 19/13 | आमोद कुमार सिंह, स्वामी, ट्रक संख्या BR-1GA-1686 एवं उस पर लदा 15 टन कोयला | 05-07-2024 |
| 5 | विष्णुगढ़ थाना | 23/13 | सफीक अंसारी एवं अन्य–2, स्वामी कोयला वजन लगभग 25 टन | 05-07-2024 |
| 6 | विष्णुगढ़ थाना | 42/13 | टैम्पु संख्या JH-02M-2349 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 7 | चुरचू थाना | 43/13 | अशोक सिंह, स्वामी Scot Tractor इंजन E3215/146805, Chassis No. 3457065 एवं उस पर लदा 1½ टन कोयला | 05-07-2024 |
| 8 | चुरचू थाना | 44/13 | प्रमोद सिंह, स्वामी Tractor संख्या JH-02B-6378 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 9 | चुरचू थाना | 45/13 | राजन उर्फ श्यामलाल राम एवं अन्य, स्वामी Tractor संख्या JH02C 0797 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 10 | बगोदर थाना | 58/13 | मुकेश कुमार, स्वामी Truck संख्या BR-42G-2448 एवं उस पर लदा 07 टन कच्चा कोयला | 05-07-2024 |
| 11 | सदर मुफस्सिल थाना | 63/13 | सुरेश तिर्की, स्वामी 241 बोरा पोड़ा कोयला | 05-07-2024 |
| 12 | विष्णुगढ़ थाना | 64/13 | सुजीत कुमार सिंह, स्वामी, ट्रक संख्या WB-37A 1261 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 13 | सदर मुफस्सिल थाना | 67/13 | Truck संख्या JH-02W-4974 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 14 | सदर मुफस्सिल थाना | 68/13 | Truck संख्या JH-20A-1823 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 15 | सदर मुफस्सिल थाना | 69/13 | मो0 हसैन एवं अन्य दो, स्वामी Bolero संख्या JH-11F-9600 एवं उस पर लदा 20 बोरी पोड़ा कोयला | 05-07-2024 |
| 16 | विष्णुगढ़ थाना | 71/13 | टाटा 407 संख्या BR-20G-5692 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 17 | विष्णुगढ़ थाना | 72/13 | मार्शल संख्या JH-11 B-6733 एवं उस पर लदा 25 बोरा (पोड़ा) कोयला | 05-07-2024 |
| 18 | बगोदर थाना | 91/13 | Tractor संख्या BR-23-6369 एवं उस पर लदा 02 टन कच्चा कोयला | 05-07-2024 |
| 19 | टाटीझरिया थाना | 92/13 | विकास राम, स्वामी Maruti संख्या WNB-6005 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 20 | सदर मुफस्सिल थाना | 93/13 | Tata 207 संख्या BR-02K-1698 एवं उस पर लदा 55 बोरा पोड़ा कोयला | 05-07-2024 |
| 21 | सदर मुफस्सिल थाना | 94/13 | Maruti Van संख्या WB-02C-0844 एवं उस पर लदा 20 बोरी पोड़ा कोयला | 05-07-2024 |
| 22 | सदर मुफस्सिल थाना | 96/13 | मदन मोहन पाण्डेय, स्वामी Truck संख्या NL-02K-8443 एवं उस पर लदा 17 टन स्टीम कोयला एवं एयरटेल कंपनी का मोबाईल | 05-07-2024 |
| 23 | बगोदर थाना | 105/13 | HMT Tractor Engine No.- 152496, Chassis No.- 108795 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 24 | बगोदर थाना | 107/13 | प्रभात कुमार, स्वामी Truck संख्या WB-37C-3346 एवं उस पर लदा 20 टन कोयला | 05-07-2024 |
| 25 | सदर मुफस्सिल थाना | 108/13 | Mahindra Tractor 265 DI संख्या HR-37-6475 एवं उस पर लदा 03 टन कच्चा कोयला | 05-07-2024 |
| 26 | विष्णुगढ़ थाना | 110/13 | ट्रक निबंधन संख्या HR-58-9698 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 27 | बगोदर थाना | 111/13 | जगदीश साव, स्वामी Tractor संख्या BR-23-8937 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 28 | सदर मुफस्सिल थाना | 126/13 | सुधीर कुमार मेहता, स्वामी Tata Sumo संख्या MH-04AA-8199 एवं उस पर लदा 20 बोरा पोड़ा कोयला | 05-07-2024 |
| 29 | बगोदर थाना | 02/14 | मो0 अफजल मियां, स्वामी जे0सी0बी0 संख्या– 2295/1033 | 05-07-2024 |
| 30 | बगोदर थाना | 03/14 | Truck संख्या JH-02V-4015 एवं उस पर लदा 19 टन कच्चा कोयला | 05-07-2024 |
| 31 | बगोदर थाना | 10/14 | सलीम खान, स्वामी Truck संख्या JH-09D-3622 एवं उस पर लदा 17 टन कोयला | 05-07-2024 |
| 32 | सदर मुफस्सिल थाना | 20/14 | Tata 709 निबंधन संख्या BR-02T-5583 एवं उस पर लदा 50 बोरा पोड़ा कोयला | 05-07-2024 |
| 33 | विष्णुगढ़ थना | 22/14 | ट्रक संख्या HR-58-5341 एवं उस पर लदा 16 टन स्टीम कोयला | 05-07-2024 |
| 34 | बगोदर थाना | 24/14 | Tractor Sonalika डाला सहित Chassis No. 0111ZD14014 एवं उस पर लदा कोयला | 05-07-2024 |
| 35 | सदर थाना | 27/14 | पवन कुमार मेहता, स्वामी, टाटा मैजिक, निबंधन संख्या– JH-02AA-3781 एवं उस पर लदा 20 बोरी पोड़ा कोयला | 05-07-2024 |
| 36 | बगोदर थाना | 28/14 | ताहीर खान, स्वामी, ट्रक निबंधन संख्या– CG-15A-9390 एवं उस पर लदा 30 टन कोयला | 05-07-2024 |
| 37 | बगोदर थाना | 29/14 | मो0 आरीफ खान, स्वामी Truck संख्या CG-04JB-5699 एवं उस पर लदा 30 टन कोयला | 05-07-2024 |
| 38 | बगोदर थाना | 30/14 | हिना खान, स्वामी Truck संख्या NL-01K-7213 एवं उस पर लदा 30 टन कोयला | 05-07-2024 |
| 39 | बगोदर थाना | 32/14 | लालजी प्रसाद, Truck संख्या HR-63A-1198 एवं उस पर लदा 10 टन कोयला | 05-07-2024 |
| 40 | बगोदर वन प्रक्षेत्र | 41/14 | गणेष मिस्त्री, स्वामी अकेसिया लकड़ी– 14 पीस अन्दर घेरा 12 से 18 इंच एवं टांगी– 02 | 05-07-2024 |
| 41 | विष्णुगढ़ थना | 30/19 | स्वराज ट्रेक्टर 735FE चेचिस संख्या QYCM30705 | 05-07-2024 |
| 42 | विष्णुगढ़ थना | 31/19 | कारू रविदास पिता स्व0 प्रयाग रविदास, ग्राम गोविन्दपुर, थाना विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग, ट्रेक्टर स्वामी, निबंधन संख्या JH-02AA-0751 | 05-07-2024 |
| 43 | विष्णुगढ़ थना | 24/19 | FarmTrack कम्प्रेषर मशीन (बिना नम्बर का) | 05-07-2024 |
| 44 | विष्णुगढ़ थना | 25/19 | कम्प्रेषर मशीन HMT 3522 ईंजन संख्या A072511800 | 05-07-2024 |
| 45 | विष्णुगढ़ थना | 26/19 | कम्प्रेषर मशीन Mahindra B275 DI ईंजन संख्या 751046R5 | 05-07-2024 |
| 46 | विष्णुगढ़ थना | 29/19 | 02 डीजल पम्प | 05-07-2024 |
| 47 | विष्णुगढ़ थना | 32/19 | कम्प्रेषर मशीन HMT 3522 ईंजन संख्या 58997 चेचिस संख्या 4431 | 05-07-2024 |

ह0/–
प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकरी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल

PR 326705 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D


# सीसीएल वर्कशॉप से करोड़ों के उपकरण की चोरी

### दुस्साहस



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया डकरा महाप्रबंधक कार्यालय के नजदीक एनके रिजनल वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल सेक्शन में बीती रात्रि करोड़ो रुपये का उपकरण की चोरी किया गया। चोरी में सीआईएसएफ का हाथ होने में बड़ा दावा किया जा रहा है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि करोड़ो के उपकरण चोरी में तीन हिस्सेदार हुआ है हिस्सेदारी में सीआईएसएफ सीसीएल अधिकारी अथवा चोर ने मिलकर पूरा वर्कशॉप का कलपुर्जा एक रात में ही पूरा खाली कर दिया गया। वर्कशॉप के कामगारों से पूछने के बाद बताया कि रिजनल वर्कशॉप का रखवाली का जिम्मा सीआईएसएफ के हाथों में रहता है। वर्कशॉप के कर्मी शाम 5 बजे के बाद चाभी गेट रूम में छोड़ कर अपना आवास चले जाते है। घटना की जानकारी सुबह सीसीएल कर्मी वर्कशॉप आये तो पता चला। इसके बाद विभागीय वरिय पदधिकारी को बताया गया कि लगभग 130 पीस आर्मेचर एक ट्रिप रेडी मोटर 7 पीस छोटा मोटर सॉल्डिंग रिंगए मोटर कॉप्लिंग 10 पीसएएसी मोटर 15 केबी का 16 पीसचोरी हो गया। कर्मी ने बताया कि चोरी की घटना लगभग रात्रि लगभग 10 बजे का है। जो सीसीटीवी कैमरा में सीधे देखा जा रहा है। जिसमे दो अज्ञात युवकों के मुंह पर ढका हुआ दिख रहा है। अज्ञात चोरों ने सबसे पहले वर्कशाप में लगे सीसीटीवी कैमरा को कपड़ा से ढक दिया। उसके बाद कुछ पता नही चल रहा था। लगभग तीन घंटा के बाद ड्यूटी में तैनात सीआईएसएफ कर्मी उसी जगह पुनः सीसीटीवी कैमरा में दिखाई दे रहे है। चोरी की घटना 10 बजे से लेकर रात डेढ़ बजे तक चलती रही। लेकिन सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ को एक नजर भी नही पड़ी।

### नहीं दर्ज किया गया कोई मामला

वही इस संबध में खलारी थाना से पूछे जाने पर बताया कि वर्कशॉप से करोड़ो रुपए की मशीन उपकरण की चोरी का कोई मामला दर्ज नही हुआ है। जिससे साफ पता चल रहा है कि सीसीएल से करोड़ो रुपए कि कलपुर्जा चोरी हुआ नही करवाया गया है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि वर्कशॉप की चोरी की घटना लीक न हो इसके लिए कई पत्रकार को पैसा भी बांटा गया है। अथवा पैसे देने की बात चल रही थी। पैसा बांटने अथवा मामला को दबाने के लिए कुछ सीसीएल से जुड़े व्यक्ति अथवा सीआईएसएफ से जुड़े लोगों के द्वारा पैसा देने की बात कही जा रही थी।

### संयुक्त श्रमिक संगठन ने की निंदा

संयुक्त श्रमिक संगठन एन के क्षेत्र के यूनियन प्रतिनिधियों ने घटना के विषय में घोर निंदा किया। कैम्पस के अंदर गाड़ी लगाकर चोरी कर ली गई। सी एल के सक्षम अधिकारी सहित विजिलेन्स विभाग से उच्च स्तरीय जाँच की मांग किया गया। इसका खुलासा करना जरूरी है इस मामले मे संयुक्त श्रमिक संगठन जब तक इसका खुलासा नहीं होता है या दोषियों पर करवाई नहीं होता है तब तक चुप नहीं बैठेगी जरूरत पड़ी तो कोल मंत्रालय को भी लिखित सुचना देगी। इस घटना क्रम के बैठक समीक्षा में मिथलेश कुमार सिंह अमर भूषण सिंह गोल्डन प्रसाद यादवए कृष्णा चौहान शैलेश कुमार शैलेन्द्र कुमार सिंह डी पी सिंहए हरेन्द्र सिंहए उदय सिंह अजय चौहान जगदीश चौहान उपस्थित थे।

## 55 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे जयराम महतो

**रांची।** छात्र राजनीति के जरिए झारखंड की राजनीति में खास पहचान बनाने वाले जयराम महतो आगामी विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। रांची के ऑक्सीजन पार्क में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रमुख जयराम महतो ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सवर्ण उम्मीदवार भी उतारे जाएंगे, जिसमें बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि गोड्डा लोकसभा क्षेत्र पर पार्टी का ध्यान है। इस बार प्रत्याशी नहीं मिल पाने से लोकसभा चुनाव में कोई प्रत्याशी नहीं दिया गया। मगर विधानसभा चुनाव में जरूर संथाल क्षेत्र में प्रत्याशी उतारे जायेंगे। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य की जनता से मिले समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही चुनाव आयोग से रजिस्ट्रेशन और चुनाव चिन्ह मिलने की संभावना है। जिसके बाद विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक साल पहले बनी पार्टी को लोकसभा चुनाव में जनता का समर्थन प्राप्त हुआ उससे हम उत्साहित हैं।


## बरसात में डूब जायेगा राहे का धोबी मोहल्ला

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** इस बरसात में राहे का धोबी मोहल्ला डूबने का खतरा मंडरा रहा हैं। यदि भारी बारिश हुई तो 100 से अधिक परिवार प्रभावित हो जायेगा। डूबने की खतरा को देखते हुए लोगों ने केंद्रीय राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ को मुहल्ले का नारकीय स्थिति की निरीक्षण कराया गया था। राहे बीडीओ मनोज महथा ने भी निरीक्षण किया। कोकरो नहर का शाखा नहर का पानी खेतों में जाता है। कुछ वर्षो में सड़क किनारे बिल्डिंग कार्य तेजी से हुआ है। लोग पानी निकासी होनेवाले खेतों में मिट्टी भर दिए है। अब नहर का पानी निकासी होने का कोई व्यवस्था नहीं हैं। नहर का पानी सीधे गांव में प्रवेश करेगा, जो नाली गांव के बीच बना है। मिट्टी और मलबे से भर गया है। अब नहर का पानी मुहल्ले को डूबा देगा।



गांव में घूम कर स्थिति की जानकारी लिया है। स्थिति बहुत खराब है। लोगों का घर डूबने का खतरा है। बरसात से पहले नाली सफाई का उपाय किया जायेगा।
**बीडीओ मनोज महथा**



मुहल्ले की स्थिति की जानकारी रांची डीसी को दिया है। जल्द ही कोई उपाय करेंगे।
**केंद्रीय मंत्री संजिय सेठ**

### क्या कहते हैं ग्रामीण

मुकेश बैठा मुहल्ले में नहर का पानी आयेगा, लेकिन निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। समय रहते कोई उपाय किया जाएगा तो मुहल्ले वासी को राहत मिलेगी।

## मृत बच्चों के परिजनों से मिले बंधु तिर्की



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मंगलवार को मृत बच्चों के परिजनों से मिलने सेमरा गांव पहुंचे और स्वजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उनके माता-पिता को ढांढस बंधाया। विदित हो कि रविवार को तालाब में डूब कर तीन मासूम बच्चे प्रिंस तिग्गा (8 वर्ष) हर्षित महली (6 वर्ष) व रविंद्र महली (9 वर्ष) की मौत हो गयी थी। तीनों बच्चे अपने मां-बाप के इकलौते पुत्र थे। बंधु तिर्की के अलावा बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ विजय कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, मुखिया रमेश महली, अबुमाज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मांडर में मुखिया संघ की बैठक

**मांडर।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को मुखिया संघ की बैठक अध्यक्ष लक्ष्मण भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक के बाद अबुवा आवास व अन्य योजनाओं की स्वीकृति में विधायक की अनुशंसा संबंधी निर्देश का अनुपालन नहीं किये जाने की मांग को लेकर मांडर के बीडीओ को एक ज्ञापन भी दिया गया। बैठक में चार दिन पूर्व प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा अधिकारियों को उनकी अनुशंसा के बगैर प्रखंड में अबुवा आवास सहित अन्य योजनाओं को स्वीकृत नहीं किये जाने संबंधी निर्देश दिए जाने का विरोध किया गया। कहा गया कि सभी मुखिया अपने अपने पंचायत में अबुवा आवास के लाभुकों का चयन ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के माध्यम से करने में सक्षम हैं। ऐसे में विधायक के द्वारा अधिकारियों को इस तरह का निर्देश देकर उनके कार्य में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया गया है।

# राजकिला में सात जुलाई को रथ यात्रा पूजनोत्सव

### 22 जून को होगा देवस्नान, 6 जुलाई की सुबह नेत्रदान

शेख मुजिबुल

**रातू।** छोटानागपुर राज के ऐतिहासिक राजकिले की जगन्नाथ मंदिर में 22 जून को देवस्नान पूजा होगी। अनुष्ठान के दौरान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलराम व बहन सुभद्रा के विग्रहों को सुगंधित जल व चंदन से नहलाया जायेगा। इसके साथ ही भगवान जगन्नाथ एकांतवास में चले जायेंगे। राजपुरोहित भोलानाथ मिश्र की अगुआई में पुजारी करुणा नाथ मिश्र पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद भगवान जगन्नाथ एकांतवास में चले जायेंगे। छह जुलाई को नेत्रदान के बाद श्रद्धालुओं के लिये मंदिर के पट खोल दिये जायेंगे। प्रबंधक दामोदर नाथ मिश्र ने बताया कि 7 जुलाई को रथ यात्रा पूजनोत्सव व 17 को घुरती रथ यात्रा होगी। किला मैदान में रथ मेला भी लगेगा।



### सजाये जायेंगे रथ

श्री मिश्र ने जानकारी दी कि विशाल रथ को सजाने-सवांरने का काम शुरू हो जायेगा। मंदिर आकर्षक तरीके से सजाये जायेंगे। रंग-बिरंगी विद्युत सजावट भी की जायेगी। मौके पर शिल्पकार संतोष सुत्रधर, बैजनाथ प्रसाद, देव कुमार, अशोक सूत्रधार व गाजे नगार्ची आदि मौजूद थे। ज्ञात हो कि रथ यात्रा को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह रहता है। भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

# नामांकन के अवसर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने हाल ही में विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों को साल में दो बार दाखिला देने की अनुमति प्रदान कर दी है। एक बार जुलाई-अगस्त में और दोबारा जनवरी-फरवरी में। इस कदम का स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि इससे उन बच्चों को लाभ होगा जो परीक्षा के नतीजे आने में देरी होने, स्वास्थ्य कारणों या किसी निजी कारण से जुलाई-अगस्त में दाखिला नहीं ले पाते हैं। अब वे बिना एक साल इंतजार किए अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे। यूजीसी को उम्मीद है कि इस मॉडल को अपनाने से न केवल दाखिलों का अनुपात बेहतर होगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और छात्रों के आदान-प्रदान की स्थिति में भी सुधार होगा जिससे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा। इससे भारत को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मानकों के अनुरूप करने में मदद मिलेगी। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (अकउ्लए) के मुताबिक उच्च शिक्षा में दाखिले का अखिल भारतीय औसत 2021-22 में 28.4 फीसदी था जो पिछले सालों से बेहतर था और जिसमें निरंतर सुधार हो रहा है। हालांकि विभिन्न राज्यों में काफी अंतर अभी भी है। साल में दो बार दाखिला देने की व्यवस्था को अनिवार्य नहीं किया गया है और यह उचित ही है।यह विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों को तय करना है कि वे नई व्यवस्था को अपनाना चाहते हैं या नहीं। कुछ विश्वविद्यालयों के बारे में खबर है कि वे अगले अकादमिक सत्र से इसे लागू करने पर विचार कर रहे हैं। इसे चुनिंदा पाठ्यक्रमों में प्रायोगिक तौर पर आरंभ किया जाएगा।बहरहाल यह आशंका भी है कि नई व्यवस्था को अपनाने वाले उच्च शिक्षा संस्थानों को कई तरह की दिक्कतें भी हो सकती हैं।

# पानी की बर्बादी

हर भारतीय औसतन 45 लीटर पानी हर दिन बर्बाद कर रहे हैं। यह बबार्दी घर, बाथरूम और अन्य माध्यमों से हो रही है। पहले हमारे घरों में जरूरत के अनुरूप पानी संग्रहित होता था क्योंकि स्रोत कुँए बाबड़ी थे और स्नान,शौच में भी आज की तरह विदेशी व्यवस्था नही थीं। घरों में लगे आरओ एक लीटर पानी को शुद्ध करने के लिए चार लीटर पानी बर्बाद करता है। बोतलबंद पानी बनाने वाली कम्पनियां हर घण्टे 15 हजार लीटर पानी जमीन से निकाल रही हैं। एनजीटी के अनुसार देश में हर दिन सम्मिलित रूप से 49 अरब लीटर पानी बर्बाद किया जा रहा है। नीति आयोग के अध्ययन से पता चलता है कि आने वाले दो तीन दशकों में भारत की 60 प्रतिशत जनसंख्या के सामने पेयजल का गंभीर संकट आने वाला है। भोपाल, इंदौर,रतलाम, दिल्ली, नोयडा, गुरुग्राम, आगरा, पटियाला, अमृतसर, बीकानेर, गाजियाबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, अजमेर, मोहाली, चंडीगढ़ जैसे शहरों में तो 2030 तक ही भयावह हालात निर्मित होने वाले हैं। भारत में उपलब्ध जल की उतनी कमी नहीं है। हमारे देश की मुख्य नदियों के अलावा हमें औसतन सालाना 11.70 करोड़ घनमीटर बारिश का पानी मिल जाता है। इसके अलावा, नवीकरणीय जल संरक्षण से भी 1608 अरब घनमीटर पानी हर साल मिल जाता है। दुनिया का नौवां सबसे बड़ा ह्यताजा जल संग्रहह्ल हमारे पास है। उसके बाद भी भारत में व्याप्त पानी की समस्या स्पष्टतः जल संरक्षण को लेकर हमारे कुप्रबंधन को दशार्ती है, न कि पानी की कमी को। जल संरक्षण आज की जरूरत है। इसके लिए उपयुक्त जल निकासी, साफ और सुरक्षित तरीके से अपशिष्ट जल के निपटान की व्यवस्था जरूरी है।

# भारत समेत दुनिया के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे अपने स्वर्ण





**- प्रहलाद सबनानी**

> वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापस लाया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं।

पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है।

वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं।

कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है।

वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है। अतः अब भारत को अपने स्वर्ण भंडार बेचने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी इसलिए भी भारत ने ब्रिटेन में स्टोर किए गए अपने स्वर्ण भंडार को भारत में वापिस लाने का निर्णय किया है।

विश्व में आज विभिन्न देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने पास स्वर्ण के भंडार भी बढ़ाते जा रहे हैं। आज पूरे विश्व में अमेरिका के पास सबसे अधिक 8133 मेट्रिक टन स्वर्ण के भंडार है, इस संदर्भ में जर्मनी, 3352 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ दूसरे स्थान पर एवं इटली 2451 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ तीसरे स्थान पर है। फ्रान्स (2437 मेट्रिक टन), रूस (2329 मेट्रिक टन), चीन (2245 मेट्रिक टन), स्विजरलैंड (1040 मेट्रिक टन) एवं जापान (846 मेट्रिक टन) के बाद भारत, 812 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ विश्व में 9वें स्थान पर है।

भारत ने हाल ही के समय में अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करना प्रारम्भ किया है एवं यूनाइटेड अरब अमीरात से 200 मेट्रिक टन स्वर्ण भारतीय रुपए में खरीदा था। हाल ही के समय में चीन का केंद्रीय बैंक भारी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण की खरीद कर रहा है। कुछ अन्य देशों के केंद्रीय बैंक भी अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने में लगे हैं। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण के दामों में बहुत अधिक वृद्धि देखने में आई है और यह 2400 अमेरिकी डॉलर प्रति आउंस तक पहुंच गई है।

कई देश संभवतः अपने विदेशी मुद्रा के भंडार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में स्वर्ण भंडार को अधिक महत्व दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर अधिक निर्भरता से कई देशों को आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ रहा है। यदि अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत हो रहा हो तो उस देश की मुद्रा का अवमूल्यन होने लगता है।

इससे उस देश में वस्तुओं का आयात महंगा होने लगता है और उस देश में मुद्रा स्फीति के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इन विपरीत परिस्थितियों में घिरे देश के लिए स्वर्ण भंडार बचाव का काम करते हैं। इसलिए आज लगभग प्रत्येक देश के केंद्रीय बैंक अपने स्वर्ण भंडार को बढ़ाने के बारे में विचार करते हुए नजर आ रहे हैं।

## खास बात

### सांसों की डोर

**सहीराम**

**सांस** अटक रही है, सांस घुट रही है, बल्कि अब तो सांस टूटती जा रही है। नहीं, कहीं आग नहीं लगी है और न ही कहीं सिगड़ी जल रही है जनाब कि दम घुट रहा हो, कहीं टैंक नहीं फटा है, कहीं जहरीली गैस लीक नहीं हुई है, कोई औद्योगिक हादसा नहीं हुआ है कि दम घुट रहा हो। कहीं स्मॉग भी नहीं है, कहीं पराली भी नहीं जलायी जा रही है कि दम घुट रहा हो। अब जो सचमुच दोषी हैं और जिन पर दोष डाला जा सकता है, उन पर दोष डालना, सांप की बाम्बी में हाथ डालना है। जरा दोष देकर देखो, पता चल जाएगा। देशद्रोही कहलाओगे। भक्तजन आप पर टूट पड़ेंगे।

बल्कि अब तो ऑटोमोबाइल को भी दोषी नहीं ठहराया जा सकता। देखो आसमान कितना साफ है। लॉकडाउन का यही तो फायदा है। फिर भी सांस अटकती जा रही है, घुटती जा रही है, टूटती जा रही है और ऑक्सीजन कहीं नहीं है। न अस्पतालों में, न उद्योगों में, न बाजार में। आदमी हैं, बीमार हैं, लेकिन ऑक्सीजन नहीं है। वैसे तो पर्याप्त नहीं हैं, पर कहने को अस्पताल भी हैं, लेकिन वहां ऑक्सीजन नहीं है। सरकारी की तो छोड़ो, प्राइवेट अस्पतालों में भी ऑक्सीजन नहीं है। पैसे खर्च करके भी नहीं है। ऑक्सीमीटर तो चलो आप ब्लैक में खरीद लोगे, पर ऑक्सीजन तो कहीं नहीं है।

ऑक्सीजन की लूट है, पर ऑक्सीजन नहीं है। ऑक्सीजन के लिए दंगे हो रहे हैं। कहां तो कायदे से दूसरे दंगे होने चाहिए थे। बेचारे मीडिया ने उसके लिए कितनी मेहनत की थी, चैनलों ने बाकायदा मंच सजाए थे, मुर्गे लड़ाए थे। पर, अब देखो दंगे हो रहे ऑक्सीजन के लिए। बताओ इस देश में धर्म ध्वजा कैसे फहराएगी। ऑक्सीजन के लिए छीन झपट है। यह राज्य उस राज्य पर और वह राज्य इस राज्य पर आरोप लगा रहा है कि हमारे हिस्से की ऑक्सीजन ले गया। यह आरक्षण का मामला नहीं है। यह धर्म का मामला नहीं है। यह कोई दो राज्यों के बीच जल विवाद भी नहीं है कि वह राज्य इस राज्य पर और यह राज्य, उस राज्य पर यह आरोप लगाए कि देखो वह हमारा पानी ले गया।

अब तो झगड़ा ऑक्सीजन का है और ऑक्सीजन कहीं नहीं है। लेकिन लोग मर रहें हैं।

**प्रधानमंत्री,** गृहमंत्री, उनके लिए काम कर रहे एक्जिट पोल्स्टर्स और मित्र मीडिया ने मिलकर हिंदुस्तान के सबसे बड़े ह्यस्टॉक मार्केट स्कैमह्ल की साजिश रची है। 5 करोड़ छोटे निवेशक परिवारों के 30 लाख करोड़ रु डूबे हैं।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

## आपके ट्वीट

**झारखंड** में पहले हमने 60 साल से अधिक उम्र के लगभग सभी जरूरतमंद बुजुर्गों को पेंशन से जोड़ा, फिर हमारी सरकार ने 50 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं तथा एससी/एसटी पुरुषों को पेंशन देना शुरू किया।

**– चंपईसोरेन, सीएम**





**झारखंड** विधानसभा चुनाव के निमित्त केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह को प्रभारी, असम के मुख्यमंत्री श्री हेमंत विस्वा जी को सह प्रभारी बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। **– संजय सेठ, केन्द्रीय राज्य मंत्री**

# शाकाहारी खान पान

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**साथ निभाएं**

**जैन** ग्रंथ तत्वार्थ सूत्र का यह वाक्य जैन धर्म का सूत्रवाक्य माना जाता है। इसका अर्थ है कि सभी जीवित प्राणी एक-दूसरे के सहयोग से जीवन में आगे बढ़ते हैं। इस तरह महावीर युवाओं को साथ मिलकर एक-दूसरे से सीखते हुए ज़िंदगी की राह पर आगे कदम बढ़ाने का संदेश देते हैं।

**सबको क्षमा**

यह जैन दर्शन का एक अनूठा सिद्धांत है। महावीर सार्वभौमिक क्षमा की बात करते हैं। जैन समाज के लोग हर साल भादों के महीने में पर्यूषण का पर्व मनाते हैं, जिसके तहत आत्मशुद्धि पर बल दिया जाता है। इसी दौरान एक दिन क्षमावाणी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सभी लोग अपनी सालभर की गलतियों के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांगते हैं। यहां तक कि मानव ही नहीं, प्रत्येक जीवित प्राणी के प्रति क्षमाभाव रखा जाता है।

**शाकाहार और स्वस्थ जीवन शैली**

जैन धर्म अहिंसा और शाकाहार पर बहुत अधिक बल देता है। महावीर का मत है कि हमारा आहार हमारी जीवन शैली और हमारे विचारों पर गहरा प्रभाव डालता है। चूंकि जैन धर्म हिंसा का विरोध करता है, इसलिए यहां पशुवध और मांस-अंडे का सेवन निषेध है।

जैन लोग सदियों से रात को खाना नहीं खाने और पानी छानकर पीने के नियम का पालन करते आ रहे हैं। आज वैज्ञानिक युग में डॉक्टर और डायटीशियन बेहतर जीवन शैली के लिए ये दोनों सलाहें देते हैं। जैन फूड आजकल एक लोकप्रिय फूड ऑप्शन है। काश हम इसे गंभीरता से समझ पाते तो बेहतर होता।

## कार्टून वर्ल्ड

कैसी दुनिया कैसा बचपन ...



साभार:कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### दवाई और कड़ाई

प्रशासनिक स्तर पर अविलंब सक्रियता दिखाए जाने की जरूरत है। हवाई अड्डों, रेलवे और बस स्टेशनों पर यह व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए कि जांच में जो लोग संक्रमित पाए जा रहे हैं, उनको घर तक पहुंचाने के लिए विशेष वाहन और होम क्वारंटाइन की व्यवस्था हो। कोरोना का प्रसार रोकने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों का टीकाकरण जरूरी है।

**–नितेश जमशेदपुर**

### तुगलकी फैसले

प्रशासन व सरकार ने कोरोना को एक मजाक बना दिया है। कार में एक ही परिवार के सदस्य बैठे हों तो मास्क लगा होना चाहिए। बस में सवारियां ठसाठस भरी हुई हों और मास्क नाम की चीज की धज्जियां उड़ाई जा रही हों तो उन्हें कोई पूछने वाला नहीं है। पुलिस वालों को बस नजर नहीं आती। माना कि लापरवाही जनता की भी है इससे बचना आवश्यक है।

**–विनय मोहन, चौपारण**

# एनडीए सरकार और मोदी-3.0 की मन की बात'

**ऋतुपर्ण दवे**

## राजनीति

**मोदी** मंत्रिमण्डल का गठन जरूर हो गया लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी-भरकम मंत्रिमण्डल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एकबारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमण्डल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े, उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने झुकना, सबको अब भी हैरान कर रहा है।

यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमण्डल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली।

अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर है। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है।

आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तवज्जो चाहेगी तो कमोबेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेण्डे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं।

अपने दम पर बहुमत हासिल करने में नाकाम भाजपा नीत गठबंधन सरकार को लेकर दुनिया भर में कौतूहल था। लेकिन मंत्रिमण्डल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमण्डल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया। दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चचाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है। लेकिन देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है। लेकिन यह सच है कि असल परीक्षा के लिए लोकसभा के नियमित सत्र और नए अध्यक्ष तक इंतजार करना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी नई एनडीए सरकार के वैसे ही सख्त मुखिया दिख रहे हैं जैसे बीते दोनों कार्यकाल में रहे।

# साझे प्रयासों से ही होगा पर्यावरण संकट का समाधान

**ज्ञानेन्द्र रावत**

## पर्यावरण

**आज** एशिया की जल मीनार के रूप में विख्यात हिन्दूकुश हिमालयी पर्वत शृंखला का अस्तित्व खतरे में है। बावजूद इसके कि भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, म्यांमार, नेपाल और पाकिस्तान समेत इन आठ देशों की जलवायु, जैव विविधता और पारिस्थितिकी के मामले में एशिया की इस जल मीनार पर निर्भरता जगजाहिर है। गौरतलब है कि हिन्दूकुश पर्वत शृंखला पर इन देशों की लगभग 24 करोड़ से भी अधिक आबादी की आजीविका का भविष्य निर्भर है।

इस क्षेत्र की तकरीबन 30 फीसदी आबादी खाद्य असुरक्षा और 50 फीसदी से अधिक महिलाएं और बच्चे कुपोषण की समस्या से जूझ रहे हैं। यह मध्य एशिया का उच्च पहाड़ी इलाका है। इसमें 42 लाख वर्ग किलोमीटर हिन्दूकुश, कराकोरम का और हिमालयी इलाका शामिल है जो उक्त आठ देशों में फैला हुआ है।



यहीं से दुनिया की दस प्रमुख नदियों यथा सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र, इरावती, सलवान, मीकांग, यंगत्जे, यलो, अमदुरिया और तारिम का उद?गम हुआ है। यह सदियों से अपने कछार जो मुख्यतः मोटे तौर पर पठारी, तीखे तथा खड़े पहाड़ी व कम ढाल वाले मैदानी इलाकों में हैं, उक्त देशों के अलावा थाइलैंड, वियतनाम, कम्बोडिया और लाओस तक फैले हुए हैं, के अंतर्गत रहने-बसने वाले तकरीबन 24 फीसदी लोगों को जल बिजली परियोजनाओं के जरिये स्वच्छ पानी, पर्यावरण तथा आजीविका के अवसर मुहैया कराती रही है।

लेकिन बीते कुछेक बरसों से इतनी संपदाओं-विशिष्टताओं वाला यह इलाका जैव विविधता, आजीविका, ऊर्जा, भोजन और पानी के संकट से जूझ रहा है। इस इलाके की तबाही के कारणों में अहम है इस पर्वतीय शृंखला के जंगलों की बेतहाशा कटाई, पर्यटन में बढ़ोतरी और बाहरी लोगों द्वारा स्थानीय संसाधनों का बेदर्दी से इस्तेमाल। इसके चलते गरीबी बढ़ी, पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हुआ और आजीविका के संकट के कारण लोग पलायन को विवश हुए।

इसका खुलासा नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित बीते 37 से भी अधिक बरसों से कार्यरत इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउन्टेन डेवलपमेंट नामक एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने 2013 से 2017 के बीच इस हिन्दूकुश हिमालयी पर्वत शृंखला के विस्तृत अध्ययन के बाद अपनी रिपोर्ट में किया है। इस संगठन ने बीते साल उक्त आठ देशों के प्रतिनिधियों, मंत्रियों की नेपाल की राजधानी काठमांडू में एक बैठक आहूत की, जिसमें भारत, चीन, पाक नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, अफगानिस्तान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सभी आठ देशों ने स्वीकार किया है कि हिंदूकुश के पहाड़ी क्षेत्र में जलवायु और आपदा रोधी समुदाय विकसित करने के लिए लोगों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।

लेकिन यह तभी संभव है जब हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र में स्थायी और पारस्परिक लाभ के लिए सभी स्तरों पर आपस में सहयोग किया जाए।

क्षेत्र के लोगों की विशिष्ट समस्याओं को पहचान कर उन्हें प्राथमिकता से हल किया जाए। साल 2100 तक ग्लोबल वॉर्मिंग के स्तर को 1.5 डिग्री के लक्ष्य तक बनाए रखने के लिए सभी स्तरों पर ठोस कार्रवाई हो।

## एक नजर में

### मंडा में दहकते अंगारे पर चले शिवभक्त

**बड़कागांव।** हरली व चेपाकला गांव में मंडा पूजा व मेला में दर्जनों शिव भक्तों द्वारा पीठ में लोहे कील लगाकर 45 फीट ऊपर परिक्रमा करने के उपरांत मंगलवार को संपन्न हुआ। इसके पूर्व सोमवार रात दर्जनों शिव भक्तों द्वारा दहकते अंगारों पर चलकर आस्था का परिचय दिया और बड़ी खुशी खुशी चेहरे पर मुस्कान लिए शिव पार्वती का गीत गाते हुए अंगारों पर चलकर पार किया।जहां एक ओर हरली ग्राम के साथ–साथ क्षेत्र के हजारों लोगों का जनसैलाब जागरण व झांकी देखने में मशगुल थे वहीं दूसरी ओर दर्जनों शिव भक्त एवं उनके सहयोगी लोहटन पूजा, अंगारों पर चलना, 45 फीट ऊंचे ऊपर परिक्रमा करना एवं रात भर शिव पार्वती के ग्रामीण गीतों से पूरा गांव भक्ति विभोर था तथा आस्था के कई मिसाल प्रस्तुत किए गए। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद,वरिष्ठ आजसू नेता रोशन लाल चौधरी, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कोशीला देवी,मुखिया अनिकेत नायक आदि शामिल थे।वही विधि व्यवस्था को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस बल अपनी नजर रखे हुए थे।

### चरही प्रखंड मुख्यालय में सर्टिफिकेट वितरित

चरही। प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में मंगलवार को सर्टिफिकेट वितरण हुआ। इस कार्यक्रम मेंबीडीओ ललित राम और सीडीपीओ रेखा कुमारी उपस्थिति थे। प्लान इंडिया के बालिका शिविर परियोजना की बच्चियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने एक माह तक इंटर्नशिप के माध्यम से आंगनबाड़ी के उद्देश्य एवं सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चियों ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सेविका,जन वितरण प्रणाली की दुकान,पंचायत सचिव तथा पंचायत प्रधान के साथ कई बैठकें की। इसके साथ ही इन बालिकाओं ने सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना से अपने आस–पास की किशोरियों को जोड़कर उन्हें लाभ प्राप्ति के लिए आवेदन करने में भी सहयोग किया।कार्यक्रम के दौरान, बच्चियों ने पदाधिकारियों के समक्ष अपनी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सखी संगम के माध्यम से अपने गांव में बाल विवाह को रोकने का सफल प्रयास किया। साथ ही किशोरियों को एनीमिया से बचाव के लिए वे अपने खेतों में किचन गार्डन को प्रोत्साहित कर रही हैं।

### बरकट्ठा से चोरी ट्रक बिहार से बरामद

बरकट्ठा। चौधरी पेट्रोल पम्प से ट्रक संख्या जे एच 02एए 3272 को अज्ञात चोरों ने 15 जून को चोरी कर ली थी। ट्रक के मालिक महाबीर महतो ने थाना मे आवेदन दिया। बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित कर गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी कर कोडरमा जिला के चाँदवारा थाना क्षेत्र से दो लोगो को हिरासत मे लिया, जिसके निशांदेही पर बिहार के कड़ोना थाना जिला जहानाबाद के रंजीत रईस मिल से बरामद किया गया है। पुलिस ने सैदुल खान पिता स्व अब्दुल सत्तार अविंतिका रोहनी, दिल्ली, राजू रजक पिता लोकन राम कांको थाना जयनगर कोडरमा को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।

### आग से 85 आम के पेड़ जलकर खाक



**कटकमसांडी।** कटकमसांडी चट्टी में बिजली के शॉट सर्किट से मनरेगा के तहत एक एकड़ भूमि पर लगाए गए 85 आम के पेड़ जलकर खाक हो गया। यह पौधे वर्ष 2020 में चट्टी निवासी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल के रैयती भूमि पर लगाया गया था। पेड़ में आम के फल भी लगे हुए थे। भुक्तभोगी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि मनरेगा से 112 आम के पौधे लगाया गया था, जिसे पाल पोसकर बड़ा किया। करीब डेढ़ क्विंटल आम भी पेड़ो मे लगे थे। गत रविवार को करीब 11 बजे बगीचे में अचानक आग लगने की खबर दी गई। हजारीबाग से बगीचे तक पहुंचने से पहले गर्मी व तेज लहर के कारण आम का बगीचा जलकर खाक हो चुका था। इस अगजनी में कम से कम डेढ़ लाख की क्षति हुई है। इस बाबत भुक्तभोगी ने थाने में आवेदन देकर बगीचे के ऊपर से गुजरे बिजली तार को हटाने व उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### डीसी की अध्यक्षता में एनएचएआइ की बैठक

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक को अधिग्रहित भूमि के भू स्वामियों को ससमय मुआवजा की राशि हस्तानांतरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा जमीन अधिग्रहण के दौरान भूधारकों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाए। उन्होंने विवाद रहित भूमि को ही एंक्रोच करने तथा मुआवजा भुगतान के बाद ही जमीन अधिग्रहण की कारवाई करने को कहा। उन्होंने बताया कि एनएच का नक्शा और भू अर्जन के नक्शे में विभिन्नता की शिकायत पर अनुमंडल व अंचल स्तर पर जांच के आदेश दिए गए है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुआवजा भुगतान के बाद ही अतिक्रमण हटाया जाए।

### सीएसआर कार्यों में तेजी लायें : उपायुक्त

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सी०एस०आर० समिति की बैठक की गई। इस बैठक में संबंधित कम्पनियों को जनोपयोगी योजनाओं को प्रशासन को सूचना देकर करने का निदेश दिया गया। ताकि योजना की डुप्लीकेसी न हो। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर चालू योजनाओं को समय से पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने पिछले पाँच वर्षों में जिला में संचालित कंपनीयों के द्वारा किये गये कार्यों की विवरणी तथा एनुअल एक्शन प्लान के तहत कार्य योजना से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उपायुक्त ने चिकित्सा, शिक्षा एवं पोषण से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीएसआर मद से कई अच्छे कार्य किए जा रहे है इसलिए उन कार्यों को कंपनियां जारी रखे।

### नाबालिग से यौन शोषण मामले में प्राथमिकी

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग ने पड़रिया के युवक पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया है। बरही थाना में कांड संख्या 242/24 में धारा 376(2)(एन), 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया हैं। नाबालिग के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पड़रिया के रहने वाले सोनू कुमार पिता खगेन्द्र महतो को गिरफ्तार कर बरही पुलिस ने हजारीबाग जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक पहले से शादी शुदा है।

### बरही विधायक ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



बरही। विधायक उमाशंकर अकेला ने खोड़ाहर पंचायत के केवाल में 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। बताते चले कि केवाल में 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर रहने से काफी परेशानी हो रही थी, जिसे देखते हुए विधायक के पहल पर 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। विधायक श्री अकेला ने नए ट्रांसफॉर्मर का फीता काटकर शुभारंभ किया और ग्रामीणों को बिजली का सदुपयोग करने का सलाह दिया। विधायक श्री अकेला ने कहा कि बिजली समस्या विधानसभा क्षेत्र में कभी नहीं होने दिया जाएगा। समस्या होने पर तुरंत सूचना दें, उन्होंने कहा कि वह आपके सेवक है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है। उद्घाटन के बाद गांव रौशनी से जगमगा उठी। मौके पर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, अशोक सिंह, बिनोद सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता गौतम सिंह, शम्भू सिंह, भूषण सिंह, गंगासागर सिंह, उदय सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# सुशीला देवी हत्याकांड में शामिल एक अभियुक्त गढ़वा से गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ **रामगढ़ के विद्यानगर में सेवानिवृत रेलवे कर्मी अशर्फी प्रसाद की पत्नी की 30 मई को हुयी थी हत्या**



**रामगढ़।** सुशीला देवी हत्या कांड में एक और अभियुक्त गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने मंगलवार को बताया कि 30 मई को रामगढ़ थाना अंतर्गत पतरातू बस्ती विद्यानगर में सेवानिवृत रेलवेकर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में घुसकर उनकी पत्नी- सुशीला प्रसाद की हत्या कर नकदी एवं आभूषण लूटपाट कर साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से घर में अगजनी कर सनसनी खेज घटना को अंजाम देने के अभियुक्तों के प्रयास और मामले में एक और अभियुक्त अंकित उर्फ अनिकेत कश्यप को उसके घर गढ़वा थाना अन्तर्गत गढ़वा (संगत-रॉकी मुहल्ला) से गिरफ्तार किये जाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा काण्ड के उ.भेदन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं लूटे गये सम्पति तथा घटना में प्रयुक्त सामानों की बरामदगी को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में गठित एसआईटी टीम द्वारा साक्ष्यों के आधार पर 72 घंटे के अंदर इस काण्ड का उद्भेदन करते हुए कांड में शामिल मुख्य साजिशकर्ता कुमारी स्नेहा उनके पति आरिफ नैयर उर्फ आर्या एवं अफसर अली को गिरफ्तार कर 4 जून को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया एवं अभियुक्त कासिफ मुन अमीन को 5 जून को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि एसआईटी टीम द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 17 जून की रात्रि को गढ़वा थाना अन्तर्गत गढ़वा (संगत-रॉकी मुहल्ला) से इस कांड में फरार चल रहे अभियुक्त अंकित उर्फ अनिकेत कश्यप को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया गया । अभियुक्त की निशानदेही पर इस कांड में लूटे गये चांदी के जेवरात एवं कुछ बर्तनों को बरामद कर किया गया। अंकित उर्फ अनिकेत कश्यप उम्र करीब 27 वर्ष, पिता-स्व० प्रेम कुमार कश्यप सा०-गढ़वा (संगत-रॉकी मुहल्ला) । चांदी का दो कटोरा, एक जोड़ा चांदी का पायल बरामद। छापामारी में एसडीओ परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी अजय साहु, पुअनि सुमंत कुमार राय, पुअनि ओमकार पाल, पुअनि राजू उरांव, आरक्षी देवेन्द्र कुमार राम आदि शामिल थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र की जांच करने पहुंची सीडीपीओ

**11 जून को तीन घंटे बंद रह गया था बच्चा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चरही।** प्रखंड के चरही लालबंगला में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र दो के सेविका पूनम कुमारी और सहायिका मीरा देवी के द्वारा बरते गए लापरवाही को लेकर मंगलवार को चुरचू प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेखा रानी और सुपरवाइजर अलपना तिर्की जांच करने पहुंची। लापरवाही बरते जाने को लेकर दोनों को जमकर फटकार लगाई।सीडीपीओ रेखा रानी ने अमर कुमार महतो (3 वर्ष )के पिता सकलदीप महतो और माता सोनी सोनी कुमारी से पूछताछ किया गया।उन्होंने बताया कि बीते 11 जून सुबह को पढ़ने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र भेजा था।केंद्र में पढ़ाई के बाद 10.30 बजे सभी बच्चों की छुटी हो गई थी।सभी बच्चे अपने-अपने घर को पहुंच गए।लेकिन मेरा बच्चा घर नहीं पहुंच पाया।इसको लेकर चिंता बढ़ गई बच्चे को खोज-बीन करने लगे।नहीं मिलने पर परिजन इसकी जानकारी सेविका पूनम कुमारी को दिया। और सारी स्थिति से अवगत कराया गया।

सभी ने पुनः आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर देखा तो बच्चा तीन घण्टे तक अंदर बंद था।और रो रहा था।तत्काल केंद्र के दरवाजे पर लगे ताला को खोलकर बाहर निकाला गया।बच्चे के माता-पिता ने कहा कि इस मामले में सेविका और सहायिका द्वारा घोर लापरवाही बरती गई है।इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। सेविका पूनम कुमारी ने कहा कि 11 जून को कन्यादान प्रमाण-पत्र और कार्यालय के काम से हजारीबाग के लिए निकल निकल गई थी।केंद्र का जार्ज सहायिका मीरा देवी को दिया गया था।आगे कहा कि जब बच्चे के माता-पिता ने जानकारी दिया कि मेरे बच्चे अभी तक घर नहीं पहुंचा।सूचना मिलते ही पुनः वापस पहुंचकर बच्चे को तलाश करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर देखा तो बच्चा कमरा के अंदर बंद है।और खेल रहा है।इस मामले को लेकर सेविका और सहायिका ने इस लापरवाही और भूल को लेकर बच्चे की माता-पिता और सीडीपीओ से क्षमा याचना किया है।लेकिन माता-पिता और ग्रामीण कार्रवाई करने की मांग पर अड़े हुए हैं।अब ग्रामीणों का कहना है कि इस आंगन बाड़ी केंद्र में बच्चों की संख्या कम है।एक मात्र खानापूर्ति किया जा रहा है।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सेविका द्वारा महिला समूह को दिए गए पीडीएस दुकान को भी चला रही है।जो गैर कानूनी है।इस पर भी जांच करने की जरूरत है। सीडीपीओ रेखा रानी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी पहलुओं की जांच रिपोर्ट बनाकर वरीय अधिकारी को दिया जाएगा।जहां से आदेश मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। मौके पर चुरचू जिप सदस्य बासुदेव करमाली, सुपरवाइजर अलपना तिर्की,बच्चे के पिता सकलदीप महतो,माता सोनी कुमारी, दिनेश रविदास सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे.

## बिरसा परियोजना की कमेटी गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय सेंट्रल सौन्दा में मंगलवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसएन प्रसाद ने की। बैठक में यूनियन के बिरसा परियोजना शाखा के लिए शाखा कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजेश कुमार सिंह को अध्यक्ष, तारा प्रसाद को उपाध्यक्ष, तेज नारायण सिंह को सचिव, प्रभास मोदक को सह सचिव, गोविंद महतो को कोषाध्यक्ष तथा अमित कुमार को प्रभारी नियुक्त किया गया।

मौके पर नवर्निवाचित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए यनियन के क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी के असली पूंजी व रीढ़ होते हैं। हमारी यूनियन में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी यनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। श्री सिंह पदाधिकारियों व सदस्यों से यूनियन व मजदूरहित में कार्य करते हुए इसे और बुलंदियो तक ले जाने की बात कही।

## डीसी के जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक फरियादियों ने लगायी गुहार

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को लगभग दो दर्जन मामलों पर सुनवाई की तथा ऑन द स्पॉट निष्पादन के लिए संबंधित विभाग व पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित किया।

इस मौके पर जमीन, दिव्यांग, पीएम आवास, भूमि अतिक्रमण, इंदिरा आवास, राशन कार्ड, मुआवजा आदि मामलों की शिकायतें सुनी गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा की जिलेवासीओ का हित सर्वोपरी है। इस दिशा में जिला प्रशासन हर संभव कार्रवाई हेतु तत्पर है। इचाक प्रखंड की रीना देवी ने अबुआ आवास को लेकर आवेदन दिया, ओकनी न्यू एरिया रोड के दुलार राम ने राशन कार्ड बनाने के संबंध में, वीणा देवी सुनीता देवी चंचल कुमारी ने कटकम दाग ग्राम सिरसी हरिजन मोहल्ला की निवासी ने चापा नाल हेतु उपायुक्त को आवेदन दिया। अजय कुमार मंडल विष्णुगढ़ से जमीन की अवैध बिक्री के संबंध में उपायुक्त से गुहार लगाई।

## रामगढ़ : विधानसभा चुनाव को लेकर आजसू ने की बैठक



**रामगढ़।** आजसू पार्टी जिला कमेटी की बैठक मंगलवार को पार्टी जिला कार्यालय में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप और संचालन अनुज तिवारी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महासचिव संजय रंजन, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय सचिव विजय साहू मौजूद थे। बैठक में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर बुके देकर उनका स्वागत किया गया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने पार्टी द्वारा घोषित 100 दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आगामी 22 जून को आजसू का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर एक लाख कार्यकर्ताओं का रांची में जुटान होगा। जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी मेनीफेस्टो जारी किया जाएगा। 16 अगस्त से 2 अक्टूबर तक पूरे झारखंड में आजसू की निर्माण यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन होगा। सभी कार्यक्रमों में आजसू रामगढ़ जिला के कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाएंगे। केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि आजसू सामाजिक न्याय की बात करती है। राज्य के स्थानीय और ज्वलंत मुद्दों की बात करती है। राज्य के लोगों की समस्याएं ही आजसू के मुद्दे हैं। झारखंड अलग राज्य का गठन पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की देन है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजसू राज्य की इंडी गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। कहा कि आजसू 100 की स्ट्राइक रेट के साथ हर सीट पर जीत दर्ज करेगी। कहा कि कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें।

### जलापूर्ति को लेकर 21 को सांसद करेंगे बैठक

**बरही।** सांसद मनीष जायसवाल अपने वादों को पूरा करने की दिशा में कार्य शुरू कर चुके है। 21 जून को सर्किट हाउस हजारीबाग में पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता व कनीय अधिकारियों के साथ कार्य योजनाओं व प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुख्य रूप से बरही बाजार व बच्छई से चौपरण के जलापूर्ति कार्य अधूरा रहने एवमं धीमी गति से चल रहे कार्य के कारण बरही जलापूर्ति व्यवस्था में आम जन को संकट व कठिनाई का समान करना पड़ रहा है। साथ ही नल जल योजनाओं में भी दर्जनों गाँवो से अनियमितता एवमं एजेंसी द्वारा कार्यो में भी मनमानी की शिकायत मिल रही है। इन सब समस्याओं के निदान के लिए समीक्षा बैठक आयोजित किया गया है। पूर्व विधायक ने जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों से आग्रह किया है की पेयजल विभाग से संबधित किसी भी प्रकार के शिकायत, समस्या को लेकर आप बैठक में उपस्थित हो।

## मंडा में झलकती है झारखंड की संस्कृति : चौधरी

**देवरिया में धूमधाम से मना मंडा दहकते अंगारो पर चले शिव भक्त**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री मुंडा पूजा समिति देवरिया हुरूमगढ़ा के तत्वाधान में देवरिया में सोमवार को धूमधाम के साथ मंडा संपन्न हुआ। पुजारी दिनेश गिरी, पटभोक्ता धनिया करमाली, पहान बालेश्वर मुंडा, गोड़ाईता जुगेश्वर महली की देख-रेख में दर्जनों भोगता और सोकताईनो ने दहकते अंगारो पर चलकर और बनस झुला पर झुलकर भगवान शिव के प्रति आस्था और भक्ति का परिचय दिया।

0 मंडा में देवरिया, चिकोर, मतकमा, निम्मी, पाली आदि गांवो के भोगता और सोकताईनो ने निर्जला उपवास कर भगवान शिव की उपासना किया। पूजा को लेकर आयोजित मंडा मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसु पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि देवरिया मुखिया विकास नायक, आजसु के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, बिहार मांझी, अजय साहू, शंकर मांझी, बबलू साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा कि झारखंडी संस्कृति की धरोहर मंडा मेला हमें अपने पूर्वजों की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि मंडा मेला में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है, इसे संजोए रखना हमसबों का दायित्व है। श्री चौधरी ने कहा कि हमारे पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। ऐसे आयोजनो से ग्रामीणों के बीच आपसी भाईचारगी प्रगाढ़ होती है। मेला में आये लोगों ने जमकर खरीदारी करते हुए एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। मंडा को सफल बनाने में अध्यक्ष हीरालाल मांझी, सचिव सोनू कुमार, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार महतो, उपाध्यक्ष राजेंद्र मुंडा, सहसचिव प्रकाश मुंडा, संरक्षक राजलाल मुंडा, अनिल यादव, विक्की ठाकुर, छोटू बेदिया, मुकेश यादव, राजू महतो, भोला महतो, चास बोकारो के थाना प्रभारी राजू मुंडा, दुदवा मुंडा, नारायण महतो, सुबोध साहू सहित सुरेंद्र महतो, विशाल महतो, आकाश भुंइया, दिनेश महतो, शिवा करमाली, संतन महतो, पप्पू यादव आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना–10 / 2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.06.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 24.06.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.06.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Confidential Office in the Residential Campus of the Secretary Residence (F type) at Harmu Ranchi | 1968100.00 | 39400.00 | 5000.00 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 326554 (Building) 24-25 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:– 27/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक– 18.06.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.योजना का नाम:–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड का नाम | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-19/ 2023-24 | बुण्डू | 1. कुरियामु से बुण्डू पी०डब्लू०डी० पथ भाया लुपुगडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–4.850 कि०मी०)। | 15,65,05,000.00 (पंद्रह करोड़ पैसठ लाख पाँच हजार रू० मात्र।) | 31,31,000.00 (इकतीस लाख इकतीस हजार रू० मात्र।) | 15 माह। |
| | | बुण्डू | 2. मोड़गाडीह से हुमटा भाया जड़ेया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–2.510 कि०मी०)। | | | |
| | | बुण्डू | 3. बुण्डु कॉलेज मोड़ आई०बी० से बालाडिंग बारूहातु भाया हुमटा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–4.950 कि०मी०)। | | | |
| | | बुण्डू | 4. एन०एच० 33 हाथीतोपा हंसापीढ़ी से चिरूडीह भाया बसीदा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–3.780 कि०मी०)। | | | |
| | | सोनाहातु | 5. तिलाईपीढ़ी से चोकाहातु भाया सावडीह पापरिदा पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–11.200 कि०मी०)। | | | |
| 2 | RWD-KHU-STPKG-20/ 2023-24 | तोरपा | 1. सिमला मोड़ से सिमला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.974 कि०मी०)। | 14,85,04,300.00 (चौदह करोड़ पचासी लाख चार हजार तीन सौ रू० मात्र।) | 29,71,000.00 (उनतीस लाख एकहतर हजार रू० मात्र।) | 15 माह। |
| | | तोरपा | 2. मरचा बनिया पथ से उरमीटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.595 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 3. तोरपा गोविन्दपुर पथ से जोगीसोसो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.054 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 4. एरमेरे से ईचा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.559 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 5. पकना से खरकई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.500 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 6. खरकई से उलीहातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.200 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 7. आर०ई०ओ० पथ बनाबीरा से उड़केल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.600 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 8. अम्मा से बनियाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.822 कि०मी०)। | | | |
| | | तोरपा | 9. उड़ीकेल से महुआटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.500 कि०मी०)। | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 24.06.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.07.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 18.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803।
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR 326736 Rural Work Department(24-25)D

समय
संवाद

पिछले 15 वर्ष में भारत में 3 लाख हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग इस तरह की बृहदाकार योजनाओं के लिए बदला जा चुका है और यह क्रम सतत रूप से जारी है। इतनी चिंताजनक स्थिति के बावजूद वर्तमान आम चुनाव में यह मुद्दा जनता के बीच महत्वपूर्ण नहीं बन सका है। पर्यावरण से जुड़े दिवसों पर चेतना रैली निकालने, कुछ अच्छे नारे लगाने, भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने, या ज्यादा से ज्यादा चुनाव मैनिफेस्टो में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े वादे उछालने तक हम सीमित होते जा रहे हैं। राजनीतिक दल भी जन चेतना जगाने के इस मौके का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

# जलवायु परिवर्तन और भारतीय राजनीति में अगंभीरता

**कुलभूषण उपमन्यु**



**संयुक्त** राष्ट्र संघ की विश्व मौसम विज्ञान संस्था ने एशिया में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर एक रिपोर्ट गत सप्ताह जारी की है, जिसमें यह बात सामने आई है कि वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव एशिया में विश्व औसत से ज्यादा पड़ रहा है। इस क्षेत्र में कई देशों में आज तक का अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है, जिसके कारण इस महाद्वीप में 2023 में 90 लाख लोग बाढ़ और तूफान से प्रभावित हुए। दो हजार लोग काल का ग्रास बन गए। जलवायु परिवर्तन ने बाढ़, सूखे और तूफानों की घटनाओं को न केवल बढ़ाया है बल्कि उनकी भयानकता को भी बढ़ाया है, जिसका दुष्प्रभाव वहां के समाज, अर्थ व्यवस्था, और मानव जीवन पर पड़ा है।

जलवायु परिवर्तन के मुख्य सूचकों जैसे कि जमीनी तापमान में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना, और समुद्र के जलस्तर के बढ़ने से बिगड़ती हुई स्थिति का पता चल रहा है। 1960-1990 के दौर के मुकाबले तापमान वृद्धि की दर लगभग दुगुनी हो गई है। 2023 में जहां एक ओर सूखा पड़ा वहीं दूसरी ओर भयानक बाढ़ आई। चीन की बाढ़ और भारत में सूखे से 65 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। चीन में 140 वर्षों का वर्षा का रिकार्ड टूट गया।

वहीं दक्षिण पश्चिमी चीन भारी सूखे की चपेट में रहा। भारत में लू के कारण 100 लोगों की मौत हो गई और सिक्किम का तीस्ता-3 बांध बाढ़ की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया और 100 लोग अपनी जान गंवा बैठे। बढ़ते तापमान के कारण इस तरह की घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। भारत और बांग्लादेश में लू की संभावनाओं में 30 गुणा वृद्धि की आशंका पैदा हो गई।

एशिया के तेज गति से बढ़ते तापमान के चलते इसके ग्लेशियर भी खतरे में पड़ गए हैं। मुख्य 22 ग्लेशियरों में से 20 में भारी नकारात्मक बदलाव पाए गए हैं। यानी ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हुई है। तापमान वृद्धि से समुद्र का जल भी ज्यादा गर्म हो रहा है जिसके कारण भारी बारिश और समुद्री तूफानों का खतरा बढ़ा है। पिछले चार दशकों में अरब सागर में समुद्री तूफानों की संख्या में डेढ़ गुणा वृद्धि हुई है और तूफानों की घातकता भी बढ़ी है।

जुलाई और अगस्त 2023 में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन के कारण हुई भारी तबाही का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है ,जिसको भारत सरकार ने आपात स्थिति घोषित किया। इन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा प्रबन्धन के विषय में भी काफी कुछ करने की जरूरत पर रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है। हालांकि भारत ने इस विषय में कुछ मानकों पर अच्छी प्रगति की है फिर भी काफी कुछ किए जाने की जरूरत है। पूर्व चेतावनी व्यवस्था में सुधार करके आपदाओं में होने वाली हानि को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

रिपोर्ट में आर्थिक असमानता के चलते जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के और ज्यादा चिंताजनक होने की बात कही गई है। जाहिर है कि बढ़ते तापमान का प्रत्यक्ष डंक उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है जिनके पास आवास की व्यवस्था नहीं है, या जिन्हें दैनिक मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है, या वह किसान जिनकी फसल खुले में में ईश्वर भरोसे रहती है। उनके लिए जलवायु अनुकूलन व्यवस्था खड़ी करना भी संभव नहीं होता। बढ़ते तापमान से फसलों की उत्पादकता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने के कारण खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा पैदा होने की संभावना बन सकती है।

इस दिशा में जलवायु की विपरीत स्थितियों को झेलने में सक्षम फसलों और फसल किस्मों पर ज्यादा शोध और प्रचार-प्रसार की जरूरत है। इस दिशा में पुराने समय में प्रचलित श्री धान्य फसलों कोदा, रामदाना, स्वांक, बाजरा, आदि का प्रचार-प्रसार करके अच्छी पहल की जा रही है। किन्तु कार्बन उत्सर्जन करने वाली ऊर्जा उत्पादन तकनीकों और बड़े प्रोजेक्टों, खनन परियोजनाओं के कारण वनों के विनाश से कार्बन प्रदूषण क्षमता में आ रही कमी की चुनौतियां यथावत बनी हैं और बढ़ भी रही हैं।

आम मतदाता निजी आर्थिक लाभ से ज्यादा सोचने को तैयार नहीं है। इस लिए राजनीतिक दल भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं। हिमालय के नाजुक परिस्थिति संतुलन के दृष्टिगत यह मामला हिमालय में और भी ज्यादा संगीन हो जाता है। किन्तु हम प्राकृतिक आपदा का बहाना गढ़कर आत्मसंतुष्टि कर लेते हैं या खुद को धोखा देते रहते हैं। जबकि हम सब समझते हैं कि जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित गलतियों का नतीजा है। फिर भी हम न तो आत्मसंयम से अनावश्यक वस्तुओं, पदार्थों के उपयोग से बचना चाहते हैं न ही सरकारों के सामने अपनी पर्यावरण विषयक चिंताओं को रख कर दबाव बना कर नीतिगत बदलाव की मांग रखना चाहते हैं। सरकारें अपने आप विकास को सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर से नाप कर आगे बढ़ती हैं उन्हें पर्यावरण जैसे मुद्दे उतने लुभावने नहीं लगते। दुनिया भर में सरकारें जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर टालमटोल करते हुए, शमार्ते हुए कुछ थोड़ा बहुत कार्य करती रहती हैं। कुछ गंभीरता जब आपदाएं आती हैं तब दिखाई देती है। धीरे-धीरे प्रकृति के ऊपर दोषारोपण करके समस्या भूल जाते हैं।

इस बार कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों ने ही इस मुद्दे पर कुछ लक्ष्य अपने चुनाव घोषणा पत्र में रखे हैं। किन्तु पिछले अनुभव के आधार पर ज्यादा आशा नहीं जगती है। शिमला में 2009 में जलवायु कॉन्क्लेव हुआ था, उसके साथ ही हिमालयी परिस्थिति तंत्र को बचाने के लिए कुछ लक्ष्य तय किए गए थे। किन्तु दोनों प्रमुख दलों को पर्याप्त समय मिलने के बावजूद विशेष प्रगति इस दिशा में नहीं हो सकी। वैश्विक स्तर और हिमालय के स्तर पर जलवायु परिवर्तन की चुनौती के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के चलते अब समय आ गया है जब कि इस मुद्दे पर आम जनता और राजनीतिक दलों को चुनावी राजनीति के केंद्र में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लिया जाना चाहिए, ताकि सरकार गठन के बाद इस मुद्दे पर समुचित कार्य किया जा सके और सरकारों की जवाबदेही भी तय हो।

(लेखक, जल-जंगल-जमीन के मुद्दों के पैरोकार हैं।)

# एक विजेता की तरह जीते संवेदनशील राहुल गांधी

**जन्मदिन 19 जून पर विशेष**
**भीड़ में भी तन्हा हैं राहुल गांधी**

**-फिरदौस खान**

राहुल गांधी हाल के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के रायबरेली और केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र से लाखों मतों से जीत हासिल कर इतिहास रचा है। उन्होंने अपने पुराने लोकसभा क्षेत्र वायनाड छोड़कर रायबरेली से सांसद रहने का फैसला किया है। बहरहाल, उनकी जिन्दगी कोई आसान नहीं है। इसमें जितने फूल हैं, उससे कहीं ज्यादा खार हैं जिनकी चुभन उन्हें हमेशा महसूस होती रहती है।

राहुल गांधी एक ऐसे खानदान के वारिस हैं, जिसने देश के लिए अपनी जानें तक कुर्बान कर दीं। उनके भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में लाखों-करोड़ों चाहने वाले हैं। लेकिन इस सबके बावजूद वे अकेले खड़े नजर आते हैं। उनके चारों तरफ एक ऐसा अनदेखा दायरा है, जिससे वे चाहकर भी बाहर नहीं आ पाते। एक ऐसी दीवार है, जिसे वे तोड़ नहीं पा रहे हैं। वे अपने आसपास बने खोल में घुटन तो महसूस करते हैं, लेकिन उससे निकलने की कोई राह, कोई तरकीब उन्हें नजर नहीं आती।

बचपन से ही उन्हें ऐसा माहौल मिला, जहां अपने-पराये और दोस्त-दुश्मन की पहचान करना बड़ा मुश्किल हो गया था। उनकी दादी इंदिरा गांधी और उनके पिता राजीव गांधी का बेरहमी से कत्ल कर दिया गया। इन हादसों ने उन्हें वह दर्द दिया, जिसकी जरा-सी भी याद उनकी आंखें भिगो देती है। उन्होंने कहा था- उनकी दादी को उन सुरक्षा गार्डों ने मारा, जिनके साथ वे बैडमिंटन खेला करते थे।

वैसे राहुल गांधी के दुश्मनों की भी कोई कमी नहीं है। कभी उन्हें जान से मार देने की धमकियां मिलती हैं, तो कभी उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके जाते हैं। अप्रैल 2018 में उनका जहाज क्रैश होते-होते बचा। कर्नाटक के हुबली में उड़ान के दौरान 41 हजार फुट की ऊंचाई पर जहाज में तकनीकी खराबी आ गई और वह आठ हजार फुट तक नीचे आ गया।

किसी अनहोनी की आशंका की वजह से ही राहुल गांधी हमेशा सुरक्षाकर्मियों से घिरे रहे हैं, इसलिए उन्हें वह जिन्दगी नहीं मिल पाई, जिसे कोई आम इंसान जीता है। बचपन में भी उन्हें गार्डन के एक कोने से दूसरे कोने तक जाने की इजाजत नहीं थी। खेलते वक़्त भी सुरक्षाकर्मी किसी साये की तरह उनके साथ ही रहा करते थे। वे अपनी जिन्दगी जीना चाहते थे, एक आम इंसान की जिन्दगी। राहुल गांधी ने एक बार कहा था- अमेरिका में पढ़ाई के बाद मैंने जोखिम उठाया और अपने सुरक्षा गार्डों से निजात पा ली, ताकि इंग्लैंड में आम ज़िन्दगी जी सकूं। लेकिन ऐसा ज्यादा वक़्त तक नहीं हो पाया और वे फिर से सुरक्षाकर्मियों के घेरे में कैद होकर रह गए।

हर वक़्त कड़ी सुरक्षा में रहना, किसी भी इंसान को असहज कर देगा, लेकिन उन्होंने इसी माहौल में जीने की आदत डाल ली। खौफ के साये में रहने के बावजूद उनका दिल मुहब्बत से सराबोर है। वे एक ऐसे शख़्स हैं, जो अपने दुश्मनों के लिए भी दिल में नफरत नहीं रखते। वे कहते हैं- ॖमेरे पिता ने मुझे सिखाया कि नफरत पालने वालों के लिए यह जेल होती है। मैं उनका आभार जताता हूं कि उन्होंने मुझे सभी को प्यार और सम्मान करना सिखाया।ॖ अपने पिता की सीख को उन्होंने अपनी जिन्दगी में ढाला। इसीलिए उन्होंने अपने पिता के कातिलों तक को माफ कर दिया। उनका कहना है- ₹वजह जो भी हो, मुझे किसी भी तरह की हिंसा पसंद नहीं है। मुझे पता है कि दूसरी तरफ होने का मतलब क्या होता है। ऐसे में जब मैं हिंसा देखता हूं चाहे वो किसी के भी साथ हो रही हो, मुझे पता होता है कि इसके पीछे एक इंसान, उसका परिवार और रोते हुए बच्चे हैं। मैं ये समझने के लिए काफी दर्द से होकर गुजरा हूं। मुझे सच में किसी से नफरत करना बेहद मुश्किल लगता है।₹

उन्होंने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरण का जिक्र करते हुए कहा था- ₹मुझे याद है जब मैंने टीवी पर प्रभाकरण के मुर्दा जिस्म को जमीन पर पड़ा देखा। ये देखकर मेरे मन में दो जज्बे पैदा हुए। पहला ये कि ये लोग इनकी लाश का इस तरह अपमान क्यों कर रहे हैं और दूसरा मुझे प्रभाकरण और उनके परिवार के लिए बुरा महसूस हुआ।₹

राहुल गांधी एक ऐसी शख़्सियत के मालिक हैं, जिनसे कोई भी मुतासिर हुए बिना नहीं रह सकता। देश के प्रभावशाली राज घराने से होने के बावजूद उनमें जर्रा भर भी गुरूर नहीं है। उनकी भाषा में मिठास और अपनापन है, जो सभी को अपनी तरफ आकर्षित करता है। वे विनम्र इतने हैं कि अपने विरोधियों के साथ भी सम्मान से पेश आते हैं, भले ही उनके विरोधी उनके लिए कितनी ही तल्ख भाषा का इस्तेमाल क्यों न करते रहें। किसी भी हाल में वे अपनी तहजीब से पीछे नहीं हटते। उनके कट्टर विरोधी भी कहते हैं कि राहुल गांधी का विरोध करना उनकी पार्टी की नीति का एक अहम हिस्सा है, लेकिन जाती तौर पर वे राहुल गांधी को बहुत पसंद करते हैं। वे खुशमिजाज, ईमानदार, मेहनती, क्षमाशील और सकारात्मक सोच वाले हैं। बुजुर्ग उन्हें स्नेह करते हैं, उनके सर पर शफकत का हाथ रखते हैं, उन्हें दुआएं देते हैं। वे युवाओं के चहेते हैं। राहुल गांधी अपने विरोधियों का नाम भी सम्मान के साथ लेते हैं, उनके नाम के साथ जी लगाते हैं। सच है कि संस्कार विरासत में मिलते हैं, संस्कार घर से मिला करते हैं। अपने से बड़ों के लिए उनके दिल में सम्मान है, तो बच्चों के लिए प्यार-दुलार है। वे इंसानियत को सर्वोपरि मानते हैं। अपने पिता की ही तरह अपने कट्टर विरोधियों की मदद करने में भी पीछे नहीं रहते।

राहुल गांधी छल और फरेब की राजनीति नहीं करते। वे कहते हैं- "मैं गांधीजी की सोच से राजनीति करता हूं। अगर कोई मुझसे कहे कि आप झूठ बोल कर राजनीति करो, तो मैं यह नहीं कर सकता। मेरे अंदर ये है ही नहीं। इससे मुझे नुकसान भी होता है। मैं झूठे वादे नहीं करता।₹ वे ये भी कहते हैं- ॖसत्ता और सच्चाई में फर्क होता है। जरूरी नहीं है, जिसके पास सत्ता है उसके पास सच्चाई है।

वे कहते हैं- ₹जब भी मैं किसी देशवासी से मिलता हूं। मुझे सिर्फ. उसकी भारतीयता दिखाई देती है। मेरे लिए उसकी यही पहचान है। अपने देशवासियों के बीच न मुझे धर्म, ना वर्ग, ना कोई और अंतर दिखता है।कहते हैं कि सच के रास्ते में मुश्किलें ज्यादा आती हैं और राहुल गांधी को भी बेहिसाब मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बचपन से ही उनके विरोधियों ने उनके खिलाफ साजिशें रचनी शुरू कर दी थीं। उन पर लगातार जाती हमले किए जाते हैं। इस बात को राहुल गांधी भी बखूबी समझते हैं, तभी तो एक बार विदेश जाने से पहले उन्होंने एक्स पर अपने विरोधियों को सम्बोधित करते हुए लिखा था- ₹कुछ दिन के लिए देश से बाहर रहूंगा. भारतीय जनता पार्टी की सोशल मीडिया ट्रोल आर्मी के दोस्तों, ज्यादा परेशान मत होना. मैं जल्द ही वापस लौटूंगा.₹

राहुल गांधी पर हर तरफ से हमले होते ही रहते हैं. उनके खिलाफ देशभर में इतने मामले दर्ज हैं कि वे आए दिन किसी न किसी अदालत में पेश होते रहते हैं। मोदी सरनेम वाले मामले में सूरत की अदालत से दो साल की सजा मिलने के बाद 23 मार्च 2023 से उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई थी। इस पर उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। अदालत ने 4 अगस्त को उन्हें दोषी ठहराए जाने के फैसले पर रोक लगा दी। इसके बाद 7 अगस्त को लोकसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता बहाल कर दी।

राहुल गांधी एक नेता हैं, जो पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए, पार्टी को हुकूमत में लाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उन्हें वह कामयाबी नहीं मिल पा रही है, जो उन्हें मिलनी चाहिए या ये कहें कि जिसके वे हकदार हैं। शायद वे सियासत के लिए बने ही नहीं हैं। उन्हें तो सियासत में धकेला गया है लेकिन आज वे देश के विजेता है।

बहरहाल वे तमाम अफवाहों और अपने खिलाफ रची जाने वाली तमाम साजिशों से अकेले ही जूझ रहे है और मुस्कराकर उनका सामना कर रहे हैं।

# मेरे कृष्ण कौन है?




**अजय दीप वाधवा**

**गीता** का जन्म किसी शान्त, मनोरम जंगल में नहीं, बल्कि कुरुक्षेत्र के मैदान में हुआ था। अर्जुन के सामने एक तरफ धर्म था

तो दूसरी तरफ नाते-रिश्तेदार का मोह। बड़ा कठिन था निर्णय लेना। निर्णय करना था कि युद्ध करें कि न करें। और अर्जुन धर्म नहीं बल्कि मोह चुनने को तैयार थे। अर्जुन का भी मन एक साधारण मन ही था, अपनों पर बाण चलाना उनके लिए आसान नहीं था। आज के युग में हमारी भी स्थिति अर्जुन से अलग नहीं है। हमारे भी जीवन में ऐसे क्षण आते हैं जहाँ निर्णय लेना आसान नहीं होता। यदि हमें कृष्ण का साथ नहीं मिला तो जीवन के कुरुक्षेत्र में हम हार ही जाएँगे क्योंकि कृष्ण के बिना जीत असम्भव है। पर सवाल है की हमें कृष्ण कहां मिलेगा? हमारा या मेरा कृष्ण कहां है? मेरे विचार से कृष्ण हर व्यक्ति के पास है, बस हमें उसे पहचानना है। बल्कि कृष्ण कई रूपों के साथ हमारे साथ समय समय पर रहते ही है। सबसे पहले तो कृष्ण हमारी अंतरात्मा के रूप में हमारे साथ है। हमें बस अपनी अंतरात्मा की आवाज को सुनना है। जब भी मनुष्य कोई गलत काम करने को प्रेरित होता है, उसकी आत्मा उसे कचोटती है। अंतरात्मा उसे सिग्नल देती है कि तुम गलत कर रहे हो। हम प्राय इस की आवाज नहीं सुनते हैं। मैने कई बार लोगों को कहते सुना है कि जब वे कोई गलत कार्य पहली बार कर रहे थे, जैसे घूस लेना या चोरी करना, तो उनकी अंतरात्मा उनको कचोट रही थी, उनका हृदय उस काम को न करने की सलाह दे रहा था, पर उन्होंने उसकी सलाह नहीं मानी या उसे ना चाहते हुए भी नकार दिया। बाद में वे बहुत बड़े घूसखोर या चोर बन गए। जब सजा हुई तब वे सोचते है कि उस समय उन्होंने अपनी अंतरात्मा या हृदय की बात क्यों नहीं सुनी!!
तो पहला कृष्ण तो हमारी अंतरात्मा ही होती है जो जीवन भर हमारे साथ रहती है। फिर कृष्ण हमारे माता पिता के रूप में भी हमारे सामने आते हैं। वे हमें सही सलाह देते रहते हैं। पर यहां भी हम गलती करते रहते है और उनकी बातों को नहीं सुनते हैं। हमें लगता है कि हम अपने मां बाप से ज्यादा शिक्षित, आधुनिक ,समझदार हैं; मां बाप तो पुराने जमाने के पुराने विचारों वाले लोग हैं। उनको आज की समझ नहीं है। पर जो व्यक्ति उनकी सुन लेता है, वो सफल होता है। मुकेश अंबानी के अनुसार उनके पिता जी आज से तीस वर्ष पूर्व उन्हे मोबाइल फोन के व्यापार में जाने की सलाह दी थी जिस से वे सहमत नहीं थे। सिर्फ अपने पिता की बात मानते हुए उन्होंने मोबाइल फोन में प्रवेश किया। आज विश्व में डेटा क्रांति आ गई है और भारत में उनकी कंपनी जियो एक बहुत ही सफल संचार क्रांति की कंपनी है। इसके अलावा कृष्ण हमारे जीवन में अच्छे मित्रों, भाई बहन और कुछ सलाहकारों के रूप में भी समय समय पर आते हैं। हमें बस उनको पहचानना है और उसके बाद उनकी बातों को मानना है। कहने का तात्पर्य है कि कृष्ण तो अनेक रूपों में हमारे साथ है, शायद हम ही अर्जुन के रूप में उनके साथ नहीं हैं। (कॉस्ट अकाउंटेंट सह मोटिवेटर)

# दिवारों पर वर्टिकल फार्मिंग



**जीवीएस शास्त्री**

**यह** तो सभी को पता है कि खेती जमीन पर की जाती है। लेकिन अगर आपको पता चले कि दुनिया नें कुछ ऐसी जगहें भी हैं। जहां दीवारों पर खेती की जाती है, तो शायद आप हैरान रह जाएं। वहीं आपको बता दें कि दुनिया में ऐसी कई जगह हैं जहां दीवार भी खेती होती है। इसे वर्टिकल फार्मिंग कहते हैं। यह धीरे धीरे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय होता जा रहा है। इसी बीच आज हम आपको इससे जुड़ी तमाम जानकारी बताने जा रहे हैं। तो आइए इसे विस्तार से जानते हैं।

**यहां वर्टिकल फार्मिंग होती है**

आपको बता दें कि इजरायल के साथ साथ और भी कई देश हैं जहां वर्टिकल फामिंग होती है। दरअसल यहां खेती के लिए जमीन कम है। जिस वजह से यहां के लोग दीवार पर खेती करना बेहतर समझते हैं। इस टेकनीक को इजरायल, अमेरिका, चीन और भी कई देश इसे अपना रहे हैं।

कंप्यूटर को यूज किया जाता है

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दीवार पर खेती करने के लिए कंप्यूटर को यूज किया जाता है। इसके लिए छोटे छोटे गमलों नें पौधे लगाकर दीवारों पर इस तरीके से लगाया जाता है कि वो गिरे नहीं। इसकी सिंचाई करने के लिए कंप्यूटर का यूज किया जाता है। गेंहू अनाज को उगाने के लिए यूनिट्स को दीवारों से थोड़ी देर के निकाल कर फिर से दिवार पर लगा दिया जाता है। इन फसलों को उगाने के लिए बूंद बूंद की सिंचाई की टेकनीक को अपनाया जाता है।

**ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है**

इस टेकनीक को देशों में अपनाया जा रहा है। इससे जमीन की बचत तो होती हैं। साथ घर का तापमान भी सही रहता है। इससे इसके आसपास के वातावरण में खुश्बू भरा होता है। वहीं वर्टिकल फार्मिंग से ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है।

# पेट की समस्त बीमारियों का जड़ है हमारा मन

**संन्यासी मुक्तरथ**





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवश के उपलक्ष्य में सत्यानन्द योग मिशन द्वारा राजधानी के प्रमुख-प्रमुख जगहों पर योग शिविर का संचालन हो रहा है। इस कड़ी में आज होटल रेन्ड्यू,लालपुर में बृहत योग कक्षा का संचालन हुआ जिसमें स्वामी मुक्तरथ और इनकी टीम ध्यान,प्राणायाम और योग की आवश्यक क्रियाओं को बताये।

मुक्तरथ जी ने बताया कि अस्सी प्रतिशत बीमारियों का कारण हमारा मन है सिर्फ बीस प्रतिशत बीमारियाँ ही शारीरिक हैं। पेट के समस्त प्रकार की बीमारियों का जड़ हमारे मन में है और उपाय ढूंढते हैं शरीर में। ईलाज करते हैं पेट का। पेप्टिक अल्सर,ड्यूडिनल अल्सर,कोलाइटिस, गेस्ट्रोइंटेसटाइनल डिजीज, कॉन्स्टिपेशन, पाइल्स ये सारी बीमारियाँ तनाव के बजह से आती है। जब तक हम मन को रिलैक्स करने का उपाय नहीं करेंगे, मेडिटेशन नही करेंगे, प्राणायाम नहीं करेंगे तब इन बीमारियों को दूर नहीं किया जा सकता है। बढ़ते कैंसर का भी बड़ा कारण तनाव है। आज इंसान को योग की बहुत ज्यादा जरूरत है, उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग से बढ़कर दूसरा कोई साधन नहीं है।

होटल रेन्ड्यू के प्रबंधक अमित साहू ने कहा कि राजधानी में योग के प्रचार-प्रसार और शिविर लगाने में मेरा सहयोग स्वामी जी को मिलते रहेगा। योग से हमने बहुत कुछ लाभ देखा है और खुद महसूस किया है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम



मांडर प्रखंड के लेपसर गाँव में इफको द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण के उपरांत एक किसान सभा का आयोजन किया गया कइस सभा में 100 से अधिक महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया क इस क्षेत्र के अधिकतर किसान धान के फसल के साथ सब्जी की खेती में टमाटर की खेती बहुतायत से करते हैं साथ ही लतरवर्गीय सब्जी और आलू की भी खेती करते हैं कइन फसलों में दानेदार यूरिया और अन्य उर्वरकों के प्रयोग होने के कारण कई तरह के कीट एवं रोग फसलों में लग जाते हैं जिस कारण किसानों को इनसे बचाव के लिए दवा के रूप मे बहुत खर्च करना है फिर भी वांछित लाभ नहीं मिल पाता है क

किसानों के इन्हीं चिन्ता को लेकर आज यह गोष्ठी किया गया और उन्हें बताया गया कि किस प्रकार रासायनिक खादों के कम प्रयोग और इफको नैनो उर्वरकों के प्रयोगों से कीट और रोगों से बचाव किया जा सकता है साथ ही चूँकि नैनो उर्वरक के प्रयोग से फसल लम्बे अवधि तक पोषक तत्व पत्तियों के माध्यम से पाते रहते है जिससे गुणवत्तापूर्ण और अधिक उत्पादन भी फसलों से मिलता है।

इस अवसर पर इफको के राज्य विपणन प्रबंधक श्री यू के सिन्हा ने भी किसानों से संतुलित एवं नैनो उर्वरकों का टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के लिए प्रयोग करने के लिये किसानों से निवेदन किया ।

मौके पर किसान नरेंद्र ने भी नैनो उर्वरकों के प्रयोग से होने वाले लाभ के बारे में अपना अनुभव सभी किसानों को बताया।

## स्पीड न्यूज

### बहन प्रियंका बनी महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी



गुमला। गुमला जिला महिला पतंजलि योग समिति की बैठक मंगलवार को पालकोट रोड स्थित लक्ष्मी मंदिर परिसर में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड महिला पतंजलि योग समिति प्रभारी बहन सुधा उपस्थित थी। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला पतंजलि योग समिति को पूरे जिला में विस्तार देना एवं योग के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन उपलब्ध कराना। बैठक को संबोधित करते हुए बहन सुधा ने परम पूज्य स्वामी रामदेव के योग एवं आयुर्वेद से जन-जन को लाभ पहुंचाने की बात कही। बैठक में महिला पतंजलि योग समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बहन प्रियंका को महिला पतंजलि योग समिति का जिला प्रभारी का दायित्व दिया गया। इसी प्रकार सर्वसम्मति से गुड़िया को महामंत्री, प्रीति वर्मा को कोषाध्यक्ष एवं बहन सीता को संगठन मंत्री का दायित्व दिया गया। जबकि बहन अनीशा को सोशल मीडिया प्रभारी, बंटी देवी को संवाद प्रभारी, बहन राधा को भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की महामंत्री, रीना देवी को यज्ञ प्रभारी का दायित्व दिया गया। वहीं पर बसिया के प्रखंड प्रभारी के रूप में सुधा देवी का चयन हुआ और तारामणि जी को बसिया प्रखंड का महामंत्री बनाया गया। इस बैठक में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी भोला प्रसाद, बसिया प्रखंड प्रभारी संतोष साहू, आनंद प्रसाद गुप्ता, गौतम साहू,प्रभादेवी, सुनीता देवी, श्रुति देवी, ज्योति देवी, लक्ष्मी देवी आदि शामिल थे।

### जिले में 19 जून को मनाया जाएगा विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस

गुमला। 19 जून को विश्व सिकल सेल अनीमिया दिवस है। इस अवसर पर पूरे गुमला जिला में वृहत रूप से सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों को उक्त बीमारी के संबंध में जागरूक किया जायगा। सभी बच्चों एवं शिक्षकों का सिकल सेल एनीमिया का निः शुल्क जांच किया जाएगा। इसके लिए सभी कस्तूरबागांधी एवं आवासीय विद्यालयों में सभी छात्राओं एवं छात्रों का सिकल सेल एनीमिया की जांच करने की तैयारी की जा रही है। उक्त जानकारी स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ डॉ प्रमोद कुमार सिन्हा के द्वारा दी गई।

### नगर परिषद पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया अतिक्रमण अभियान



गुमला। नगर परिषद पदाधिकारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को शहर मुख्यालय में अतिक्रमण अभियान चलाते हुए लोगों को समझाया गया। जिसकी शुरूआत पालकोट रोड नगर परिषद कार्यालय से हुई। जिसके बाद सिसई रोड से पोद्दार धर्मशाला तक एवं टावर चौक से मेन रोड व जशपुर रोड तक चलाया गया। सड़क किनारे सब्जी दुकान लगाने वाले लोगों को पूर्व की भांति टंगरा मार्केट स्तिथ वेंडिंग जॉन में दुकान लगाने हेतु निर्देशित किया गया। आज दुकानदारों को चेतावनी देकर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। बुधवार को अतिक्रमण अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ फाईन काटा जाएगा।

### मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान

गुमला। मारवाड़ी युवा मंच गुमला के सदस्य पंकज साबू ने बी पॉजिटिव रक्तदान कर सदर अस्पताल में इलाजरत महिला की जान बचायी। पंकज ने कहा कि रक्तदान हर व्यक्ति को तीन महीने पर करना चाहिए। जिससे कि हीमोग्लोबिन और हार्ट फेलियर और हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, संजीव मलानी, रोहित खंडेलवाल और अन्य लोग उपस्थित थे।

### चैनपुर बजार टांड़ में बंद पड़े घर में चोरों ने किया हाथ साफ



चैनपुर। चैनपुर मुख्यालय में फिर से चोरों का आतंक देखने को मिल रहा है। पहले चोरों के द्वारा रात के अंधेरे में घर के सामने व गाय बकरी की चोरी लगातार सुनने को मिल रही थी। लेकिन अब चोर घरों को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला चैनपुर बजार टांड़ के सोहन चौक का है। जहां सोमवार की रात चोरों ने कुसुम कुजूर के घर की दिवाल तोड़ कर अंदर रखे नगद तथा जेवर की चोरी कर ली। घटना की जानकारी देते हुए कुसुम कुजूर ने बताया कि अत्यधिक गर्मी रहने के कारण वे 9.30 बजे घर बंद कर अपनी सहेली के घर सोने चली गई थी और जब सुबह मैंने देखा तो दिवाल टूटा हुआ है और घर के अंदर रखे पैसे और जेवर गायब हैं। सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव, एएसआई मदन शर्मा दल बल के साथ घटनास्थल पर पंहुच कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है।

### भरनो प्रखंड के आताकोरा लेंटगा टोली में युवाओं ने किया धुमकुडिया का निर्माण



सिसई। भरनो प्रखंड के आताकोरा लेटंगा टोली के युवाओं ने विलुप्त होती कुडुख भाषा संस्कृति की संरक्षण एवं संवर्धन करने के उद्देश्य से श्रम दान कर एक धुमकुड़िया का निर्माण किया है। विलुप्त होते कुडुख भाषा सांस्कृति व कुडुख भाषा की अपनी लिपि तोलोंग सिकि का संरक्षण एवं संवर्धन कार्य से समाज के पहान पुजार, महतो, पड़हा बेल, दिवान, कोटवार, कुडुख शिक्षक, मुखिया, सरपंच, विधायक प्रतिनिधि साथ में थाना प्रभारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# कोयलांचल में मूसलाधार बारिश

खबर मन्त्र संवाददाता

### मौसम हुआ सुहाना



धनबाद। एक पखबारे से बरस रही आग के बाद आज देर शाम कोयलांचल का मौसम कूल कूल हो गया। मंगलवार की रात 7रू30 बजे तेज हवाए गर्जन के साथ मूसलाधार बारिश हुई। करीब एक घंटे तक हुई राहत की इस बारिश ने हर किसी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दिया। कुछ लोग आपस में कहते नजर आए काश हर दिन ऐसी शाम होती।

वहीं सड़कए गली.मुहल्लों में कुछ देर के लिए जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोगों का कहना था कि निगम की ओर से नाली की सफाई देर से शुरू हुई हैए इसलिए ऐसी स्थिति बनी है। कई जगह तो नाली की गंदगी निकालकर सड़क पर रखी दी जा रही हैए बारिश होंने पर वहीं गंदगी बहकर फिर से नाली में प्रवेश कर गई है। जिसके कारण भी जल जमाव की समस्या उत्पन्न हुई है। दूसरी ओर तेज हवा के कारण कई पेड़ की डाली में सड़क पर गिर गईए जिसके कारण कुछ स्थानों पर आवामन बाधित रहा। बिजली भी देर से पहुंची। अगले तीन चार दिनों तक बारिश के कारण तापमान में 3 से 4 डिग्री कमी देखने को मिलेगी। उमस भरी गर्मी से भी राहत मिलने के आसार है। मानसून सक्रिय हुआ तो आगे चलकर तापमान में और अधिक गिरावट देखने को मिल सकती है। कुल मिलाकर लगातार गर्मी झेल रहे लोगों के लिए आने वाला दिन सकून भरा रहने वाला है।

# दिव्यांग सरोज को डीसी ने प्रदान किये सिलाई मशीन

सरोज महिलाओं को सिलाई सिखाकर बनाएंगी आत्मनिर्भर, जन शिकायत निवरण दिवस पर लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्या





खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जन शिकायत दिवस में जिले के दूर दराज से लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रारंभ जन शिकायत निवारण दिवस में लगातार सैंकड़ों आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले माह जन शिकायत दिवस में उपायुक्त से मिलने बसिया प्रखंड की दिव्यांग बेटी सरोज बारला ने अपने रोजगार संवर्धन के लिए उपायुक्त से सहायता की मांग की थी। उन्होंने सिलाई करने की ट्रेनिंग ली थी एवं वह स्वयं दिव्यांग होते हुए भी अन्य महिलाओं को रोजगार करने के लिए प्रेरित करती हैं एवं उन्हें भी सिलाई करना सिखाती है। सरोज की प्रतिभा एवं कुछ करने की इच्छा को देखते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के सहयोग से सरोज को 3 सिलाई मशीन टेबल के साथ प्रदान किया गया। सरोज बरला कहती हैं कि उन्हें 1 माह में ही उपायुक्त से सहायता मिल गई। जिससे वे बेहद खुश है। सरोज कहती है कि वह इस मशीन से अपने संस्था को विस्तारित रूप देंगी एवं और भी महिलाओं को सिलाई करना सिखाएंगी एवं अपने साथ साथ अन्य महिलाओं को भी रोजगार करने हेतु प्रेरित करेंगी। वहीं जन शिकायत दिवस पर गुमला के पालकोट रोड निवासी विकास कुमार ने उपायुक्त को आवेदन देकर अपने हार्डवेयर की दुकान शॉर्ट सर्किट से जलने की बात कही।

## कैरो, भंडरा प्रखंडो का भ्रमण कर फिर से कुडू पहुंचे गजराज, दहशत में ग्रामीण

खबर मंत्र संवाददाता



कुडू-लोहरदगा। बीते शनिवार को कुडू पहुंचा हाथियों दल को जिले के कैरो, भंडरा प्रखण्ड का दौरा कर तीसरे दिन मंगलवार की सुबह तड़के 6 बजे कुडू पहुंचने से कुडू कैरो सीमाने के दर्जन भर गांव के लोगों की नींद उड़ी हुई है और अपने घरों और फसलों की हिफाजत के लिए रातजग्गा करने पर मजबूर हैं। ज्ञात हो कि शनिवार की रात कुडू शहरी क्षेत्र में घुसे इस झुंड को ग्रामीणों ने किसी प्रकार भगाया था। जिसके बाद 22 हाथीयो का दल कुडू सीमा के सुकुरहुट्ट गांव में किसानों की मक्के की फसल को बुरी तरह रौंद कर तहस नहस कर दिया वहां से निकलकर कैरो और कुडू-कैरो बॉर्डर पर स्थित चाल्हो पतरा में एक स्कूल की चारदीवारी को आंशिक क्षति पहुंचाई और बाद में स्थानीय निवासी लक्ष्मण उरांव के घर को तोड़कर घर मे रखे अनाज को चट कर गए। कैरो प्रखंड के घसकट्टा में रात बिताई और सोमवार तड़के उतका नहर पार गजनी पहुंच अलग-अलग टोली बनाकर विचरण करते हुए भंडरा के नन्दिनी जलाशय पहुंचे वहां से वापस लौट कर सुबह 6 बजे कुडू कैरो मुख्य पथ से सटे सुकुरहुट्ट सतबिहिनी पतरा में डेरा जमाए हुए हैं। जिससे स्थानीय ग्रामीणों के अलावा उधर से गुजरने वाले राहगीरों तक टेंशन में है। विदित हो कि हाथियों का झुंड का कुडू-चंदवा सीमावर्ती क्षेत्र तथा कुडू कैरो क्षेत्र में प्राय पहुंच जाता है। लोगों का मकान तोड़ने के अलावा खेत में लगे फसलों को भी बर्बाद कर चलते बनते है। क्षेत्र में हाथियों का आतंक रहता है।

# कुरूमगढ़ थाना प्रभारी पर लगा एक ही परिवार के 4 सदस्यों को पीटने का आरोप

### वर्ष 2012-13 में माओवादियों ने जमीन पर कब्जा कर भगा दिया था: नरेंद्र

खबर मंत्र संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के सिविल सकरा गांव निवासी नरेंद्र सिंह ने कुरूमगढ़ थाना प्रभारी पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने नरेंद्र सिंह के परिवार के चार सदस्यों को जमीन विवाद को लेकर पिटाई की। जिसमें नरेंद्र सिंह का एक हाथ टूट गया है और उन्हें सुनाई भी कम दे रहा है। घायल नरेंद्र सिंह का इलाज गुमला सदर अस्पताल में हुआ। घायल नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वह रविवार को अपने जमीन पर अबुवा आवास निर्माण के लिए पिलर खड़ा कर रहे था। जमीन पर विवाद था लेकिन कोर्ट से डिगरी मिलने के बाद वे कार्य कर रहे थे। वह जमीन उन्हें भूदान में मिली थी। जिसपर बाप दादा के समय से उनका अधिकार चल रहा है। उसकी पत्नी दुर्गा देवी के नाम से अबुवा आवास दो माह पहले स्वीकृत हुआ है। जमीन पर अबुवा आवास निर्माण के लिए नींव खोदने के बाद पीलर उठाने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान गांव के ही रवींद्र सिंह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कार्य स्थल पर पहुंचकर घर निर्माण का काम करने से मना करने लगा। जमीन को लेकर विवाद बढ़ रहा था। जिसके बाद रवींद्र ने थाना को फोन किया। नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस फोर्स के साथ थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार चेतन कार्य स्थल पर पहुंचे और अनाप-शनाप बोलने लगा। घूस देकर अबुवा आवास लेने की बात कह रहे थे। इसी दौरान वहां उपस्थित मेरी बेटी आरूषि कुमारी को लपड-झपड किया और कार्यस्थल से दूर खड़े मेरे दामाद को बुलाकर भी मारपीट किया। जिसके बाद मुझे और मेरे बेटे भीष्म सिंह को थाना ले गया और जमकर पिटाई की। जिससे पूरा शरीर में बाम उखड़ गया है।



नरेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2012-13 में उसी जमीन को लेकर भाकपा माओवादी संगठन के लोगों ने उन्हें मारपीट कर गांव से भगा दिया था। इस दौरान वे तीन दिन व तीन रात परिवार के साथ भागकर अपना जीवन बचायें। उस समय क्षेत्र में माओवादियों की चलती थी और कुछ स्थानीय लोग उनसे मिले हुए थे। बाद में वे वापस आकर रहने लगे तो रवींद्र सिंह फिर से जमीन को लेकर विवाद कर रहे हैं।

#### एसडीपीओ को मामले की जांच का दिया गया है निर्देश : एसपी

इस संबंध में गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह ने ऑफ कैमरा बताया कि इस संबंध में चैपनुर एसडीपीओ को जांच का आदेश दिया गया है। जांच के बाद थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। कानून हाथ मे लेने का अधिकार किसी की नहीं है। वहीं चैनपुर एसडीपीओ से पूछे जाने पर उन्होंनें कहा कि इस विषय में मुझे कुछ जानकारी नहीं है।

## सिकल सेल एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ आज से

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। जिले में सिकल सेल एनीमिया जागरूकता को लेकर लोहरदगा सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो और आईटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर सिकल सेल एनीमिया की जानकारी साझा की गई। जिले में 19 जून से सिकल सेल एनीमिया को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमे जीरो से लेकर 40 वर्ष तक लोगो की जांच निशुल्क किया जाएगा। जिसके लिए सदर अस्पताल की ओर से पूरी तैयारी कर लिया गया है। 19 जून को कुजरा स्थित एकलव्य विद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा की जाएगी। सिकल सेल एनीमिया की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के सभी स्कूलों में शिविर लगाकर बच्चो की जांच की जायेगी ताकि जिले को एनीमिया पीड़ित लोगों की पहचान की जा सके। और उनकी उचित देखभाल हो सके।

## भंडरा में आंधी व बारिश से कई घर क्षतिग्रस्त

खबर मंत्र संवाददाता



भंडरा। जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के गडरपो पंचायत अंतर्गत अमदरी गांव में हुई तेज आंधी-बारिश से कई गरीब परिवारों का आशियाना उजड़ गया है। इसके साथ ही गांव में जल नल योजना के तहत लगा सोलर जलापूर्ति योजना, बिजली पोल भी उखड़कर सड़क पर बिखरे पड़े हैं। इससे गडरपो पंचायत में ब्लैक आउट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही कई परिवार के घरों के अल्बेस्टर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इससे लोगों को सर छुपाने के लिए दूसरे लोगों के घर को अपना आश्रय बनाना पड़ा है। अमदरी गांव के राजेश उरांव, आनंद कच्छप, विजय महतो, राजकुमार लोहरा के घर में लगा अल्बेस्टर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी सूचना मिलते ही गडरपो पंचायत मुखिया सुमित उरांव व पंचायत समिति सदस्य जीवन लकड़ा ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं के निदान करने का आश्वासन दिया है। साथ ही अंचल कार्यालय से आपदा के तहत मुआवजा राशि दिलाने को लेकर सहयोग करने की बात कही है।

### रेलवे ट्रैक के पास अधेड़ का शव बरामद, शादी समारोह में शामिल होने आया था मृतक



शव को देखने के लिए पहुंची भीड़।

लोहरदगा। जिले के सदर थाना पुलिस ने रेलवे ट्रैक के पास से एक अधेड़ का शव बरामद किया है। शव की पहचान लोहरदगा जिले के बगडू थाना अंतर्गत नीचे बगडू गांव निवासी महत्तमराम उरांव के पुत्र साहदेव उरांव (46 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि मार्निंग वाक के लिए निकले कुछ लोगों ने देखा कि लोहरदगा-किस्को मुख्य पथ में किस्को मोड़ पुराने रेलवे फाटक के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मृतक के शरीर में जख्म के कई निशान हैं। स्थानीय लोगों की मदद से शव की पहचान करने की कोशिश की गई। इसके बाद शव की पहचान साहदेव उरांव के रूप में हुई। जिसके बाद सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान हैं। पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि साहदेव उरांव मानसिक रूप से बीमार था। वह सोमवार को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बगडू थाना क्षेत्र के बेटहठ गांव में गया हुआ था। जहां से वह किसी तरह से लोहरदगा रेलवे स्टेशन पहुंच गया। यहां पर वह एक ट्रेन में बैठकर चंदवा जा रहा था। तभी किस्को रोड में रेलवे फाटक के समीप वह ट्रेन से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। घटना को लेकर मृतक के स्वजनों का भी बयान दर्ज किया गया है।

### भाजपा राष्टीय अध्यक्ष को दी बधाई

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा झारखंड विधानसभा के चुनाव को दृष्टिगत कर भारत सरकार के कृषि मंत्री तथा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी तथा असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा को सह प्रभारी के रूप में घोषणा किये जाने का स्वागत करते हुए बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि उनके प्रभारी के रूप में मनोनयन से झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है और वर्तमान झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस तथा राजद की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पूरी शक्ति से प्रतिबद्ध हो गए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि शिवराज सिंह तथा हेमंत विश्व शर्मा की सांगठनिक क्षमता का झारखंड में भरपूर लाभ मिलेगा। बधाई देने वालों में वरिष्ठ नेता बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, श्री चंद्र प्रजापति, राजमोहन राम, दीपक शर्मा, अनुपम प्रकाश कुंवर, देवाशीष कर, अजय पंकज, विनोद राय, परमेश्वर साहू संजय बर्मन, अशोक खत्री निधिकांत प्रसाद, शशि भूषण सिंह तथा अतुल कुमार शामिल हैं।

## किशोर अवस्था के युवाओं के नशा के चपेट में आने की अधिक संभावना : नूर आलम

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां की अध्यक्षता में मंगलवार को एस एस प्लस टू बालक उच्च विद्यालय गुमला के सभागार में मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। नूर आलम खां ने कहा कि नशा एक ऐसी समस्या है जिसकी चपेट में किशोर अवस्था में सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों के आने की संभावना होती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के समन्वय से कक्षा 9 से 12 के छात्रों पर विशेष नजर रखने तथा उनकी काउंसिलिंग करने की जरूरत है। साथ ही विद्यालय परिसर के आस पास मादक द्रव्यों या अन्य नशीले पदार्थो के विक्रय संबंधी यदि किसी तरह की संदिग्ध जानकारी मिलती है तो उच्च अधिकारियों को अवश्य सूचित करें। कार्यक्रम में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियश्री भगत, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किरण कुमारी एवं प्रीति कुजूर तथा एडीपीओ पियूष कुमार उपस्थित थे।

## 22 जून स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनायेगा आजसू पार्टी



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। आजसू पार्टी गुमला जिला समिति की बैठक स्थानीय परिसदन गुमला में जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 22 जून को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम गुमला के तीनों विधानसभा स्तर पर गुमला, सिसई और बिशुनपुर में आयोजित होगा। बैठक में जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, बोनीफास कुजूर, सचिन भगत, देवेंद्र सिंह, मनदीप महली राहत अफजा, बजरंग गोसाई, मिन्हाज खान, गोलु श्रीवास्तव, मनोज, दिलबाग, पिंकी कुजूर, माधुरी एक्का, दीप्ती रोश लकड़ा, रवि राम आदि मौजूद थे।

# लोन देने के नाम पर महिलाओं से लाखों की ठगी

### महिलाओं ने गुमला थाना पहुंचकर की शिकायत, पूरे जिले के विभिन्न प्रखंडों में ठगों ने बनाया था जाल

**रातों रात कार्यालय बंद कर भागे कंपनी के लोग, पैसे लेने पहुंची महिलाएं अपने को ठगा महसूस कर रही हैं**

खबर मंत्र संवाददाता




गुमला। लोन देने के नाम पर जिले के सैकडों महिलाओं से लाखों रूपये ठगी कर एमएसएम माइक्रो फाइनेंस कंपनी के लोग रातों रात अपना ब्योरिया बिस्तर उठाकर जिले से फरार हो गये। कंपनी के द्वारा गुमला शहर के सरना टोली में एक किराये के मकान पर कार्यालय खोला गया था और मंगलवार को महिला समूह के महिलाओं को लोन की राशि लेने के लिए सरना टोली बुलाया था। जब महिलाएं सरना टोली पहुंची तो देखा आफिस बंद है। जिसके बाद महिलाएं एकजुट होकर गुमला थाना पहुंची और एमएसएम माइक्रो फाइनेंस कंपनी पर ठगी करने की लिखित शिकायत की। महिलाओं ने बताया कि कंपनी के लोग उनके पास आये और कहा कि आप लोग लोन लेना चाहते हैं तो महिलाओं ने लेने की बात कही। जिसके बाद कंपनी के सदस्यों ने बताया कि उन्हें 65 हजार रूपया लोन दिया जाएगा। जिसमें शुद्ध नहीं लगेगा। जिसके लिए महिलाओं को साढे तीन हजार रूपया खाता खोलने के लिए देना पडेगा। महिलाओं ने बिना कुछ समझे लोन के चक्कर में साढे तीन हजार रूपये विभिन्न माध्यमों से कंपनी को भुगतान कर दिया। कंपनी के द्वारा उन्हें पैसे लेने के लिए सरना टोली आफिस बुलाया गया था। जहां पहुंचने पर महिलाओं को पता चला कि कंपनी का आफिस बंद है और सभी भाग चुके हैं। कंपनी के सदस्यों के द्वारा गुमला सदर प्रखंड के टोटो, बसुवा, डुमरडीह, अंबवा, छोटा खटंगा, सिसई प्रखंड के छारदा, बघनी, घाघरा प्रखंड, बसिया व विशुनपुर प्रखंड में बड़ी संख्या में महिलाओं को लेने देने के नाम पर पैसे ऐंठे हैं। जबकि एक भी महिला को लोन की राशि नहीं मिली। इतनी बड़ा खेल लोन देने के नाम पर हो गया और इसकी जानकारी कंपनी के भागने के बाद पता चला। आक्रोशित महिलाओं ने थाना से निकलकर मेट्रों चौक को जाम कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम लगा हुआ था। एमएसएम माइक्रो फाइनेंस कंपनी में ठगी करने वालों में बिहारी के सहरसा निवासी सुमन कुमार सिंह, राहुल कुमार, दिलखुश कुमार सहित कई लोग शामिल हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय लोहरदगा में होगा भव्य कार्यक्रम

खबर मंत्र संवाददाता



योग को लेकर तैयारी में जुटे स्कूल में लोग।

लोहरदगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय लोहरदगा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी महासचिव नीरू शांति भगत, पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रवीण सिंह होंगे। वही योग प्रोटोकॉल का अभ्यास योग के डॉक्टर अशोक आचार्य द्वारा कराया जाएगा। जिन्हें एम्स दिल्ली, इग्नू यूनिवर्सिटी, डीडीए दिल्ली, बहुत सारे सेलिब्रिटी को योग सिखाने का लगभग 15 साल का अनुभव है। इस वर्ष योग दिवस का ड्रेस कोड सफेद रहेगा। वही 2024 का योग का थीम-नारी सशक्तिकरण के लिए योग,योग दिवस पर महिलाओं के लिए विशेष योग एवं नेचुरोपैथी का उपचार बताया जाएगा। इस दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के योग के कोच मुकेश कुमार योगाचार्य द्वारा योग एवं एक्यूप्रेशर का निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। बच्चों का योग एवं नृत्य का सम्मिश्रण देखने को मिलेगा एवं महिलाओं द्वारा शुद्धि क्रिया का अभ्यास, एस आर एंटरप्राइजेज द्वारा टी-शर्ट का वितरण भी किया जाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से पहले बहाया पसीना

- सुपर 8 स्टेज में टीम इंडिया को खेलने हैं तीन मैच
- 20, 22 और 24 जून को होंगे भारत के मुकाबले

एजेंसी

**बारबाडोस।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली फॉर्म में वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। भारतीय टीम सुपर आठ चरण में हिस्सा लेने के लिए वेस्टइंडीज पहुंच चुकी है और टीम ने यहां पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कोहली, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया। कोहली का ग्रुप चरण में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और उन्होंने तीन पारियों में कुल पांच रन बनाए थे जिसमे अमेरिका के खिलाफ शून्य पर आउट होना शामिल है। भारत गुरुवार को यहां केनसिंग्टन ओवल में अपने पहले सुपर आठ मैच में अफगानिस्तान से खेलेगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि टी20 विश्व कप का सुपर आठ चरण थोड़ा व्यस्त होने वाला है लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं क्योंकि उनमें कुछ खास करने को लेकर वास्तविक उत्सुकता है। भारत अपने सुपर आठ अभियान की शुरूआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद 22 जून को एंटीगा में बांग्लादेश और 24 जून को सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।



## पिच के बारे में बात करते दिखे रोहित

न्यूयॉर्क की पिच की लगातार आलोचना हुई और अब ध्यान कैरेबियाई में छह स्थानों पर उपलब्ध कराई जा रही पिचों पर है। आइपीएल में 200 रन का स्कोर प्रतिस्पर्धी माना जाता है, लेकिन टी20 विश्व कप में केवल दो बार इस आंकड़े को छुआ गया और वह भी सिर्फ कैरेबिया में। यहां तक कि 150 रन के स्कोर का पीछा करना भी आसान नहीं रहा। इसे देखते हुए यह पूरी तरह से आश्चर्य की बात नहीं थी कि भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने नेट पर जाते समय अपने खिलाड़ियों से अभ्यास पिचों के बारे में पूछा। उन्होंने अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से पूछा, पिच कैसी है? बुमराह अभ्यास के लिए उपलब्ध कराई गई पिचों से खुश लग रहे थे।



## कोहली-जडेजा सबसे पहले नेट्स पर पहुंचे

### कुलदीप के एकादश में शामिल होने की उम्मीद

कलाई के स्पिनर कुलदीप का मामला अलग है क्योंकि उन्हें अभी तक प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि उनसे कैरेबियाई परिस्थितियों में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है जहां स्पिनरों को फायदा मिला है। माना जा रहा है कि वेस्टइंडीज में धीमी पिच को देखते हुए भारत प्लेइंग-11 में कोई बदलाव कर सकता है। हालांकि, कप्तान रोहित शर्मा आमतौर पर विजेता संयोजन में बदलाव नहीं करते हैं, इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम सुपर आठ में किसी बदलाव के साथ उतरती है या पुराना एकादश ही आगे मैदान पर उतरेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अपलोड किए गए एक वीडियो में रोहित ने कहा, पहला मैच खेलने के बाद हम अगले दो मैच तीन या चार दिन के अंतराल में खेलेंगे। यह थोड़ा व्यस्त होने वाला है लेकिन हम इन सभी चीजों के आदी हो चुके हैं। हम बहुत यात्रा करते हैं और बहुत खेलते हैं इसलिए यह कभी बहाना नहीं बनने वाला।

मैदान में वार्मअप करने के बाद कोहली जडेजा के साथ सबसे पहले नेट पर पहुंचे और पूर्व कप्तान ने कुलदीप और हार्दिक पांड्या का सामना करने से पहले कम से कम 30 मिनट तक थ्रोडाउन अभ्यास किया। जसप्रीत बुमराह के खिलाफ पुल का अभ्यास करने से पहले कोहली को एक्स्ट्रा कवर पर लॉफ्टेड ड्राइव खेलते देखा गया। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज की एक शॉर्ट गेंद को कोहली ने फाइन लेग क्षेत्र में हुक किया। इसके बाद दोनों खिलाड़ी मुस्कुराए। बगल के नेट पर बल्लेबाजी करते हुए जडेजा ने नेट गेंदबाज की लेग स्पिन के खिलाफ एक्स्ट्रा कवर पर स्लॉग स्वीप और इनसाइड आउट ड्राइव का प्रयास किया। जडेजा ने भी अब तक बल्लेबाजी या गेंदबाजी में कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं दिया है। भारत के अब तक के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज ऋषभ पंत ने नेट पर बुमराह, हार्दिक, कुलदीप और अक्षर पटेल का सामना किया। हार्दिक भी बल्लेबाजी के अभ्यास के लिए उतरे। सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल ने भी नेट पर बल्लेबाजी की। पूरे परिसर में हवा चलने के कारण सिराज और अर्शदीप सिंह ने गेंद को खूब स्विंग कराया।




### फ्लेमिंग बोले- सुपर 8 में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं कुलदीप यादव

**नयी दिल्ली।** स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के सुपर 8 के चरण में वेस्टइंडीज की पिचों से टर्न मिलने की संभावना है और ऐसे में विकेट लेने की अपनी क्षमता के कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। फ्लेमिंग ने कहा, अगर विकेटों से टर्न मिलता है जैसा कि टूनार्मेंट आगे बढ़ने के साथ उम्मीद की जा रही है, तो फिर कुलदीप इसमें विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता जोड़ सकते हैं।

## गंभीर ने भारतीय क्रिकेट टीम के कोच के लिए दिया साक्षात्कार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मंगलवार को बीसीसीआइ की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार ह्यजूम कॉल' पर हुआ जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआइ के एक सूत्र ने बताया, हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। मंगलवार को एक दौर की चर्चा हुई। बुधवार को एक और दौर होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है। सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए



गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आइसीसी टूनार्मेंट होने हैं। सीएसी उत्तर क्षेत्र से चयनकर्ता पद के लिए कुछ इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार भी ले रही है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज 42 वर्षीय गंभीर ने हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स को टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में आईपीएल ट्रॉफी दिलाई थी। मौजूदा भारतीय कोच राहुल द्रविड़ अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम का अभियान खत्म होने के बाद पद छोड़ देंगे। ग्रुप लीग चरण में अजेय रहने के बाद टीम फिलहाल सुपर आठ मुकाबले के लिए बारबडोस में है।

## वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान को हराया

एजेंसी

**ग्रॉस आइलेट।** निकोलस पूरन (98) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के 40वें मुकाबले में अफगानिस्तान को 104 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया है। डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज शुरूआत अच्छी नहीं रही और अजमतउल्लाह उमरजई ने ब्रैंडन किंग (7) को बोल्ड कर अफगानिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये निकोलस पूरन ने जॉनसन चार्ल्स के साथ तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिये 80 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में नवीन उल हक ने जॉनसन चार्ल्स को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। जॉनसन चार्ल्स ने 27 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए (43)की पारी खेली। 13वें ओवर में शे होप 17 गेंदों में (25) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान रोवमन पॉवेल ने 15 गेंदों में (26) रन बनाये। 20वें ओवर की चौथी गेंद पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से निकोलस पूरन रन आउट हो गये। उन्होंने 53 गेंदों में छह चौके और आठ छक्के लगाते हुए 98 रनों की पारी



खेली। आंद्रे रसल (3) और शरफेन रदरफोर्ड (1) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 218 रन का स्कोर खड़ा किया। यह टी-20 विश्वकप का सबसे बड़ा स्कोर है। अफगानिस्तान की ओर से गुलबदीन नईब ने दो विकेट लिये। नवीन उल हक और अजमतउल्लाह उमरजई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 219 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत भी खराब रही और उसने पहले ही ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये गुलबदीन नईब भी (7) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। अजमतउल्लाह उमरजई ने इब्राहिम जदरान के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में ओबेद मकॉए ने अफगानिस्तान को दो बड़े झटके दिये चौथी गेंद पर इब्राहिम जदरान और छठी गेंद पर नजीबउल्लाह जदरान को आउट किया। इब्राहिम जदरान ने 28 गेंदों में 38 रन बनाये। अजमतउल्लाह उमरजई ने 19 गेंदों में 23 रन बनाये। करीम जनत (14), राशिद खान(18) रन बनाकर आउट हुये। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के कहर के आगे अफगानिस्तान के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। अफगानिस्तान की पूरी टीम 16.2 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज ने 104 रनों के विशाल अंतर से यह मुकाबला जीत लिया। टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज की यह चौथी जीत है। वेस्टइंडीज की ओर से बनाया गया स्कोर टी-20 में अफगानिस्तान के खिलाफ किसी भी टीम का दूसरा सर्वाधिक स्कोर है। वेस्टइंडीज की ओर से ओबेद मकॉए ने तीन विकेट लिये। अकील हुसैन और गुडाकेश मोटी ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। आंद्रे रसल और अल्जारी जोसेफ को एक-एक विकेट मिला।

## आज दक्षिण अफ्रीका पर अजेय बढ़त बनाने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**बेंगलुरु।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित होगी। भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में हालांकि उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में लगातार खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने अपनी जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल पा रहा है।

### श्रेयस अय्यर की वापसी के राह खुले

**नयी दिल्ली।** गौतम गंभीर के भारतीय टीम का मुख्य कोच बनने से श्रेयस अय्यर के अंतरराष्ट्रीय कैरियर को नया जीवन मिल सकता है जो जुलाई अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे श्रृंखला के जरिए वापसी कर सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स को आइपीएल खिताब दिलाने वाले श्रेयस को 5 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली 5 मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भी चुना जा सकता है लेकिन श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए उनके चुने जाने की संभावना अधिक है। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद के सबसे प्रबल दावेदार गंभीर आइपीएल में केकेआर के मेंटोर थे। श्रेयस को ईशान किशन के साथ बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था चूंकि वे रणजी ट्रॉफी खेलने से कतरा रहे थे। श्रेयस ने रणजी फाइनल खेलकर 90 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी20 मैचों की श्रृंखला के लिये टीम का ऐलान अगले सप्ताह होगा।

### वापसी का एक मात्र रास्ता सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन: शर्मिला

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड शर्मिला देवी ने कहा कि राष्ट्रीय टीम में वापसी का एक मात्र रास्ता सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हरियाणा की युवा फॉरवर्ड ने राष्ट्रीय टीम से इतने लंबे समय तक दूर रहने के बारे में कहा, मैंने दिन-रात अपने खेल पर काम किया। मैं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनना चाहती थी। मैं बहुत स्पष्ट थी कि वापसी का यही एकमात्र रास्ता था और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना था। इसलिए मैंने वही किया। फॉरवर्ड के रूप में अपने कौशल के साथ मैंने खेल के रक्षात्मक पहलुओं पर भी काम किया।

### शुभंकर, भुल्लर ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नयी दिल्ली।** भारत के नंबर एक पुरुष गोल्फर शुभंकर शर्मा और हमवतन गगनजीत भुल्लर ने पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अगस्त में फ्रांस की राजधानी सेंट-क्वेंटिन-एन-यवेलिन्स में मुकाबले होने हैं। शुभंकर की आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग 222 है। उनके साथ गगनजीत भुल्लर भी शामिल होंगे जिन्होंने 54वीं ओलंपिक रैंक के साथ क्वालीफाई किया था और जो अपना ओलंपिक डेब्यू भी करेंगे। अदिति अशोक और दीक्षा डागर महिला टूनामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। 27 वर्षीय भारतीय शुभंकर डीपी वर्ल्ड टूर (पूर्व में यूरोपीय टूर) पर दो बार विजेता हैं और उनके नाम 8 करियर खिताब हैं। वह इस महीने एम्स्टर्डम में केएलएम ओपन और इटालियन ओपन में एक्शन में दिखाई देंगे, जो दोनों डीपी वर्ल्ड टूर का हिस्सा हैं। ओलिंपिक में जाने पर शुभंकर शर्मा ने कहा कि ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना सौभाग्य और सम्मान की बात है। जाहिर तौर पर यह एक सपने के सच होने जैसा है। मैं पिछले कुछ समय से इस दिन की तैयारी कर रहा हूं और उसी के अनुसार यूरोपीय दौरे के लिए अपने कार्यक्रम की योजना बना रहा हूं।

### आइसीसी रैंकिंग : स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची

**दुबई।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी आइसीसी की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। मंधना के 715 अंक हैं और वह श्रीलंका की चामरी अटापट्टू से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड की नताली स्काइवर-ब्रंट को अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा दी थी। इंग्लैंड की ऑलराउंडर स्काइवर-ब्रंट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 124 रन की शानदार पारी खेलकर अपना नंबर एक स्थान फिर हासिल किया। भारत की दीप्ति शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पूजा वस्त्राकर तीन पायदान ऊपर 38वें स्थान पर हैं।

### फ्रांस के एमबाप्पे की नाक टूटी, अगले मैचों में खेलने पर संदेह

**डसेलडोफ।** यूरो 2024 के ग्रुप चरण में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत करने के बावजूद, डिडिएर डेसचैम्प्स और उनकी फ्रांसीसी टीम चिंता में डूबी हुई है, क्योंकि उनके स्टार खिलाड़ी और कप्तान किलियन एमबाप्पे चोटिल होकर मैच से बाहर चले गए, जिससे संभावित रूप से आगामी खेलों में उनकी भागीदारी प्रभावित हो सकती है। फ्रांस ने सोमवार को ग्रुप डी के अपने पहले मैच में ऑस्ट्रिया पर 1-0 से जीत हासिल की, पहले हाफ में एमबाप्पे के क्रॉस से ऑस्ट्रियाई डिफेंडर मैक्सिमिलियन वोबर ने आत्मघाती गोल किया, जो मैच का विजयी गोल साबित हुआ। एमबाप्पे दूसरे हाफ में ऑस्ट्रियाई डिफेंडर केविन डैनसो से टकरा गए। टेलीविजन फुटेज में उनकी नाक चोटिल दिख रही थी और उनकी जर्सी खून से सनी हुई थी। डेसचैम्प्स ने मैच के बाद के साक्षात्कार में संवाददाताओं से कहा कि एमबाप्पे की नाक में गंभीर चोट लगी है। फ्रांसीसी मीडिया की शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार रात एमबाप्पे की नाक की सर्जरी नहीं हुई थी। हालांकि, अगले मैचों के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में रिपोर्ट अलग-अलग हैं।

## 2009 में भी टीम नाखुश थी लेकिन हम जीते थे : पाकिस्तान टीम में फूट पर बोले अफरीदी

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप के ग्रुप स्टेज में अपने प्रदर्शन के कारण आलोचनाओं का सामना कर रही है। पाकिस्तान के हारने के बाद खबरें आई कि खिलाड़ी एक दूसरे का समर्थन नहीं करते थे। मुख्य कोच गैरी कर्स्टन तक ने बोल दिया कि उन्होंने इतनी बदतर स्थिति किसी टीम में नहीं देखी। प्लेयर एक दूसरे से बात नहीं करते। अब इस मुद्दे पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने अपनी रखी बात रखी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट डालकर राष्ट्रीय टीम का हौसला बढ़ाने की कोशिश की है। शाहिद अफरीदी ने लिखा- 2009 में भी कुछ शुरूआती हार के बाद टीम नाखुश और थोड़ी निराश थी। यह यूनिस खान का नेतृत्व था जिसने इतिहास रचते हुए सभी को एक साथ लाया! अच्छा नेतृत्व किसी भी स्थिति में टीम का कायापलट कर सकता है!

## मैंने बहुत आलोचना झेला है : डेविड वार्नर

एजेंसी

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि वे यहां होने वाले टी20 विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे। उन्हें उम्मीद है कि वास्तविक क्रिकेट प्रेमी उन्हें ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखेंगे जिसने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से खेल को बदलने की कोशिश की जबकि वह एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे आलोचनाओं से जूझना पड़ा। इस साल की शुरूआत में टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने वाले वार्नर अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 37 साल के वार्नर को 2018 के सैंडपेपर गेट प्रकरण में शामिल होने के कारण क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक साल के लिए प्रतिबंधित किया था लेकिन राष्ट्रीय टीम में वापसी के बाद से उन्हें काफी सफलता मिली। वार्नर ने कहा, वापसी करते हुए 2018 से मैं शायद अकेला ऐसा खिलाड़ी रहा हूं जिसने बहुत आलोचना झेली है। उन्होंने कहा, ह्यजब मैं वापस आया तो मेरे लिए चीजें आसान नहीं थी और मुझे यह पता था।

मैंने अपने करियर में काफी कुछ झेला है। मैं शायद अकेला ऐसा खिलाड़ी रहा हूं जिसने बहुत आलोचना झेली है, चाहे वे लोग हों जो ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को पसंद नहीं करते या मुझे पसंद नहीं करते।

## पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय शॉटगन टीम घोषित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) ने मंगलवार को आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय शॉटगन टीम घोषित कर दी है। पृथ्वीराज टोंडाइमन ने पुरुष ट्रैप में जगह बनाई है जबकि राजेश्वरी कुमारी महिला ट्रैप में निशानेबाजी करेंगी। अनंतजीत सिंह नरुका भारत के एकमात्र पुरुष स्कीट निशानेबाज होंगे जबकि रायजा ढिल्लन और माहेश्वरी चौहान महिला स्कीट में हिस्सा लेंगी। इससे शॉटगन टीम को मिले पांच कोटा पूरे हो जाएंगे। माहेश्वरी और



अनंतजीत स्कीट मिक्स्ड टीम इवेंट में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में भी भाग लेंगे, जो पेरिस खेलों में पहली बार हो रहा है। संयोग से, नामित सभी पांच खिलाड़ी अपने पहले ओलंपिक खेलों में भाग लेंगे। एनआरएआई के महासचिव, सुल्तान सिंह ने कहा, स्थानों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और अगर हाल ही में संपन्न लोनाटो विश्व कप में कुछ निशानेबाजों ने पदक जीते होते तो चीजें बदल सकती थीं। लेकिन हमारा मानना है कि हमारे पास एक बेहतरीन शॉटगन टीम है, जिसने किसी भी खेल में भारत के लिए अब तक के सर्वोच्च स्थान जीते हैं और निश्चित रूप से इस अनुशासन में दूसरा ओलंपिक पदक एक मजबूत संभावना है। उन्होंने यह भी बताया कि महिला ट्रैप शूटर श्रेयसी सिंह के नाम को भी समिति ने मंजूरी दे दी है और एनआरएआई ने कोटा स्वैप के लिए आइएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल निकाय) को लिखा है। इस स्थिति में, आइएसएसएफ से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही उनका नाम प्रकाशित किया जा सकता है।

**भारतीय टीम इस प्रकार है**

- पुरुष ट्रैपः पृथ्वीराज तोंडाइमन
- महिला ट्रैपः राजेश्वरी कुमारी
- पुरुष स्कीटः अनंतजीत सिंह नरुका
- महिला स्कीटः रायजा ढिल्लन, माहेश्वरी चौहान
- स्कीट मिश्रित टीमः अनंतजीत सिंह नरुका, माहेश्वरी चौहान।

## नवनिर्वाचित विधायक पहुंची गढ़वा, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

# विधानसभा चुनाव सिर्फ लड़ना ही नहीं बड़ी जीत भी हासिल करनी है : कल्पना सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


संबोधित करती कल्पना सोरेन।

**गढ़वा।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री गांडेय विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन मंगलवार को गढ़वा पहुंची। यहां बिरसा मुंडा हेलीपैड पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित झामुमो नेताओं व कार्यकताओं उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। महिला कार्यकताओं ने तिलक लगाकर एवं पत्तों से बनी झारखंड के पारंपरिक टोपी पहनाकर स्वागत किया। श्रीमती सोरेन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पहुंचीं। यहां कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से संवाद भी की। श्रीमती सोरेन हुसैनाबाद में आयोजित कार्यक्रम में जा रही थीं। यहां से श्रीमती सोरेन एवं मंत्री श्री ठाकुर दोनों हुसैनाबाद के लिए रवाना हो गए। गढ़वा आगमन पर कल्पना सोरेन ने झामुमो कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा और हेमंत जी की अनुपस्थिति में आपकी मेहनत ने ही गत लोकसभा चुनाव में बेहतर सफलता दिलाई है। अब हम सबों के सामने विधानसभा का चुनाव है। जिसे भी उसी जोश और जज्बे के साथ केवल लड़ना ही नहीं बल्कि अद्वितीय सफलता हासिल करनी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा रूपी एक पड़ाव को तो हमने सभी वरीय नेता और अपने जुझारू कार्यकताओं के बदौलत पार कर लिया। अब दूसरा पड़ाव विधानसभा का चुनाव है। लेकिन चुनाव में जुटने के साथ साथ अभी राज्य की जनता को काफी लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार के मुख्यमंत्री बेहतर काम कर रहे हैं। जनहित की कई नई योजनाएं शुरू की जा रही हैं। अभी राज्य के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। श्रीमती सोरेन ने कहा कि हमें बातें कम और काम ज्यादा करना है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनीति में सबकी अपनी अपनी नीति और रणनीति होती है। साथ ही चुनाव के बाद सभी अपनी-अपनी तरह से समीक्षा करते हैं, बैठकें होती हैं। इसमें कई तरह की बातें होती हैं। लेकिन मुझे उस पर ध्यान देने के बजाए खुद पर गौर करना है कि आने वाले समय में हमारे सामने क्या चुनौती है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सभी नेताओं को लोकसभा चुनाव के बाद बखूबी समझ में आ गया है कि हमें कितनी मेहनत करने की जरूरत है। क्योंकि विधानसभा का चुनाव झारखंड के लिए बहुत बड़ा पड़ाव है। उसे कैसे ज्यादा से ज्यादा सीट के साथ पार करना है। इसे सुनिश्चित करना जरूरी है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चैबे, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, नितेश सिंह, दीपमाला, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, दिलीप गुप्ता, चंदा देवी, फरीद खान, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### प्रधानमंत्री मोदी नालंदा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर का कल करेंगे उद्घाटन

**नालंदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार 19 जून को बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर का उद्घाटन करेंगे। वर्ष 2016 में नालंदा के भग्नावशेष को संयुक्त राष्ट्र विरासत स्थल घोषित किया गया था। विश्वविद्यालय की परिकल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) देशों के बीच एक संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है। इस उद्घाटन समारोह में 17 देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य शामिल होंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी। परिसर में 40 कक्षाओं वाले दो शैक्षणिक ब्लॉक हैं, जिनकी कुल बैठने की क्षमता लगभग 1900 है। इसमें 300 सीटों की क्षमता वाले दो सभागार हैं। इसमें लगभग 550 छात्रों की क्षमता वाला एक छात्र छात्रावास है। इसमें अंतरराष्ट्रीय केंद्र, 2000 व्यक्तियों तक की क्षमता वाला एम्फीथिएटर, फैकल्टी क्लब और खेल परिसर सहित कई अन्य सुविधाएं भी हैं। यह परिसर एक नेट जीरो ग्रीन कैंपस है। यह सौर संयंत्र, घरेलू और पेयजल शोधन संयंत्र, अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए जल पुनर्चक्रण संयंत्र, 100 एकड़ जल निकाय और कई अन्य पर्यावरण अनुकूल सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भर रूप से कार्य करता है। नालंदा विश्वविद्यालय का इतिहास से गहरा संबंध है। लगभग 1600 वर्ष पूर्व स्थापित किए गए मूल नालंदा विश्वविद्यालय को विश्व के प्रथम आवासीय विश्वविद्यालयों में से एक माना जाता है। यह बिहार ही नहीं भारतवर्ष का वैभव रहा है।

### केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को डॉ रजनीश रंजन ने बधाई दी



**सहरसा।** केन्द्र की मोदी मंत्रिमंडल में पहली बार शामिल बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पटना आवास पर मंगलवार को कोशी इलाके में मदन मोहन मालवीय के नाम से प्रसिद्ध लोकप्रिय शिक्षाविद डॉ रजनीश रंजन ने भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामना दिया। उन्होंन कहा कि आप जैसे समाज के पिछड़ेपन की हमेशा आवाज बुलंद करने वाले नेता से बिहार ही नहीं देश के हर आवाम को विकास की बड़ी उम्मीद जगी है। उन्होने कहा तीसरी बार देश में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की सत्ता पर काबिज से देश को चौमुख विकास के पर आगे ले जाने में आपकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। केंद्रीय केबिनेट मंत्री जीतन राम मांझी ने डॉ रजनीश के इस आत्मीय मुलाकात और बधाई संदेश पर काफी प्रशंन्नता व्यक्त की।

### भाजपा का होगा लोकसभा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष : गिरिराज सिंह

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कोटवा स्थित कदम चौक पर हनुमान मंदिर के पास मंगलवार को केंद्रीय कपड़ा मंत्री सह बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बीजेपी के फायर ब्रांड नेता जो इस बार हैट्रिक बनाते तीसरी बार मोदी सरकार में मंत्री पद का शपथ लिये है। मंत्री सिंह ने कुछ सवालों का जवाब देते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनो ही भारतीय जनता पार्टी का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए अपने तीसरी पारी में भी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। देश में विकास की गति को और तेज किया जाएगा। मंत्री अपने पुराने अंदाज में दिखे। वे केसरिया के सिसवा पटना गांव में अपने दिवंगत निजी सचिव राजकुमार दिग्विजय उर्फ प्रिंस कुमार सिंह के घर शोक संवेदना व्यक्त कर लौट रहे थे। इस बीच कदम चौक के पास पहले से खड़े सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता हाथों में फूल माला लिए नेता का इंतजार कर रहे थे। मंत्री का काफिला रुकते ही लोगो ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। मंत्री ने लोगो का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर कल्याणपुर के पूर्व विधायक सचिंदर प्रसाद सिंह , भाजपा नेता अखिलेश कुमार सिंह,किसान वीरेंद्र प्रसाद सिंह,अमित कुमार विनोद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मेरे परिवार को फंसाने की साजिश रची जा रही है : बीमा भारती

**पूर्णिया।** पूर्व मंत्री और राजद नेत्री बीमा भारती ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनके परिवार को फंसाने की साजिश रची जा रही है और इसमें सरकार के लोगों का हाथ है। दरअसल, रूपौली में एक व्यवसायी की हत्या के मामले में पुलिस ने बीमा भारती के पटना स्थित आवास पर छापेमारी की। इस दौरान बीमा भारती काफी आक्रोशित हो गईं और पुलिस पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि एक महिला के आवास पर बिना महिला पुलिस के घुसना कानून नहीं है। इस लिए वह मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाएंगी। बीमा भारती का आरोप है कि पुलिस बिना नोटिस के उनके घर पहुंची और धमकी दी। उन्होंने कहा कि क्या वह अपराधी या आतंकवादी को छिपा कर रखी हैं? बीमा भारती ने साफ कहा कि उनके परिवार को जानबूझकर फंसाया जा रहा है, क्योंकि वह जदयू से नाता तोड़ चुकी हैं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच बीमा भारती ने एक बड़ा ऐलान भी किया है। उन्होंने कहा कि वह सौ प्रतिशत राजद के प्रत्याशी के रूप में रूपौली से विधायक का चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि वह रूपौली की जनता को अकेले नहीं छोड़ेंगी बल्कि उनके साथ आंदोलन भी करेंगी। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि वह इस साजिश का डटकर मुकाबला करेंगी। इस तरह बिहार की राजनीति में एक बार फिर गरमाहट आ गई है। बीमा भारती पर आरोपों के बाद उनकी प्रतिक्रिया से माहौल और गरम होता नजर आ रहा है। आगे क्या होता है, यह देखना दिलचस्प होगा।

### 9.66 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का विधायक ने रखा आधारशिला



**अररिया।** फारबिसगंज के अड़राहा पंचायत के धनहा गांव में धार के ऊपर 9 करोड़ 66 लाख 82 हजार रुपए की लागत से बनने वाले पुल का आधारशिला मंगलवार को फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी ने रखा। नाबार्ड योजनान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल का 101.25 मीटर लंबे पुल निर्माण का काम एसबी इंजिकॉन प्राइवेट लिमिटेड नामक निर्माण कंपनी करेगी। योजना बेलाई से संथाली टोला बेलाई चौक से चैनेज 25 सौ किलोमीटर पर पुल निर्माण का है। मौके पर फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी ने कहा कि अड़राहा सहित अगल-बगल के पंचायत के लोगों को यह अति प्राचीन मांगों में से एक मांग था। पुलों के अभाव में साल के छह महीने यहां की लोगों की जिंदगी ठहर सी जाती थी। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार किए गए मांग के आलोक में पुल निर्माण की दिशा में उन्होंने सकारात्मक प्रयास किया। जिसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा और 2026 तक पुल निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 11 पुलों का शिलान्यास होना तय है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगे रहने के कारण विकास कार्य प्रभावित था और चुनाव संपन्न होने के बाद विकास कार्यों में अब और अधिक तेजी आयेगी। मौके पर मनोज झा, मनोज पांडेय, अमित निराला, मंडल अध्यक्ष बिपिन मेहता, अरविंद साह, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र झा, शक्तिकेंद्र प्रमुख अवधेश विश्वास, गोपाल मंडल, मनोज मेहता, सूचेन यादव, बूथ अध्यक्ष संजीत सरदार, माहेश्वरी यादव, विस्तारक जयप्रकाश यादव सहित कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा


योग करते लोग।

**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला इकाई गढ़वा की एक बैठक मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र परिसर स्थित योग कक्षा में जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 21 जून को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्य तरीके से मनाने पर चर्चा की गई। इस संबंध में नागेंद्र तिवारी ने बताया कि विचार विमर्श के बाद गढ़वा टाउन हॉल के मैदान में 21 जून को प्रातः 5:00 बजे से 7:00 बजे तक जिला प्रशासन के साथ मिलकर सामूहिक योग कराने का निर्णय लिया गया। इसके पूर्व 19 तथा 20 जून को उक्त मैदान में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने नगर के सभी नर-नारी, प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं, सरकारी कर्मियों, सामाजिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के साथ साथ मीडिया कर्मियों से कार्यक्रम में ससमय भाग लेने के लिए अपील करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। बैठक में संतोष पांडेय, सुशील केषरी, उपकार गुप्ता, श्रवण कुमार, शिवनारायण यादव, गोपाल मिश्रा, सूर्यदेव दुबे, दिलीप कुमार तिवारी, सत्यनारायण दुबे आदि उपस्थित थे।

### राजेंद्र आर्लेकर और नीतीश ने बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि

**पटना।** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जयंती पर बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर मंगलवार को राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। बिहार विधानमंडल परिसर स्थित डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर राज्यपाल श्री आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शत-शत नमन किया।

### पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई




**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मंगलवार को ईमेल से दी गयी। इसके बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। धमकी भरे ईमेल के मिलने की पुष्टि पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने की है। धमकी देने वाले ने मेल के माध्यम से पटना समेत देश के 40 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी है। पटना एयरपोर्ट के निदेशक को दोपहर 01:10 बजे धमकी भरा ईमेल आया। इसके बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई। पटना पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम स्क्वॉड की टीम पटना एयरपोर्ट पर पहुंची और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु एयरपोर्ट परिसर में बरामद नहीं हुआ। डीएसपी सचिवालय ने बताया कि मेल पर एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली थी। पुलिस सहित अन्य तमाम जांच एजेंसियां अपने-अपने स्तर से जांच में जुट गईं लेकिन कुछ भी संदेहास्पद वस्तु नहीं मिला। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि किसने यह मेल भेजा था और उसका मकसद क्या था।

## सोशल वर्कर संस्था ने किया भंडारा का आयोजन



वितरण करते संस्था के सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में प्रसाद के रूप में पूड़ी-सब्जी व बुन्दिया वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रिंस गुप्ता तथा पल्लवी गुप्ता ने भंडारा में सहयोग किया। मौके पर मनीष गुप्ता ने कहा कि इससे पहले भी मैं फूड फॉर हंगर साप्ताहिक भंडारा में भाग ले चुका हूं। जरूरतमन्दों के बीच भोजन वितरण कर काफी मन प्रफुलित हुआ। पल्लवी ने कहा कि मेरे जन्मदिन को खास बनाने के लिए मैं संस्था की पूरी टीम को बधाई देती हूं। प्रिंस गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार का कार्य करने के लिए किसी अवसर की आवश्कता नहीं है। इस प्रकार का कार्य निरंतर जारी रहना चाहिए। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। इस कार्य में महिलाये ओर हमारी बहने भी हाथ बंटा रही है। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, प्रिंस कश्यप, उमेश कश्यप, उमंग सोनी, राज कश्यप, लक्की मधेसिया, सत्यम कश्यप, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

## चलंत लोक अदालत के माध्यम से जागरूकता शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


जानकारी देते पीएलवी।

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा अध्यक्ष, एवं सचिव के आदेशानुसार जिले के रमकंडा प्रखंड परिसर में चलंत लोक अदालत के माध्यम से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अधिवक्ता बलबीर चैधरी ने नशा मुक्ति, नशा उन्मूलन एवं आपदा पीड़ितों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने कहा कि निःशुल्क कानूनी सहायता दिलाने तथा वैसे गरीब व्यक्ति जिनका ब्लॉक, अंचल में नामांतरण हो या सीमांकन हो तथा थाना एवं जिला से कोई कार्य लंबित है, वे अपना आवेदन चलंत लोक अदालत या सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा को दें। आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निःशुल्क कानूनी सहायता दिलाने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा। इस दौरान एलएडीसी चीफ ने सभी कानूनी बिंदुओं पर जानकारी दी। पीएलवी संगीता सिन्हा ने बालिका गृह के बारे में जानकारी दी। मौके पर प्रखंड प्रमुख, मुखिया, जन प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कलम की जगह कट्टा थमाने वाले नौकरियों पर बोल रहे झूठ : जदयू

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार पर बिहार के युवाओं के हाथों में कलम की जगह कट्टा थमाने का आरोप लगाया तथा प्रदेश में बड़ी संख्या में शिक्षकों की हुई बहाली का श्रेय लेने को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पर हमला बोला और कहा कि गरीबों से उनकी जमीनें लिखवा कर चौथे दर्जे की नौकरी देने वाले युवराज को यह तक नहीं पता कि शिक्षकों की बहाली के फाइल पर उनके मंत्री के दस्तखत तक नहीं हैं। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने मंगलवार को कहा कि अपने राज में बिहार के युवाओं के हाथों में कलम की जगह कट्टा थमा देने वाले राजद के युवराज (तेजस्वी यादव) नीतीश सरकार की नौकरियों पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। गरीबों से उनकी जमीनें लिखवा कर चौथे दर्जे की नौकरी देने वाले युवराज को यह तक नहीं पता कि शिक्षकों की बहाली के फाइल पर उनके मंत्री के दस्तखत तक नहीं हैं।

## बिरसा ट्रेनिंग सेंटर में प्रमाण पत्र वितरित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


संबोधित करते अतिथि।

**डंडई।** बिरसा ट्रेनिंग सेंटर डंडई में मंगलवार को प्रमाण पत्र वितरण सह विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जेआरएस टेक्नोलॉजी प्राइवेट स्टेट हेड विकास सिंह, जिला पार्षद मोहन पासवान, बीस सूत्री अध्यक्ष मो. क्यामुद्दीन अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि घुरबीगन बैठा, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, मुखिया प्रतिनिति महेश राम व अंचल निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात नए बैच के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान सहित अन्य प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया। वही अतिथियों के द्वारा परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि सरकार का उद्देश्य मात्र प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र देना नहीं है बल्कि ट्रेनिंग प्राप्त कर चुके सभी छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल के लिए स्वरोजगार एवं नौकरी से जोड़ना भी मुख्य उद्देश्य है। वही प्रोजेक्ट हेड विकास सिंह ने कहा कि डंडई प्रखंड के लिए यह बहुत ही सुनहरा पल है। यह ट्रेनिंग सेंटर खुलने से पहले यहां के बच्चे दूसरे जिला में जाकर ट्रेनिंग प्राप्त करते थे परंतु अब यहीं पर रहकर सिलाई और कंप्यूटर का ट्रेनिंग प्राप्त करके स्वरोजगार एवं नौकरी से जुड़ सकते हैं। मौके पर सेंटर मैनेजर शिवम सिंह, सूरज सिंह, ट्रेनर सबिला बानो, सुनील कुमार, पंकज ठाकुर, सीता देवी सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थे।

# मोदी सरकार ने 10 साल में किसानों के खाते में दिया सवा तीन लाख करोड़ : गिरिराज सिंह

**एजेंसी**



**पूर्वी चंपारण।** मोदी सरकार किसानों की हितैषी है, जिसने अपने विगत 10 साल के कार्यकाल में सवा तीन लाख करोड़ रुपये किसानों के खाते में दिया है। मक्का का एमएसपी आठ रुपये से बढ़ाकर 22 रुपये करने का काम किया है। किसानों को केसीसी के मामले में सात लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये करने का काम किया है। मोदी सरकार ने पंडित दीनदयाल के सपनों को पूरा किया है। आप सभी जिस स्थान पर है वह आज कृषि धाम बन गया। यह सब देखकर मुझे अफसोस है कि मैं भी मोतिहारी का किसान होता। उक्त बाते केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने पीपरा कोठी स्थित केविके परिसर में पीएम मोदी द्वारा बनारस में किसान सम्मान निधि के 17वीं किस्त जारी करने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि पूर्व पीएम राजीव गांधी कहते थे कि मैं एक रुपया भेजता हूं तो नीचे तक मात्र 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में सीधे लाभुकों के खाते सौ फीसदी राशि पहुंचती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार कपड़ा उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह, कुलपति डा पीएस पांडेय, विधायक प्रमोद कुमार, श्यामबाबू यादव व केविके प्रमुख डा अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर भारत सरकार के मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने हिन्दू दलित के आरक्षण को काटकर मुस्लिमो को देने का काम किया है। पिछले लोकसभा चुनाव में देशभर में संविधान बदलने के नाम पर अफवाह फैलाकर सनातनियों को कमजोर करने का काम किया गया। उन्होने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए किसानों को मजबूत करना जरूरी है। वही पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि गांव, गरीब और किसान का विकास मोदी की पहली प्राथमिकता है।मुठ्ठीभर लोगों के हांथों जो सुख सुविधा कैद थी उसे मोदी सरकार घर घर पहुंचाने का काम किया है। छोटी जोत के किसानों को प्रति वर्ष छः हजार रुपये दिया गया। आज सत्रहवीं किस्त में इस जिले के चार लाख 44 हजार 495 किसानों के खाते में 91.46 करोड़ सीधा उनके खाते में डाले जाएंगे। मौके पर विधायक श्यामबाबू यादव, प्रमोद कुमार,केविके प्रमुख डा अरविंद कुमार सिंह,पीडीडीयू वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन डा रमेश कुमार झा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व किसान मौजूद थे।

# काशी ने तीसरी बार चुना प्रधानसेवक

## मां गंगा ने मुझे गोद लिया, तीसरी बार बना प्रधानमंत्री : मोदी

**दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार किसी सरकार को लगातार तीसरी बार चुना गया**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वाराणसी से तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को काशी पहुंचे। उन्होंने देशभर के किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इसके बाद काशी की जनता का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री मंगलवार को वाराणसी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पहली बार मैं काशी आया हूं। बाबा विश्वनाथ, मां गंगा और काशी की जनता के आशीर्वाद से मुझे तीसरी बार देश का प्रधानसेवक बनने का मौका मिला है। काशी की जनता ने मुझे जिताकर धन्य कर दिया। ऐसा लगता है कि अब तो माता गंगा ने भी मुझे गोद ले लिया और मैं यहीं का हो गया हूं। मैं आपका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि इस बार देश के चुनावों ने नया इतिहास रच दिया है। दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास में यह पहली बार है कि किसी सरकार को लगातार तीसरी बार चुना गया हो। भारत की जनता ने यह कर दिखाया है। उन्होंने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि वे दिन-रात ऐसे ही मेहनत करेंगे और लोगों के सपनों और संकल्पों को पूरा करने के लिए हर प्रयास करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना बन गई है। उन्होंने कहा कि हम पैकेज्ड फूड के वैश्विक बाजार में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उनका सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कुछ अनाज या फल उत्पाद होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक कृषि सखी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कृषि सखी कन्वर्जेंस कार्यक्रम (केएससीपी) का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं का कृषि सखी के रूप में सशक्तिकरण करते हुए कृषि सखी महिलाओं को पैरा-एक्सटेंशन वर्कर के रूप में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करके, ग्रामीण भारत की तस्वीर को बदलना है। यह प्रमाणन पाठ्यक्रम लखपति दीदी कार्यक्रम के उद्देश्यों के भी अनुरूप है। कृषि सखी के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी 12 राज्यों में ये योजना शुरू हुई हैं। आने वाले समय में पूरे देश में हजारों समूहों को इससे जोड़ा जाएगा। आज 3 करोड़ बहनों को लखपति बनाने की तरफ भी बहुत बड़ा कदम उठाया गया है। कृषि सखी के रूप में बहनों की नई भूमिका उन्हें सम्मान और आय के नए साधन दोनों से सुनिश्चित करेगी।

काशी से अपने रिश्ते की बात करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें लगता है कि मां गंगा ने जैसे उन्हें गोद ले लिया है। वे यहीं के हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद, काशीवासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है।



बनारस में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते यूपी के सीएम योगी आदित्यानाथ।

### पहली बार राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बने अन्नदाता : योगी

**वाराणसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 2014 में पहली बार अन्नदाता किसान देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बने हैं। स्वायल हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तक अनेक योजनाओं के जरिए किसानों के जीवन में परिवर्तन कर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में जो प्रयास प्रारंभ हुए, उसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं। योगी ने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने काम के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मां गंगा के यशस्वी पुत्र नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यों के माध्यम से भारत को दुनिया के अंदर नई पहचान दिलाई है।

## स्पीड न्यूज

### अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार भारतीय सिनेमा के बहुमुखी अभिनेताओं में से एक हैं , और अब वे अपनी आगामी फिल्म 'सरफिरा' के जरिये बड़े पर्दे पर एक अनोखी कहानी लाने के लिए पुरो तरह तैयार हैं, जो स्टार्ट-अप और एविएशन के डायनामिक वर्ल्ड पर आधारित है। 12 जुलाई को दुनिया भर में के सिनेमाघरों में सरफिरा अपनी दमदार कहानी से लोगों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सरफिरा का ट्रेलर रिलीज हो गया है । इस फिल्म अक्षय कुमार के साथ परेश रावल, राधिक्का मदान, आर. सरथ कुमार और सीमा बिस्वास भी शामिल है।'सरफिरा' का निर्देशन सुधा कोंगारा ने किया है, जो बिलिंगुअल फिल्म 'इरुधि सुत्रु' (तमिल) और 'साला खडूस' (हिंदी) के साथ-साथ नेशनल अवार्ड विनिंग फिल्म सोरारई पोटरु (तमिल )जैसी फिल्मों में अपनी असाधारण कहानी कहने के लिए जानी जाती हैं।

### चीन में भारी वर्षा के लिए येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन के कुछ क्षेत्रों में मंगलवार को भारी वर्षा के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार, मंगलवार दोपहर दो बजे से बुधवार दोपहर दो बजे तक अनहुई, जियांग्सू, शंघाई, झेजियांग, हुबेई, जियांग्शी, हुनान, गुआंग्शी और ग्वांगडोंग हिस्सों में मूसलाधार बारिश होने का अनुमान है। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में तूफान आने और 70 मिलीमीटर या उससे अधिक प्रति घंटे तक भारी वर्षा होने के आसार हैं।

### दिल्ली में झुलसाने वाली गर्मी का कहर जारी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में लोगों को फिलहाल झुलसाने वाली गर्मी के कहर और लू के थपेड़ों से राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे है। मौसम विभाग ने राजधानी में सोमवार को भीषण गर्मी के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया था, जो आज भी जारी है। राजधानी और आसपास के इलाकों में दिन और रात के तापमान में उछाल देखा गया है। सोमवार की रात इस मौसम की सबसे गर्म रात थी, जिसने पिछले छह सालों का रिकॉर्ड टूट तोड़ दिया। दिल्ली में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री तक पहुंच गया और अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। दिल्ली में दिन में लू के थपेड़ों से लोग परेशान है।

### डाकघर अधिनियम 2023 हुआ लागू

**नयी दिल्ली।** नागरिक केन्द्रित सेवाओं, बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं के लाभ प्रदान करने के लिए एक सरल विधायी ढांचा तैयार करने तथा पत्रों के संग्रह, प्रोसेसिंग और वितरण के विशेषाधिकार जैसे प्रावधानों को समाप्त करने वाला डाकघर विधेयक, 2023 प्रभावी हो गया है। जानकारी के अनुसार डाकघर अधिनियम, 2023 प्रभावी हो गया है और डाकघर अधिनियम, 1898 को निरस्त हो गया है।

### पूरी : देवी नदी में एक ही परिवार के तीन बच्चे बहे

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में हुई एक दर्दनाक घटना में जिले के अस्तारंगा पुलिस थाना क्षेत्र के बालिडिया गांव के एक परिवार के तीन नाबालिग बेटे मंगलवार को देवी नदी की तेज धारा में बह गए। खबरों के अनुसार तीनों नाबालिग नदी में नहाने गए थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान ओम बेहरा (14), रोहन बेहरा (13) और कान्हा बेहरा (12) के रूप में हुई है।

### इटावा में कोयला लदी मालगाड़ी में लगी आग

**इटावा।** दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर स्थित उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के इकदिल रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को खड़ी कोयला लदी मालगाड़ी के एक कोच में आग लगने से हड़कंप मच गया।

# मोदी 30 जून को करेंगे मन की बात

**माईगोव ओपन फोरम या नमो एप पर अपने विचार साझा करें**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्र में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद 30 जून को एक बार फिर आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यकम मन की बात में देशवासियों के साथ विचार साझा करेंगे। श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खुद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीने के अंतराल के बाद मन की बात की एक बार फिर से वापस हो रही है। इस महीने का कार्यक्रम 30 जून को होगा। आप सब इस कार्यक्रम के लिए माईगोव ओपन फोरम या नमो एप पर अपने विचार साझा करें। आप 1800117800 पर अपने संदेश रिकार्ड भी कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने वर्ष 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद देशवासियों के साथ संवाद के लिए आकाशवाणी पर मासिक कार्यक्रम मन की बात शुरू किया था। उनके दूसरे कार्यकाल में भी यह कार्यक्रम हर महीने प्रसारित किया गया। उनका दूसरा कार्यकाल पूरा होने से पहले गत मार्च में आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने पर यह कार्यक्रम बंद हो गया था। मोदी ने इसी महीने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है और इसी महीने से अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण शुरू करने की घोषणा कर दी है। यह मन की बात की 111 वीं कड़ी होगी।

### भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है कृषि और किसान उसकी आत्मा : शिवराज

**वाराणसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को वाराणसी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और किसान उसकी आत्मा है। भाजपा का तो मानना है कि किसान ही भगवान है और उनकी सेवा भगवान की पूजा है। उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद काशी पधारने वाले नरेंद्र मोदी का स्वागत करता हूं। आज तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम पहली बार आए हैं तो मौसम भी बदल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं देश के सभी किसान भाइयों की तरफ से प्रधानमंत्री का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। इसी भाव से लगातार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगी है। किसान और खेती के प्रति प्रतिबद्धता है कि पहली फाइल उन्होंने किसान सम्मान निधि की साइन की।

# नीट में 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो तो उचित कार्रवाई करें : सुप्रीम कोर्ट

**▸▸ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए इस मामले को जल्द निपटायें एनटीए : कोर्ट**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गंभीर अनियमितताओं के आरोपों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 रद्द कर इसे दोबारा आयोजित कराने की मांग वाली एक याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से कहा कि भले ही किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उसे स्वीकार करें और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित समय पर उचित कार्रवाई कर इस मामले को पूरी तरह निपटाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से आगे कहा कि ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं।

शीर्ष अदालत ने पांच मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर चार जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा कि एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो हां कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है।

शीर्ष अदालत ने मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए आयोजित नीट यूजी 2024 में अनियमितता के आरोप लगाने वाली इस याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि वह (एनटीए) इस मामले में आत्ममंथन करे। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान केंद्र और एनटीए से कहा कि वे निष्पक्षता से काम करें और अगर नीट यूजी 2024 में कोई गलती हुई है तो उसे स्वीकार करें और छात्रों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित कार्रवाई करें। पीठ ने कथित तौर पर परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने और परीक्षा की तैयारियों में अन्य अनियमितताओं के कारण नीट यूजी 2024 को रद्द करने की मांग वाली इस याचिका पर केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई अन्य संबंधित याचिकाओं के साथ आठ जुलाई को करेगी। गौरतलब है कि इससे पहले शीर्ष अदालत ने नीट परीक्षा में देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को 13 जून को मंजूरी दी थी। पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की (ग्रेस अंक पाने वाले विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा कराने की) याचिकाओं पर केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद यह अनुमति दी थी।



# सेना के पास होगा स्किन बैंक

**▸▸ हादसे या हमले में जलने वाले जवानों को मिलेगा लाभ**

**▸▸ सैन्य कर्मियों के परिवारों को आग से हुई गंभीर जलन और त्वचा से संबंधित होगा इलाज**

**नयी दिल्ली।** लगातार आधुनिक हो रही भारतीय सेना के पास अब स्किन बैंक भी होगा। यह सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के भीतर स्थापित की जाने वाली अपनी तरह की पहली सुविधा है। इसका लाभ हादसे या हमले में जलने वाले जवानों को मिल सकेगा। इसके साथ-साथ त्वचा रोग से ग्रस्त सैनिक कर्मियों को भी लाभ मिलेगा। नई दिल्ली स्थित सेना अस्पताल (अनुसंधान और रेफरल) ने मंगलवार को इस अत्याधुनिक स्किन बैंक सुविधा केंद्र को खोलने की घोषणा की। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को आग से हुई गंभीर जलन और त्वचा से संबंधित अन्य बीमारियों में इलाज करना है। इस स्किन बैंक में प्लास्टिक सर्जन, टिश्यू इंजीनियर और विशेष तकनीशियनों सहित उच्च प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम काम करेगी। यह सुविधा केन्द्र गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करेगा, जिससे स्किन ग्राफ्ट की मजबूती और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। नया स्किन बैंक स्किन ग्राफ्ट के संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए एक केंद्रीकृत केंद्र के रूप में काम करेगा। जो देशभर में सैन्य चिकित्सा केंद्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान करेगा। इस सुविधा केन्द्र की स्थापना करने के जरिए सशस्त्र बल यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कर्मियों और उनके परिवारों को सबसे उन्नत स्किन रिप्लेसमेंट उपचार की सुविधा प्राप्त हो सके।



## आर्मी व एयरफोर्स को मिलेंगे 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर

नयी दिल्ली। आर्मी और एयरफोर्स को 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर मिलेंगे। रक्षा मंत्रालय ने एचएएल से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर की प्रॉक्योरमेंट के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया है। इन 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर में से 90 हेलीकॉप्टर थल सेना के लिए और 66 हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना के लिए लिए जा रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले इसी वर्ष रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके 1ए की खरीद के लिए टेंडर जारी किया है। इन विमानों का निर्माण भी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा भारतीय वायुसेना के लिए किया जाएगा। कुल 97 हल्के लड़ाकू विमानों की खरीद की जानी है। इसकी अनुमानित लागत लगभग 67 हजार करोड़ रुपए है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने तेजस एमके 1ए लड़ाकू विमानों की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। वहीं प्रचंड हेलीकॉप्टरों की बात करें तो इन्हें पाकिस्तान व चीन से लगी भारतीय सीमाओं पर तैनात किया जा सकता है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि प्रचंड हेलीकॉप्टर्स के शामिल होने से थल सेना और वायु सेना को और अधिक बल मिलेगा। फिलहाल सेना के पास ऐसे केवल 15 हेलिकॉप्टर्स हैं। इनमें से 10 हेलीकॉप्टर वायुसेना और पांच थल सेना के पास हैं। सेना की ताकत को लगातार बढ़ावा देते हुए करीब तीन साल पहले वायुसेना ने फरवरी 2021 में 48 हजार करोड़ रुपये में 83 एमके 1ए लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया था। 28 मार्च को पहले तेजस एमके 1ए विमान ने बेंगलुरु में पहली उड़ान भरी थी।

## 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ हुआ खिलवाड़ : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के पेपर लीक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और श्री मोदी इस पर हैरान करने वाला मौन साधे हुए हैं। श्री गांधी ने मंगलवार को कहा कि नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेन्द्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। इसको लेकर बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं।

Er. Partha Pal



B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: 98351 29422
e-mail: palpartha078@gmail.com
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।

# नये शिखर पर पहुंचा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 77000 के पार और निफ्टी ने बनाया नया रिकार्ड

**मिडकैप 0.43 % चढ़कर 46,255 और स्मॉलकैप 0.96 फीसदी छलांग लगा 51,694 पर पहुंचा**

एजेंसी

**मुंबई ।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों का ब्याज दर को लेकर आने वाले वक्तव्य के इंतजार में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, यूटिलिटीज और दूरसंचार समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज नये शिखर पर पहुंच गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 308.37 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 77,301.14 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। निफ्टी 92.30 अंक की बढ़त के साथ 23,557.90 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 46,255.30 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत मजबूत होकर 51,694.00 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4150 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2167 में लिवाली जबकि 1836 में बिकवाली हुई वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां हरे जबकि 16 लाल निशान पर बंद हुई। बीएसई के 15 समूहों में तेजी रही। इससे कमोडिटीज 0.07, सीडी 0.90, ऊर्जा 0.07, वित्तीय सेवाएं 0.73, इंडस्ट्रियल्स 0.83, आईटी 0.57, दूरसंचार 1.00, यूटिलिटीज 1.05, बैंकिंग 0.83, कैपिटल गुड्स 0.73, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.27, पावर 0.71, रियल्टी 2.11, टेक 0.38 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.74 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 0.43, जापान का निक्केई 1.00 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.48 प्रतिशत मजबूत रहा। हालांकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 243 अंक की तेजी के साथ 77,235.31 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 77,071.44 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर से पहले 77,366.77 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,992.77 अंक की तुलना में 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 77,301.14 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 105 अंक चढ़कर 23,570.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,499.70 अंक के निचले जबकि 23,579.05 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।



### फिच ने भारत का विकास अनुमान 7.2 प्रतिशत किया

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। पहले उसने मौजूदा वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया था। वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल भरे माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था दूसरे देशों के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। फिच की ओर से जारी अनुमान में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 2025-26 और वित्त वर्ष 2026-27 में क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत रह सकती है। महंगाई पर रेटिंग एजेंसी का कहना है कि इस वर्ष के आखिर में खुदरा महंगाई दर 4.5 प्रतिशत पर आ सकती है।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !